संस्थापक- स्व. श्री राजेंद्र के. गोधा

अजमेर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, सीकर, बीकानेर, अलवर, भरतपुर, टोंक से एक साथ प्रसारित | डाक संस्करण | वर्ष : 47 | अंक : 204 | पेज-12 | मूल्य : 2.50 रु.

विश्वास आपका... साथ हमारा...

आर.एन.आई.नं. 35236/80

समाचार जगत

www.samacharjagat.com

जयपुर, शनिवार, 28 नवम्बर 2026, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2083

RERA No.: RAJ/P/2023/2387

सोने में मिलावट हो सकती है

जमीन में नहीं।

दैनिक भास्कर

जयपुर 17-11-2026

भास्कर इन्वेस्टिगेशन रिपोर्टर ने चीन से मंगवाया रेनियम, मिलावट कराकर गहना बनवाया, 22 कैरेट की शुद्धता आई, जबकि 20 कैरेट होना था

सोने में अदृश्य मिलावट... 7.8 ग्राम सोने में एक ग्राम रेनियम पाउडर मिलवाया, बढ़कर 8.8 ग्राम हुआ, न हॉलमार्किंग मशीन पकड़ पाई, न ही कोई सुनार

आप जो सोना खरीद रहे हैं, क्या वह वाकई 100% शुद्ध है? या फिर आपकी गाढ़ी कमाई के गहनों में मिलावट जा रहा है चीन का एक ऐसा 'सीक्रेट पाउडर'... जिसे पकड़ पाना हॉलमार्किंग मशीनों के लिए भी नामुमकिन है? भास्कर ने पड़ताल की तो इसमें मिलावट का खुलासा हुआ। चीन के शेन्जेन शहर के एक चीनी एजेंट से यह पाउडर मंगाया गया।

जोधपुर में एक ज्वैलर्स के सहयोग से सोने में मिलाकर वजन बढ़वाया। फिर हॉलमार्क सेंटर पर जांच कराई तो मशीन इस पाउडर की मिलावट पकड़ ही नहीं पाई। यानी सोने में जितना यह मिलाया गया, उतना ज्यादा वजन का सोना बता दिया गया। सोने के कारोबार से जुड़ी लैब एसोसिएशन से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि चीनी पाउडर रेनियम को मिलाकर देश में सोना बिकने लगा है। ऐसे में ग्राहकों के साथ ठगी हो रही है। बता दें कि हमारे देश में रोज 2 हजार से 2200 किलो सोना बिकता है।

चीनी एजेंट से संपर्क किया तो भारत में ही दलाल बताए



Supplier of rhenium powder (Shenzhen - China)

पाउडर की मिलावट होने पर रिपोर्टर ने चीन के शेन्जेन शहर के एजेंट से बात की। उसने बताया, हमारे यहां रेनियम फैक्ट्री है। सोने में इसे 25% तक मिलाने पर भी यह पकड़ में नहीं आएगा। दाम पूछे तो बताया, दो तरह के रेनियम हैं। एक 3 हजार डॉलर का 100 ग्राम व दूसरा 3400 डॉलर का 100 ग्राम। भारत के कई शहरों में उसके डीलर हैं और यह आसानी से वहां मिल जाएगा। *(चीनी एजेंट के मोबाइल नंबर और उस पर हुई चैट भास्कर के पास है।)*

मुंबई से मंगवाया रेनियम

रिपोर्टर ने चीनी एजेंट के बताए अनुसार मुंबई, अहमदाबाद सहित अन्य जगह संपर्क किया। बाद में मुंबई में एक एजेंट से सैंपल के तौर पर एक ग्राम रेनियम ऑर्डर किया। उसने रेनियम के 5 हजार और 300 रुपए कूरियर चार्ज लेकर पैकेट जोधपुर भेजा।

आठ बनवाई, मशीन मिलावट नहीं पकड़ पाई



रेनियम मिला दाहने।



रेनियम मिला गहना।

रेनियम मिलने के बाद उसे सोने में मिलाने को लेकर प्रयोग कराए। 7.830 ग्राम 24 कैरेट पानी शुद्ध सोने में 1 ग्राम पाउडर मिलवाया। इससे वजन 8.830 ग्राम हो गया। इसका टेस्ट कराया गया तो यह 24 कैरेट सोना निकला। ज्वैलर ने 22 कैरेट की ज्वैलरी बनाने के लिए इसमें 0.75 ग्राम धातु मिक्स की और 9.580 ग्राम की देसी आठ (राजस्थानी राजपूती गहना) तैयार कराई।

हॉलमार्क सहित 6 जांच कराई, चांदी-तांबा-जस्ता मिला पर रेनियम नहीं



जांच रिपोर्ट

1 91.6% **हॉलमार्किंग टी :** रेनियम मिक्स ज्वैलरी की जांच कराई। वहां 92K916 का हॉलमार्क जाली हो गया। यह 22 कैरेट सोने के लिए है।

2 **ब्रांडेड शोरूम में 22 कैरेट गोल्ड खरीदा :** सवाईपुरा चौ रोड स्थित एक ब्रांडेड ज्वैलरी शोरूम की मशीन में भी इसे 22 कैरेट की आठ बताया। बेचने पर 22 कैरेट के हिसाब से 1.17 लाख रुपए देने और एक्सचेंज कर खरीदारी करने पर 1.23 लाख रुपए का ऑफर दिया।

3 **93.70% सोना और चांदी :** नई सड़क स्थित शोरूम में कैरेट मशीन से जांच कराई। वहां 93.70% सोना, 5.39% चांदी व 0.90% तांबे की पुष्टि हुई। रेनियम का उल्लेख नहीं। शेष | पेज 6

पूरी खबर का वीडियो देखने के लिए अपने मोबाइल फोन से इस QR कोड को स्कैन करें।

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

10 लाख की छूट
सिर्फ़ 3 दिन बाकी

FLAT STARTS
~~74 Lacs~~ @64 Lacs

KOTHI STARTS
~~1.18 Cr~~ @1.08 Cr

दिसंबर तक 2 करोड़ की होगी कोठी

PRODUCT TYPE	UNIT TYPE	SIZE	ACTUAL PRICE	CLEARANCE SALE PRICE
WALK-UP APARTMENT	2 BHK (GF)	1350 Sq Ft	74 Lacs	64 Lacs
	3 BHK (SF)	1900 Sq Ft	84 Lacs	74 Lacs
	3 BHK (FF)	1900 Sq Ft	92.5 Lacs	82.5 Lacs
KOTHI	3 BHK BIG	2000 Sq Ft	1.18 Cr	1.08 Cr
	4 BHK BIGGER	2325 Sq Ft	1.41 Cr	1.31 Cr
	4 BHK BIGGEST	3200 Sq Ft	1.85 Cr	1.75 Cr

KEDIA® | 1800-120-2323 | info@kedia.com | www.kedia.com | 78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

न्यूज गैलरी

रायपुर पंचायत समिति में भाजपा का परचम, केसर देवी जाट बनीं नई प्रधान



भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो . रायपुर पंचायत समिति को नया प्रधान मिल गया है। प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी केसर देवी जाट ने जीत दर्ज कर पंचायत समिति की कमान संभाली। चुनाव परिणाम के अनुसार केसर देवी जाट को कुल 10 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के संदीप त्रिवेदी को 4 मतों से संतोष करना पड़ा। मतदान प्रक्रिया के दौरान 1 मत नोटा में भी डाला गया। कांग्रेस के बहुमत के बीच सियासी उलटफेर : रायपुर पंचायत समिति में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी की यह जीत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच मिली इस सफलता में विधायक लादू लाल पितलिया की चुनावी रणनीति को भी अहम माना जा रहा है। जीत के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विनायक ग्रुप ऑफ एजुकेशन में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट शुरू

फतेहपुर शेखावाटी, समाचार जगत ब्यूरो . चूरू रोड स्थित विनायक ग्रुप ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ हुआ। संस्था अध्यक्ष महेश शर्मा के सानिध्य में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण और मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। एमडी राहुल शर्मा ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया तथा एथलेटिक्स की अंतरसदनीय प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक मनोज कुमार ढंढ, प्राचार्या डॉ. अनुपमा शर्मा, स्कूल प्रिंसिपल अरुण शर्मा, अनिल नायर, रश्मि नायर, अंजु शर्मा, संजयपाल हुड्डा, उमेश कुमार शर्मा सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



बाल विवाह मुक्त रतनगढ़ का संकल्प, 100 लोगों ने ली शपथ



रतनगढ़, समाचार जगत ब्यूरो . अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह निषेध दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति, रतनगढ़ की ओर से राजकीय अस्पताल के टीकाकरण केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 लाभार्थियों व आमजन को बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल विवाह के दुष्परिणामों व रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। शिविर में बाल विवाह की रोकथाम और निशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 व चूरू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 8306002110 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी अधिकार मित्र जितेन्द्र कुमार नाथोलिया, पैनल अधिवक्ता गौतम कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पम्मी कोचर, महिला व बाल विकास विभाग से सुशीला सांगवान व सीमा सिहाग सहित अन्य उपस्थित रहे।

सात पंचायत समितियों में कांग्रेस के प्रधान व एक में भाजपा

सिरोही, समाचार जगत ब्यूरो . पंचायतीराज चुनाव 2026 के तहत शुक्रवार को जिले में समस्त पंचायत समितियों में प्रधान का निर्वाचन हुआ, जिसमें सिरोही पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी नेहा (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 11 मत व बेब कुंवर (भारतीय जनता पार्टी) को 04 मत प्राप्त हुए व आबूरोड पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी मेवली (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 19 मत व लाली (निर्दलीय) को 04 मत व गंगाबेन गरासिया (निर्दलीय) को कोई मत प्राप्त नहीं हुआ व रेवदर पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी गणपत सिंह(भारतीय जनता पार्टी) को 14 मत व जितेन्द्र कुमार (निर्दलीय) को 07 मत प्राप्त हुए व कालन्द्री पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी अमीया देवी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 09 मत व हरजी भाई मोदी (भारतीय जनता पार्टी) को 06 मत प्राप्त हुए व पिण्डवाडा पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी चित्रा शेखावत (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 14 मत व नवली कुमारी (भारतीय जनता पार्टी) को 05 मत प्राप्त हुए वही भावरी पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी शान्तिलाल (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 13 मत व हीराराम (भारत आदिवासी पार्टी) को 06 मत प्राप्त हुए तथा मण्डार पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी शिल्पा कुमारी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 10 मत व अमृतलाल (भारतीय जनता पार्टी) को 05 मत प्राप्त हुए व शिवगंज पंचायत समिति में विजयी प्रत्याशी दीवान कंवर(इंडियन नेशनल कांग्रेस) निर्विरोध निर्वाचित हुई। इसी प्रकार उप प्रधान के लिए संबंधित पंचायत समितियों में बैठक 28 नवम्बर 2026 को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय 11 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 11.30 बजे से, नाम निर्देशन पत्र वापसी का समय दोपहर 1 बजे तक तथा मतदान का समय यदि आवश्यक हो तो दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे के मध्य रहेगा।

राठौड़ ने अपने बेटे-बहू को सांठगांठ कर चुनाव जिताया : तंवर

चूरू, समाचार जगत ब्यूरो . लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता गिरधारी लाल तंवर रहस्योद्घाटन करते हुए बताया कि अनेक पार्टियों से परिक्रमा कर भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस के बड़े नेताओं से सांठगांठ कर अपने पुत्र व पुत्र वधू को चुनाव जीता दिया बदले में चूरू जिले में भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया है। तंवर ने कहा कि धनबल के आधार पर कम बहुमत होने के बाद भी अपनी बहू को जिला प्रमुख बनाना बताता है कि करोड़ों में मामला गया है। अभी हाल ही में राष्ट्रीय लोकतंत्र पार्टी के सुप्रीमो बेनीवाल ने भी कांग्रेस नेताओं का राठौड़ से मिले होने पर खुलेआम आरोप लगाया था। तंवर ने कहा कि कनिका राठौड़ युवा है और आने वाले समय में कोई बड़ी बात नहीं है कि राठौड़ उन्हें या उनके पुत्र पराक्रम को विधानसभा में टिकट दिलाए ओर वर्तमान विधायक सहारण ढोल बजाते ही रह जाए। तंवर ने रतनगढ़ के पूर्व विधायक व उप मुख्यमंत्री रहे हरिशंकर भाभड़ा को भी भीतरघर कर चुनाव में हराने का भी जिक्र किया।

अरांई के बालापुरा गांव में दर्दनाक हादसा

अरांई, समाचार जगत ब्यूरो . थाना क्षेत्र के बालापुरा गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां गहरी तलाई में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बेटे कालू पुत्र धारू के तलाई में गिरने पर पिता धारू पुत्र शिवराज उसे बचाने के लिए गहरी तलाई में उतर गया। इस दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अरांई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों के शवों को तलाई से बाहर निकलवाया। इसके बाद दोनों शवों को किशनगढ़ के यज्ञनारायण अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर छा गई।

भुसावर में कांग्रेस की आशा शर्मा बनीं प्रधान

भाजपा की पवन देवी को मिले पांच मत

समाचार जगत ब्यूरो



भुसावर. पंचायतीराज चुनाव 2026 के तहत प्रधान पद के लिए शुक्रवार 27 नवम्बर को भुसावर पंचायत समिति में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जहां मतगणना के बाद कांग्रेस की आशा शर्मा प्रधान पद पर निर्वाचित हुई। जिन्होने भाजपा की पवन देवी को 9 मतों से शिकस्त दी।

प्रधान पद के लिए हुए मतदान में भाजपा को 5 मत तो कांग्रेस को 14 मत मिले। भुसावर पंचायत समिति में प्रधान का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के चलते अब लगातार दूसरी बार भुसावर में महिला प्रधान के रूप में आशा शर्मा विजयी हुई हैं। इससे पहले सुफेदी देवी प्रधान बनी थीं। पंचायतीराज चुनाव 2026 के चलते भुसावर में प्रधान पद के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। जहां प्रातः 10 बजे रिटर्निंग अधिकारी राधेश्याम मीणा के समक्ष कांग्रेस के सिम्बल पर वार्ड संख्या 14 से सदस्य बनी आशा शर्मा ने अपना नामांकन कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पूर्व मंत्री व सांसद भजनलाल जाटव के साथ पहुंचकर प्रस्तुत किया। वहीं भाजपा के सिम्बल पर वार्ड संख्या 5 से सदस्य चुनी गई पवन देवी ने प्रधान पद के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन प्रस्तुत किया। जहां नियमानुसार संवीक्षा के बाद सभी नामांकन पत्र सही पाये गए और चुनाव चिंह आवंटित हुए। भुसावर में पंचायत समिति प्रधान के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत एक से अधिक नामांकन पत्र होने के चलते मतदान प्रक्रिया तय समयानुसार शुरू हुई। जहां भुसावर पंचायत समिति के 19 वार्डों में नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

निर्वाचन विभाग द्वारा जारी नियमो का पालन करते हुए मतदान सम्पन्न करवाया गया और मतगणना हुई। जहां मतगणना में कांग्रेस की आशा शर्मा को 14 मत व भाजपा की पवन देवी को 5 मत मिले। जिसके बाद रिटर्निंग अधिकारी राधेश्याम मीणा ने कांग्रेस की आशा शर्मा का भुसावर पंचायत समिति का प्रधान निर्वाचित होने की घोषणा करते हुए निर्वाचन की शपथ दिलवाई और निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा।

आज होगा उपप्रधान का चुनाव : भुसावर पंचायत समिति में आज 28 नवम्बर को उपप्रधान का चुनाव होगा। जिसके लिए भुसावर में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है।

बहुमत के बावजूद कांग्रेस हारी, भाजपा की दुर्गा कंवर बनीं प्रधान

जालोर पंचायत समिति में बड़ा सियासी उलटफेर

23 सदस्यीय पंचायत समिति में कांग्रेस के पास थे 13 सदस्य, भाजपा के 10 सदस्यों ने पलटा चुनावी समीकरण, भाजपा को मिले 13 और कांग्रेस को 10 मत

समाचार जगत ब्यूरो



जालोर. जालोर पंचायत समिति के प्रधान पद के चुनाव में बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला। चुनाव से पहले बहुमत के आंकड़े में कांग्रेस मजबूत स्थिति में थी, लेकिन प्रधान पद के चुनाव में भाजपा ने बाजी मारते हुए अपना कब्जा जमा लिया। भाजपा की दुर्गा कंवर प्रधान निर्वाचित हुईं। चुनाव परिणाम ने स्थानीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर पंचायत समिति में कुल 23 सदस्य हैं। चुनाव से पहले कांग्रेस के पास 13 सदस्यों का समर्थन था, जबकि भाजपा के पास 10 सदस्य थे। इस लिहाज से कांग्रेस का पलड़ा भारी माना जा रहा था, लेकिन मतदान के दौरान समीकरण पूरी तरह बदल गए। परिणाम में भाजपा को 13 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस के पक्ष में 10 मत आए। इस तरह भाजपा की दुर्गा कंवर ने प्रधान पद पर जीत दर्ज कर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया।

क्रॉस वोटिंग ने पलटी बाजी

जालोर पंचायत समिति के इस चुनाव में सबसे खास बात यह रही कि कांग्रेस के पास सदस्यों की संख्या अधिक होने के बावजूद वह प्रधान पद हासिल नहीं कर सकी। वहीं भाजपा ने अपने निर्धारित आंकड़े से तीन अधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम के बाद राजनीतिक गलियारों में क्रॉस वोटिंग और बदले हुए राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

14 पंचायत समितियों में कांग्रेस का दबदबा : गौरतलब है कि जिले की कुल 14 पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 पंचायत समितियों में जीत दर्ज की थी, जबकि भाजपा को केवल एक पंचायत समिति में सफलता मिली थी। ऐसे में जालोर पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में भाजपा की यह जीत जिले की राजनीति में बड़ा उलटफेर मानी जा रही है। बहुमत के आंकड़ों के विपरीत आए इस परिणाम ने पंचायत समिति की राजनीति में नए समीकरण सामने ला दिए हैं।

भाजपा को 7 और बसपा को मिले 4 मत

नैनवां पंचायत समिति में कांग्रेस के राजाराम मीना प्रधान निर्वाचित



समाचार जगत ब्यूरो

नैनवां. बूंदी जिले की नैनवां पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस के राजाराम मीना ने चार मतों से जीत दर्ज कर प्रधान पद पर जीत दर्ज की। प्रधान पद के लिए कांग्रेस के राजाराम मीना, भाजपा की नेहा शर्मा और बसपा के हरिराम मीना के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ।

पंचायत समिति के कुल 23 सदस्यों में से 22 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी राजाराम मीना को 11 मत, भाजपा प्रत्याशी नेहा शर्मा को 7 मत तथा बसपा प्रत्याशी हरिराम मीना को 4 मत मिले। इस प्रकार राजाराम मीना ने भाजपा की नेहा शर्मा को चार मतों से पराजित कर प्रधान पद पर जीत हासिल की। गौरतलब है कि पंचायत समिति चुनाव के परिणाम में कांग्रेस ने 10 सीटों पर, भाजपा ने 8, बसपा ने 4 तथा एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी।

इसके बाद भाजपा के टिकट पर निर्वाचित राजाराम मीना ने पाला बदलते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस ने उन्हें प्रधान पद का प्रत्याशी घोषित किया। राजाराम मीना ने कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ते हुए प्रधान पद पर जीत दर्ज की।

भाजपा की केशरी देवी को 3 मतों से हराया

फतेहपुर पंचायत समिति में कांग्रेस की भंवरी देवी बनीं प्रधान



फतेहपुर शेखावाटी, समाचार जगत ब्यूरो. पंचायत समिति फतेहपुर में शुक्रवार को प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित भंवरी देवी ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा की केशरी देवी को तीन मतों से हराकर प्रधान पद पर कब्जा जमाया। मतदान में भंवरी देवी को 9 वोट मिले, जबकि केशरी देवी के पक्ष में 6 मत पड़े।

पंचायत समिति में कुल 15 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के पांच, कांग्रेस के चार, निर्दलीय पांच और आरएलपी का एक सदस्य शामिल है। कांग्रेस ने निर्दलीय प्रत्याशी भंवरी देवी को अपना चुनाव चिह्न दिया था। वहीं भाजपा की ओर से शुरुआत में कमला देवी और केशरी देवी ने नामांकन दाखिल किया था। बाद में पार्टी ने केशरी देवी को अधिकृत प्रत्याशी बनाया।

चुनाव को लेकर पंचायत समिति परिसर के बाहर पुलिस का कड़ा बंदोबस्त रहा। परिसर में केवल पंचायत समिति सदस्यों को प्रवेश दिया गया। डिप्टी नोपा राम भाकर, कोतवाली थानाधिकारी महेंद्र सिंह और सदर थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा। निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित प्रधान भंवरी देवी को शपथ दिलाई। के समर्थकों ने उनकी जीत पर बधाई दी।

जिले की सात में से पांच समितियों में कांग्रेस का कब्जा

2 पंचायत समितियों में भाजपा ने मारी बाजी



ब्यावर, समाचार जगत ब्यूरो. ब्यावर जिले में शुक्रवार को पंचायतराज चुनाव के तहत पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव के लिए जिले की सात पंचायत समितियों में चुनाव करवाएं गए। चुनावों में जिले की पांच पंचायत समितियों नरबदखेडा, रास, बदनोर, मसूदा तथा रायपुर में कांग्रेस पार्टी ने बाजी मारते हुए अपने प्रधान बनाए है। इसी प्रकार जिले की जवाजा तथा जैतारण पंचायत समिति में भाजपा ने बाजी मारी है। नरबदखेडा में लक्ष्मी देवी, रास में मंजू देवी, बदनोर में गोपाली देवी, मसूदा में प्रवीण सिंह, रायपुर में हीना बानो, जैतारण में संतोष सिरवी तथा जवाजा में सुशीला देवी प्रधान बनी है। शुक्रवार को प्रधान पद के चुनाव में नरबदखेडा तथा जैतारण में सियासी उलटफेर देखने को मिला। नरबदखेडा में कांग्रेस के पास 7 सदस्य होने के बावजूद सियासी उलटफेर के तहत कांग्रेस पार्टी ने दांव खेलते हुए निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी को अपना प्रत्याशी बनाकर 8 का बहुमत का आंकडा प्राप्त करते हुए प्रधान बनाने में सफल रही। इसी प्रकार प्रदेश के काबिना मंत्री अविनाश गहलोत के गृह क्षेत्र जैतारण में गहलोत ने एक बडा दांव खेलते हुए कांग्रेस के टिकट से चुनाव जीतने वाली प्रत्याशी संतोष सिरवी को अपना प्रत्याशी बनाकर वहां भाजपा का प्रधान बनाने में सफलता हासिल की। जैतारण में 21 वार्डो वाली पंचायत समिति में कांग्रेस पार्टी के पास बहुत का आंकडा होने के बावजूद वहां पर भारतीय जनता पार्टी की संतोष सिरवी को 11 तथा कांग्रेस की सुमन देवी को 10 मत मिले।

भाजपा की ममता शर्मा को नौ मतों से हराया; कांग्रेस को 15, भाजपा को छह वोट

दौसा पंचायत समिति में अनीता गुर्जर प्रधान निर्वाचित

समाचार जगत ब्यूरो



दौसा. दौसा पंचायत समिति के प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस की अनीता गुर्जर ने भाजपा की ममता शर्मा को नौ मतों से हराकर पद हासिल किया। अनीता गुर्जर को 15 मत मिले, जबकि ममता शर्मा के पक्ष में छह सदस्य रहे। अनीता गुर्जर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कंवरपाल गुर्जर की पुत्रवधू हैं।

पंचायत समिति के 21 सदस्यों के बीच हुए मतदान में कांग्रेस प्रत्याशी को पार्टी के 11 सदस्यों के अलावा निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन मिला। भाजपा के पांच सदस्यों में से छह मत भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में पड़े। दौसा पंचायत समिति में वर्तमान कांग्रेस के 11, भाजपा के पांच और निर्दलीय पांच सदस्य हैं। परिणाम के बाद अनीता गुर्जर

दौसा में कांग्रेस का दबदबा, 14 में से 11 पंचायत समितियों में प्रधान पद पर कब्जा

दौसा. पंचायत समिति प्रधान पदों के चुनाव में कांग्रेस ने दौसा जिले में स्पष्ट बढ़त हासिल करते हुए 14 में से 11 पंचायत समितियों में प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को तीन समितियों में सफलता मिली। परिणामों ने जिले के ग्रामीण राजनीतिक समीकरण में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को रेखांकित किया है।

कांग्रेस ने बैजूपाड़ा, रामगढ़ पचवारा, लालसोट, नांगल राजावतान, महवा, लवाण, मंडावर, बसवा, सिकराय, सिकंदरा और दौसा पंचायत समितियों में प्रधान पद हासिल किया। वहीं शिवसिंहपुरा, मनोहरपुर खेड़ला और बांदीकुई में भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे।

दौसा पंचायत समिति में कांग्रेस की अनीता गुर्जर ने भाजपा की ममता को नौ मतों के अंतर से हराया। अनीता को 15, जबकि ममता को 6 मत मिले। इसी तरह सिकंदरा में कांग्रेस के मलखान 16 मतों के साथ विजयी रहे। सिकराय में कांग्रेस की अर्चना ने 14 मत हासिल कर प्रधान पद जीता। बसवा में कमला देवी को 10, मंडावर में संतरा को 12 और महवा में सत्यनारायण को 12 मत मिले। लालसोट में कांग्रेस की चंद्रकांता 15 मत लेकर निर्वाचित हुईं, जबकि रामगढ़ पचवारा में सीता ने 13 मत हासिल किए। नांगल राजावतान में रजनी बैरवा को 11 और लवाण में नारंगी देवी को 8 मत मिले। भाजपा को शिवसिंहपुरा, मनोहरपुर खेड़ला और बांदीकुई में जीत मिली। मनोहरपुर खेड़ला में भाजपा की रागिनी जाटव निर्विरोध निर्वाचित हुईं। शिवसिंहपुरा में निशा मीना ने 8 और बांदीकुई में अर्जुन लाल ने 12 मत हासिल कर जीत दर्ज की। 14 पंचायत समितियों के परिणामों में कांग्रेस की 11-3 की बढ़त ने जिले की पंचायत राजनीति में पार्टी की मजबूत पकड़ को सामने रखा है।

चुनावी गणितः 21 सदस्यीय पंचायत समिति में कांग्रेस प्रत्याशी को 15 मत मिले, जो कुल मतदान का स्पष्ट बहुमत है। भाजपा प्रत्याशी छह मतों तक सीमित रहीं।

संस्थापक- स्व. श्री राजेंद्र के. गोधा

अजमेर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, सीकर, बीकानेर, अलवर, भरतपुर, टोंक से एक साथ प्रसारित | डाक संस्करण | वर्ष : 47 | अंक : 204 | पेज-12 | मूल्य : 2.50 रु.

विश्वास आपका... साथ हमारा...

समाचार जगत

आर.एन.आई.नं. 35236/80

www.samacharjagat.com

जयपुर, शनिवार, 28 नवम्बर 2026, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2083

@ पृष्ठ 8

लैथम-ब्लंडेल के अर्धशतक से कीवी संभले



न्यूज गैलरी

चांदी का आयात शुल्क मूल्य 203 डॉलर घटा

नई दिल्ली (वार्ता). सरकार ने चांदी के आयात शुल्क मूल्य में 203 डॉलर प्रति किलोग्राम की भारी कटौती की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, चांदी का आयात शुल्क मूल्य शुक्रवार से 1,293 डॉलर प्रति किलोग्राम तय किया गया है। इससे पहले 20 नवंबर को इसे घटाकर 1,496 डॉलर प्रति किलोग्राम किया गया था। इस प्रकार इसमें 13.6 प्रतिशत (203 डॉलर) की भारी कटौती की गई है।आयात शुल्क मूल्य वह कीमत है जिसे मानक मानते हुए सरकार सोने-चांदी पर आयात शुल्क लगाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि इन दोनों कीमती धातुओं की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बदलती रहती है और आयात शुल्क लगाने के लिए कोई एक मानक तय करना जरूरी हो जाता है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले एक सप्ताह में चांदी की कीमतों में रही तेज गिरावट के मद्देनजर यह बदलाव किया गया है।इससे पहले 24 नवंबर को सोने का आयात शुल्क मूल्य में 96 डॉलर की कटौती कर 1,149 डॉलर प्रति दस ग्राम किया गया था।

अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के 815वें उर्स का झंडा छह को चढ़ेगा

अजमेर (वार्ता). राजस्थान में विश्वप्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 815वें सालाना उर्स का झंडा छह दिसंबर को दरगाह के बुलंद दरवाजे पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ चढ़ाया जाएगा।शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने शुक्रवार को बताया कि मुस्लिम कलैंडर के अनुसार जमादिल आखिर महीने की 25 तारीख को हर वर्ष उर्स का झंडा चढ़ाया जाता है। इस बार यह तारीख छह दिसंबर को है। ऐसे में इस दिन झंडे की परम्परागत धार्मिक रस्म के साथ ही ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स की अनौपचारिक शुरुआत हो जायेगी।उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को जमादिल आखिर की चांद रात होगी। इसी दिन उर्स के छह दिनों के लिए जन्नती दरवाजा खोल दिया जायेगा। इसी रात रजब का चांद दिखाई देने पर उर्स की रसूमातें शुरू हो जायेगी।आगामी 12 दिसंबर को जमादिल आखिर की पहली तारीख शेष पृष्ठ 4 पर

मिर्च मसाला



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिसीमन संशोधन विधेयक को दी मंजूरी

लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करने की तैयारी

परिसीमन के जरिए महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को दी मंजूरी

- **30 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में पेश हो सकते हैं विधेयक, दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती**

समाचार जगत ब्यूरो



नई दिल्ली. महिला आरक्षण को जल्द लागू करने और लोकसभा का आकार बढ़ाने की दिशा में मोदी सरकार ने बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में परिसीमन के जरिए महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी गई। सरकार की योजना लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि कर इनकी संख्या करीब 816 करने की है। इसके साथ ही लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता तैयार किया जाएगा।

30 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में सरकार इन प्रस्तावों को शेष पृष्ठ 4 पर

विधेयक पारित कराना सरकार के लिए आसान नहीं होगा

हालांकि, विधेयक पारित कराना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। संविधान संशोधन के लिए सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन की जरूरत होगी। लोकसभा में एनडीए की अनुमानित संख्या करीब 320 बताई जा रही है। ऐसे में सरकार को अतिरिक्त सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम मानी जा रही है। डीएमके, शरद पवार की एनसीपी (एसपी), वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल जैसे दलों के रुख पर सबकी नजर रहेगी। खासकर डीएमके की चिंता तमिलनाडु की राजनीतिक और संसदीय हिस्सेदारी को लेकर है। वहीं, विपक्षी दलों के बीच परिसीमन और महिला आरक्षण के मुद्दे पर अलग-अलग राय भी सरकार के लिए अवसर बन सकती है।

राजनीतिक चुनौती इंडिया गठबंधन के सामने भी

राजनीतिक चुनौती इंडिया गठबंधन के सामने भी है। महिला आरक्षण के सिद्धांत का विरोध करना विपक्ष के लिए मुश्किल है, जबकि परिसीमन की शर्तों पर दक्षिण और उत्तर भारत के राज्यों के हितों को लेकर मतभेद उभर सकते हैं। ऐसे में संसद का विशेष सत्र मोदी सरकार के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा साबित होगा। यदि सरकार दो-तिहाई बहुमत जुटाने में सफल रहती है शेष पृष्ठ 4 पर

परिवहन व्यवस्था बाधित होने की आशंका

उत्तर भारत में घने कोहरे और राजस्थान में शीतलहर की चेतावनी

नई दिल्ली (वार्ता). पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर एवं पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने के आसार है।मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को आगाह किया कि दृश्यता कम होने से हवाई, रेल और सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान में शीतलहर चलने और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है।विभाग ने शुक्रवार सुबह जारी मौसम बुलेटिन में कहा कि 27 और 28 नवंबर को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली तथा पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की प्रबल आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में 30 नवंबर तक ऐसी ही स्थिति बने रहने का अनुमान है।मौसम विभाग के अनुसार, 27 और 28 नवंबर को नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में भी घना कोहरा छा सकता है, जबकि असम और मेघालय में भी शेष पृष्ठ 4 पर



पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर शीतलहर चल सकती है

विभाग के अनुसार, 27 और 28 नवंबर को पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर शीतलहर चल सकती है। इससे कृषि, पशुधन, जलापूर्ति, परिवहन और बिजली ढांचे पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। राजस्थान के सीकर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम रहा। हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर यह सामान्य से 3.1 से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। कोहरे और शीतलहर की चेतावनी के बावजूद उत्तर-पश्चिम भारत में तीन दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। विभाग ने पूर्वी राजस्थान के किसानों को कम तापमान के प्रतिकूल प्रभाव से खड़ी फसलों को बचाने के लिए शाम के समय हल्की और बार-बार सिंचाई करने की सलाह दी है। इसके अलावा सब्जियों की पौधशालाओं, नए फलदार पौधों और पशुधन की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने को कहा है। सप्ताह के दौरान पश्चिमी और मध्य भारत में मौसम की किसी बड़ी गतिविधि होने का अनुमान जताया गया है।

नाबार्ड राज्य ग्रामीण विकास कॉन्क्लेव में हुआ ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर मंथन

ऋण प्रवाह व वित्तीय प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता : श्रीनिवास



जयपुर, समाचार जगत न्यूज. मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य में ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध वित्तीय एवं संस्थागत इकोसिस्टम का प्रभावी उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। मुख्य सचिव ने कहा कि नाबार्ड, एसएलबीसी, भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों, सरकारी विभागों एवं ग्रामीण हितधारकों के संयुक्त प्रयासों से ही आर्थिक रूप से सशक्त ग्रामीण परिवारों का निर्माण तथा विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति संभव होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से आर्थिक रूप से व्यावहारिक एवं सफल परियोजनाओं की पहचान कर उन्हें अन्य जिलों में भी अपनाने का आह्वान किया है।

ग्रामीण राजस्थान के विकास को नई गति देने तथा राज्य की प्राथमिकता क्षेत्र ऋण क्षमता का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में राज्य ग्रामीण विकास कॉन्क्लेव 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ग्रामीण विकास को विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए वित्तीय समावेशन, ऋण प्रवाह, महिला सशक्तीकरण एवं विभिन्न संस्थाओं के समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने पीएम-कुसुम योजना, यमुना जल समझौते, संशोधित पार्वती-कालिसिंध-चम्बल लिंक परियोजना तथा जलागम विकास कार्यक्रमों को राज्य के विकास के महत्वपूर्ण संसाधन बताते हुए इनके प्रभावी उपयोग पर बल दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. आर. रविबाबू ने कहा कि नाबार्ड द्वारा वर्ष 2027-28 के लिए राजस्थान की प्राथमिकता क्षेत्र ऋण क्षमता का आकलन 5.76 लाख करोड़ रुपये किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रंजीव शंकर ने शेष पृष्ठ 4 पर

सीएम ने की यमुना जल समझौता एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना की समीक्षा

जल्द से जल्द जल परियोजनाओं को किया जाए पूर्ण : मुख्यमंत्री

समाचार जगत न्यूज



जयपुर. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में यमुना जल समझौता एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री ने दोनों परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करते हुए जनता को लाभान्वित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित अंतराल पर मौके पर पहुंचें और धरातल पर हो रही कार्य प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से संबंधित भूमि अवाप्ति, विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित सभी संबंधित कार्यों को लेकर विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और काम में तेजी लाएं, ताकि प्रदेश जल्द से जल्द जल आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सके। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का हुआ समापन

पचास लाख रुपए से ज्यादा का कारोबार

- **राजस्थान पवेलियन का लाखों लोगों ने किया भ्रमण**

समाचार जगत ब्यूरो



नई दिल्ली. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुक्रवार को सम्पन्न हुए चौदह दिवसीय 45 वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान पवेलियन जन आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा और लाखों लोगों ने पवेलियन का अवलोकन किया। राजस्थान पवेलियन के निदेशक हर्ष शर्मा ने बताया कि राजस्थान हस्तशिल्प के प्रति आकर्षण के चलते पवेलियन में करीब 50 लाख का कारोबार हुआ। इसमें सबसे अधिक बिक्री जयपुरी रजाईयां, राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट और राजस्थानी परिधानों के साथ-साथ राजस्थानी खानपान की हुई।

उल्लेखनीय है कि व्यापार मेले के इस मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'विकसित राजस्थान' के विजन को मुख्य रूप से प्रस्तुत किया गया। राजस्थान पवेलियन में प्रदेश के 41 जिलों के ओडीओपी उत्पादों एवं 24 जीआई टैग उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। वहीं, 44 स्टॉलों के माध्यम से शिल्पकारों, उद्यमियों, उत्पाद निर्माताओं एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर प्रदान किया गया था।मेले की थीम 'विकास और विरासत' के अनुरूप पवेलियन में राजस्थान की पारंपरिक कला, संस्कृति एवं शिल्प को आधुनिक तकनीक, उद्योग, निवेश और विकास की संभावनाओं के साथ प्रस्तुत किया गया। मेले के दौरान आकर्षक 'पीकॉक गेट' एवं 'नमस्ते गेट', एआई आधारित डिजिटल झरोखा, कठपुतली कियोस्क, सेल्फी झरोखा और 3डी प्रिंटिंग जैसी तकनीकी प्रस्तुतियां आगंतुकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही।14 दिन तक चले व्यापार मेले में विभिन्न देशों के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी राजस्थान पवेलियन का भ्रमण कर राजस्थानी कला संस्कृति और हैंडीक्राफ्ट से ओतप्रोत पवेलियन की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा राजस्थानी आर्टिजंस के साथ रूबरू होकर अपने अनुभव बांटे।

नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ 'विंध्यगिरि'

- **मस्टील्थ फ्रिगेट 'विंध्यगिरि'**

नई दिल्ली (वार्ता). परियोजना पी-17 ए के तहत निर्मित नीलगिरि श्रेणी का सातवां और अंतिम स्टील्थ फ्रिगेट 'विंध्यगिरि' शुक्रवार को नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया।कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने इसे नौसेना को सौंपा। इसके साथ ही परियोजना के तहत सभी सात युद्धपोतों की आपूर्ति पूरी हो गई है। इसे युद्धपोतों के स्वदेशी डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।'विंध्यगिरि' इस श्रेणी का तीसरा युद्धपोत है, जिसका निर्माण जीआरएसई ने किया है। परियोजना पी-17ए के तहत बने ये फ्रिगेट समुद्री क्षेत्र की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किए गए बहुउद्देशीय युद्धपोत हैं। कर्नाटक की विंध्यगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर इसका नाम रखा गया है। यह पहले के आईएनएस विंध्यगिरि का नया रूप है, जो लियेंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 8 जुलाई 1981 से 11 जून 2012 तक 31 साल भारतीय नौसेना में सेवा दे चुका था।नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इसका डिजाइन तैयार किया है। पी-17ए श्रेणी के युद्धपोतों में आधुनिक हथियार और सेंसर लगाए गए हैं। इनमें शत्रु के सतही जहाजों, हवाई हमलों और पनडुब्बियों से निपटने की क्षमता है। इनका प्रणोदन तंत्र डीजल इंजन और गैस टर्बाइन पर आधारित है। साथ ही इनमें आधुनिक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली भी लगी है। पहले युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि की आपूर्ति के बाद 23 महीने के भीतर सभी सात फ्रिगेट नौसेना को शेष पृष्ठ 4 पर

राजस्थानी लोक संगीत का भारत से वैश्विक परिप्रेक्ष्य तक सुनहरा सफर

राजस्थान की लोकधुनों को डिजिटल पंख: विश्व के सांस्कृतिक मानचित्र पर नई पहचान की ओर अग्रसर भारतीय संस्कृति

वीणा म्यूजिक ऐप भारत की वैश्विक सॉफ्ट पावर को नई ऊँचाई देने का प्रयास, 'घूमर वॉल्यूम–5' : सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता का संकेत

जयपुर के प्रतिष्ठित रामबाग पैलेस में राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे के करकमलों द्वारा 'वीणा म्यूजिक मोबाइल ऐप' का भव्य लोकार्पण किया जाएगा

नीति गोपेंद्र भट्ट
कला समीक्षक

जब दुनिया के किसी कोने में 'केसरिया बालम' की स्वर लहरियाँ गूँजती हैं, जब माँड़ की मिठास श्रोताओं को भाव-विभोर करती है, जब घूमर की थिरकन राजस्थान की सांस्कृतिक छवि को जीवंत करती है और जब मांगणियार तथा लंगा कलाकारों की आवाज मरुस्थल की अनूठी संगीत परंपरा का परिचय कराती है, तब वह केवल संगीत का अनुभव नहीं होता, बल्कि भारत की सदियों पुरानी सभ्यता, लोकजीवन और सांस्कृतिक आत्मा से साक्षात्कार होने का अहसास होता है। देश-दुनिया में राजस्थानी संगीत और संस्कृति को हर घर की चौखट तक पहुँचाने का कार्य कर अमर हो गए केसरी चंद मालू (के.सी. मालू) ने अपने परिवार के परंपरागत व्यापार एवं व्यवसाय को छोड़ अपने जीवन का लक्ष्य राजस्थान के लोकसंगीत को उसकी गौरवमयी विरासत और परंपरा को आगे बढ़ाने, उसकी गरिमा बनाए रखते हुए लोकप्रिय बनाने तथा सैकड़ों कलाकारों की प्रतिभाओं को तराशने के साथ ही उनकी आजीविका का स्थायी साधन बनाने में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। आज राजस्थान की पहचान उसके ऐतिहासिक दुर्गों, भव्य महलों, मरुस्थलीय विस्तार, रंग-बिरंगी वेशभूषा और शौर्यगाथाओं तक ही सीमित नहीं है। इस प्रदेश की वास्तविक आत्मा उसके लोकसंगीत, लोकभाषाओं, लोककलाओं और पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं में बसती है। यहाँ के गीतों में इतिहास है, वीरता है, प्रेम और विरह की संवेदनाएँ हैं, भक्ति है, प्रकृति के प्रति अनुराग है और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन को उत्सव की तरह जीने का दर्शन है।राजस्थान की लोकधुनें किसी एक भूभाग या समुदाय की संपत्ति नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विविधता की अमूल्य धरोहर हैं। यही कारण है कि स्वर्गीय के.सी. मालू के अथक प्रयासों से इन धुनों ने देश की सीमाओं को पार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।

राजस्थान का जादुई लोकसंगीत : मनोरंजन नहीं, सभ्यता की जीवंत अभिव्यक्ति : राजस्थान का लोकसंगीत सदियों के सामाजिक अनुभवों और सांस्कृतिक विकास का जीवंत दस्तावेज है। यहाँ के गीत जीवन के प्रत्येक अवसर से जुड़े हैं। जन्म, विवाह, तीज-त्योहार, वर्षा की प्रतीक्षा, खेती, प्रेम, विरह, युद्ध, शौर्य और आध्यात्मिक साधना—हर भाव की अपनी लोकधुन और अपनी अभिव्यक्ति है। मारवाड़ की माँड़, मेवाड़ की लोकपरंपराएँ, ढूँढाड़ के गीत, शेखावाटी की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ, हाड़ौती और वागड़ की लोकधुनें तथा मेवात और अन्य क्षेत्रों की संगीत शैलियाँ राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता को अभिव्यक्त करती हैं। पनिहारी गीतों में ग्रामीण जीवन की संवेदना है, घूमर में उत्सवधर्मिता है, चंग और गेर में सामूहिक उल्लास है और लोकदेवताओं के भजनों में जनआस्था की गहरी अभिव्यक्ति है। मांगणियार और लंगा समुदायों की संगीत परंपराएँ राजस्थान की सबसे विशिष्ट सांस्कृतिक उपलब्धियों में गिनी जाती हैं। कमायचा, खड़ताल, सारंगी, रावणहत्था, मोरचंग, भपंग और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि इस प्रदेश को अलग पहचान देती है। इन कलाकारों ने पीढ़ियों से मौखिक परंपराओं के माध्यम से संगीत को जीवित रखा है। उनके गीतों में राजस्थान का इतिहास, सामाजिक सद्भाव, धार्मिक आस्था, प्रकृति, लोककथाएँ और मानवीय संबंधों की अनगिनत कहानियाँ सुरक्षित हैं, लेकिन बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में इन परंपराओं के सामने नई चुनौतियाँ भी हैं। अनेक दुर्लभ लोकगीत और धुनें आज भी सीमित समुदायों और कलाकार परिवारों तक सिमटी हुई हैं। युवा पीढ़ी का पारंपरिक संगीत से जुड़ाव भी कई क्षेत्रों में कमजोर हुआ है। यदि समय रहते इनका व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटल प्रसार नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ इस अमूल्य विरासत के कई हिस्सों से वंचित हो सकती हैं। इसलिए लोकसंस्कृति का संरक्षण केवल पुराने गीतों को सुरक्षित रखने का विषय नहीं है। यह हमारी सामूहिक स्मृति, भाषायी पहचान और सामाजिक इतिहास को भविष्य तक पहुँचाने का दायित्व है।

वीणा म्यूजिक : 1987 से शुरू हुई सांस्कृतिक यात्रा और नई पीढ़ी का संकल्प : राजस्थान की इस सांस्कृतिक यात्रा में 1987 में स्थापित वीणा म्यूजिक समूह, जयपुर का योगदान उल्लेखनीय रहा है। मई 1987 में जयपुर से शुरू हुई इस यात्रा के पीछे स्वर्गीय के.सी. मालू की दूरदर्शिता, संगीत के प्रति समर्पण और राजस्थानी लोकसंस्कृति को व्यापक पहचान दिलाने का संकल्प था। उस समय अश्लीलता और फूहड़ता भरे राजस्थानी संगीत का स्तर काफी हल्का एवं निम्न था और इस कारण इसका बाजार भी सीमित था। लोकगीतों की रिकॉर्डिंग, वितरण और प्रचार-प्रसार के साधन भी आज की तुलना में काफी सीमित थे। ऐसे दौर में के.सी. मालू जी ने समझा कि राजस्थान की लोकधुनों के स्तर और मर्यादा को सम्मानजनक स्थान दिलाने तथा उसकी सस्ती लोकप्रियता के स्थान पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने लोकसंगीत को आधुनिक रिकॉर्डिंग तकनीक से जोड़ने, लोकगायकों और संगीतकारों को मंच उपलब्ध कराने तथा पारंपरिक धुनों को नए श्रोता वर्ग तक पहुँचाने का प्रयास किया। वीणा ने लोकसंगीत को केवल व्यावसायिक उत्पाद नहीं, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान और विरासत के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में काम किया। कैसेट और ऑडियो सीडी के दौर से शुरू हुई यह यात्रा आज यूट्यूब, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों तक पहुँच चुकी है। वीणा म्यूजिक की वेबसाइट के अनुसार, उसके पास 4,000 से अधिक मूल मास्टर ट्रैक और 200 से अधिक चर्चित एल्बमों की विरासत है। यह उपलब्धि बताती है कि क्षेत्रीय भाषा और लोकसंगीत की अपनी व्यापक रचनात्मक क्षमता है और सही दृष्टिकोण के साथ उसे बड़े मंच तक पहुँचाया जा सकता है। वीणा की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उसने राजस्थान के लोकसंगीत को आधुनिक संगीत निर्माण और प्रस्तुति से जोड़ते हुए उसकी पारंपरिक पहचान को व्यापक बनाने का प्रयास किया। इस तरह यह समूह केवल संगीत निर्माण करने वाला प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि राजस्थान की लोकधरोहर को संरक्षित और प्रचारित करने वाली एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संस्था के रूप में भी उभरा है। वीणा की 'घूमर' संगीत श्रृंखला इस यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज इस नृत्य के गीतों के वीणा म्यूजिक के चार सफल संस्करणों ने राजस्थानी संगीत को व्यापक श्रोता वर्ग तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब 4 दिसंबर 2026 को 'घूमर वॉल्यूम-5' के विमोचन का प्रस्ताव इस सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता का संकेत है। इसके पूर्व आगामी 29 नवंबर 2026 को जयपुर में वीणा म्यूजिक मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी प्रस्तावित है।

के.सी. मालू : एक व्यक्ति नहीं, लोकसंस्कृति को समर्पित विचार : किसी भी संस्थान की वास्तविक पहचान केवल उसकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उसके पीछे काम करने वाले विचार और दृष्टिकोण से बनती है। वीणा म्यूजिक की स्थापना के पीछे भी ऐसा ही एक सांस्कृतिक विचार था। राजस्थान सरकार के सर्वोच्च सिविल अवार्ड 'राजस्थान रत्न' अलंकरण से सम्मानित स्वर्गीय के.सी. मालू का योगदान केवल गीतों के निर्माण और प्रसार तक सीमित नहीं था। वे राजस्थानी भाषा, लोकसंगीत और सांस्कृतिक अस्मिता के महत्व को समझते थे। उनके लिए लोकगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि राजस्थान की सामूहिक स्मृति और सामाजिक पहचान के वाहक थे। राजस्थानी भाषा की पहचान और उसे व्यापक मान्यता दिलाने के प्रयासों में भी उनकी रुचि और भागीदारी रही। उन्होंने यह समझा कि किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान तभी सुरक्षित रह सकती है, जब उसकी भाषा, साहित्य, संगीत और परंपराओं को सम्मान तथा संरक्षण मिले। विगत 14 जुलाई 2026 को जयपुर में उनके असामयिक निधन से राजस्थान के संगीत और सांस्कृतिक जगत को गहरा आघात लगा, लेकिन किसी व्यक्ति का वास्तविक योगदान उसकी अनुपस्थिति के बाद भी उसके विचारों, संस्थागत विरासत और नई पीढ़ी के संकल्प में जीवित रहता है।अब उनके पुत्र हेमजीत मालू और वीणा समूह की नई पीढ़ी इस यात्रा को आधुनिक तकनीक और बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने में जुटी है। मोबाइल ऐप इसी प्रयास की महत्वपूर्ण कड़ी है। हेमजीत मालू के सामने चुनौती केवल एक डिजिटल उत्पाद को सफल बनाने की नहीं, बल्कि अपने पिता की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की भी है। यदि यह पहल कलाकारों, श्रोताओं, शोधकर्ताओं और प्रवासी समुदाय को एक साझा मंच पर ला पाती है, तो यह व्यक्तिगत विरासत से आगे बढ़कर राजस्थान की सांस्कृतिक संपदा के संरक्षण का माध्यम बन सकती है। स्वर्गीय के.सी. मालू और वीणा म्यूजिक समूह की चार दशकों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दुनिया के कोने-कोने तक पहुँचाने की दिशा में जयपुर के प्रतिष्ठित वीणा म्यूजिक समूह की नई पहल महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना के रूप में सामने आ रही है। आगामी 29 नवंबर 2026 को जयपुर में वीणा म्यूजिक मोबाइल ऐप का लोकार्पण प्रस्तावित है। यह पहल केवल एक मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ नहीं, बल्कि राजस्थान के लोकसंगीत को डिजिटल युग की संभावनाओं से जोड़ने और उसे वैश्विक मंच उपलब्ध कराने का एक दूरदर्शी प्रयास है।**जयपुर से दुनिया तक : 29 नवंबर की पहल और नई उम्मीदें :** वीणा म्यूजिक ऐप का प्रस्तावित लोकार्पण राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। वीणा समूह के प्रबंध निदेशक हेमजीत मालू के अनुसार, 29 नवंबर के जयपुर समारोह के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राजस्थान धरोहर प्रोत्साहन प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत तथा राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। यह समारोह केवल एक डिजिटल उत्पाद के लोकार्पण तक सीमित न रहे, बल्कि राजस्थान की लोकसंस्कृति के भविष्य पर व्यापक संवाद का अवसर भी बने। इसमें सरकार, संगीत जगत, कलाकारों, शिक्षाविदों, प्रवासी संगठनों और डिजिटल तकनीक से जुड़े विशेषज्ञों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर एक दीर्घकालिक सांस्कृतिक संकल्प भी सामने आना चाहिए—राजस्थान की दुर्लभ लोकधुनों का संरक्षण, कलाकारों की आर्थिक सुरक्षा, नई प्रतिभाओं का प्रशिक्षण, राजस्थानी भाषा का प्रचार, डिजिटल अभिलेखागार का निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक नेटवर्क का विकास।

वीणा ऐप में उपलब्ध कराई जाने वाली विशेष सुविधाओं और नवोदित कलाकारों के लिए प्रस्तावित व्यवस्थाओं को भी इस व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित करना होगा। उसकी सफलता केवल श्रोताओं की संख्या से नहीं, बल्कि इस बात से भी मापी जानी चाहिए कि कितने कलाकारों को अवसर मिला, कितनी दुर्लभ धुनें संरक्षित हुईं और कितने नए श्रोता राजस्थान की संस्कृति से जुड़े।

माटी की खुशबू को तकनीक के पंख देने का समय : आज दुनिया आधुनिकता की ओर तेजी से बढ़ रही है, लेकिन साथ ही अपनी सांस्कृतिक जड़ों की तलाश भी कर रही है। परंपरा और तकनीक के बीच संतुलन स्थापित करना ही किसी जीवंत सभ्यता की सबसे बड़ी विशेषता है। राजस्थान की लोकसंस्कृति में यह क्षमता सदियों से मौजूद है। यहाँ की धुनें समय के साथ बदलते माध्यमों में ढलती रही हैं, लेकिन उनकी आत्मा आज भी जीवित है। के.सी. मालू ने जिस विश्वास और समर्पण के साथ वीणा म्यूजिक की नींव रखी थी, हेमजीत मालू और उनकी टीम के सामने अब उस विरासत को डिजिटल युग की संभावनाओं से जोड़ने का अवसर है। 29 नवंबर को जयपुर से शुरू होने वाली यह पहल यदि कलाकारों, सरकार, समाज, प्रवासी समुदाय और अंतरराष्ट्रीय श्रोताओं को एक साझा मंच पर जोड़ने में सफल होती है, तो यह राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

आने वाले समय में राजस्थान के किसी छोटे से गाँव में बैठा लोकगायक अपनी आवाज से लंदन, न्यूयॉर्क, टोक्यो, दुबई और मॉरीशस के श्रोताओं तक पहुँच सकेगा।

किसी पारंपरिक कलाकार की पीढ़ियों पुरानी धुन डिजिटल अभिलेखागार में सुरक्षित रह सकेगी और दुनिया के किसी विश्वविद्यालय में राजस्थान के लोकसंगीत पर शोध का आधार बन सकेगी। यही डिजिटल युग की वास्तविक उपलब्धि होगी—जब तकनीक केवल बाजार का विस्तार न करे, बल्कि संस्कृति को बचाए, कलाकार को सम्मान दिलाए और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़े। राजस्थान का संगीत केवल राजस्थान की धरोहर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक संपदा और मानवता की साझा विरासत है।

इसे दुनिया तक पहुँचाना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व भी। रेगिस्तान की रेत से उठी ये स्वर लहरियाँ अब स्वर सरिता मासिक पत्रिका, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ ही डिजिटल आकाश में नया विस्तार पाएँगी। जब माँड़ की मिठास, घूमर की थिरकन, मांगणियारों की स्वर साधना और 'केसरिया बालम' की पुकार दुनिया के हर कोने में गूँजेगी, तब राजस्थान केवल अपनी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव नहीं मनाएगा, बल्कि भारत की सभ्यतागत विरासत का वैश्विक परिचय भी देगा।

पृष्ठ 1 का शेष...

अजमेर में ख्वाजा गरीब...

रहेगी। इस हिसाब से 17 दिसंबर को ख्वाजा साहब की महाना छठी होगी और आस्ताने शरीफ में छोटे कुल की रस्म होगी।

दो दिन बाद बड़े कुल की धार्मिक रस्म के साथ उर्स का विधिवत समापन हो जायेगा। ख्वाजा साहब के उर्स को देखते हुए दरगाह और कायड़ विश्राम स्थली में तैयारी तेज कर दी गई है। दरगाह समिति, जिला एवं पुलिस प्रशासन और अंजुमन समितियां अपने अपने स्तर पर उर्स की तैयारियों में व्यस्त है।दरगाह शरीफ में स्थित बड़ी और छोटी देगों के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया पूरी रात जारी रही। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार सुबह तक बोली की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

लोकसभा की सीटें...

पेश कर सकती है। इस फैसले को 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को बड़ा संदेश देने और राजनीतिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, अप्रैल में संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने के बाद सरकार इस बार नए प्रस्तावों के साथ आगे बढ़ रही है।

परिसीमन को लेकर दक्षिण भारतीय राज्यों की आशंकाओं को दूर करने के लिए सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में समान अनुपात से 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे राज्यों के बीच मौजूदा आनुपातिक हिस्सेदारी 2051 तक बनाए रखने की व्यवस्था का दावा किया जा रहा है।

राजनीतिक चुनौती...

तो महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने के साथ 2029 के चुनाव से पहले विपक्षी एकजुटता को भी राजनीतिक चुनौती दे सकती है।

उत्तर भारत में घने कोहरे और...

कोहरे के आसार हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि रात और सुबह के समय दृश्यता कम रहने से हवाई अड्डों का संचालन, रेल सेवाएं और राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हो सकता है। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा पर निकलने से पहले विमानन कंपनियों, रेलवे और राज्य परिवहन विभागों से अपनी यात्रा के समय की जानकारी लेते रहें। वाहन चालकों को सावधानी बरतने और गाड़ी चलाते समय फॉग लाइट का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

इसके अलावा आगाह किया है कि अत्यधिक घने कोहरे वाले इलाकों में संवेदनशील लोगों को सांस संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। इसके अलावा बिजली की लाइनों में ट्रिपिंग की समस्या भी पैदा हो सकती है।इस बीच, आज केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, 27 और 28 नवंबर को दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, जिनकी झोंकों की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, तथा बिजली चमकने के साथ गरज-चमक वाले तूफान आने का अनुमान है। 29 नवंबर के आसपास दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर ऊपरी वायुमंडल में चक्रवाती परिसंचरण बनने के आसार हैं।इसके प्रभाव से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 29 नवंबर से तीन दिसंबर तक कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। 30 नवंबर और एक दिसंबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने, गरज-चमक के साथ तूफान आने और तेज हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है। वहीं, 29 और 30 नवंबर को अंडमान सागर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है।

ऋण प्रवाह व वित्तीय...

कहा कि ऋण नियोजन में ऋण लेने वालों की क्षमता, बाजार से जुड़ाव तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था की ऋण अवशोषण क्षमता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने ऋण प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बनाने के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड विकसित करने तथा ऋण के वास्तविक उपयोग की निगरानी के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता बताई। कॉन्क्लेव के अंतर्गत चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

इनमें राजस्थान में ऋण क्षमता एवं क्षेत्रवार अवसरों, अवसंरचना एवं जलवायु संबंधी राज्य की प्राथमिकताओं, जल सुरक्षा एवं जलवायु लचीलेपन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं मूल्य श्रृंखलाओं तथा कृषि प्रसंस्करण एवं बाजार संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नाबार्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'जल से जीवन - वाड़ी से खुशहाली तक : एलआरईडीपी एवं ट्राइब्स - सफलता की कहानियां' का विमोचन किया गया।

नौसेना के बेड़े में...

मिल चुके हैं। पहले युद्धपोत के निर्माण में 84 महीने लगे थे, जबकि विंध्यगिरि का निर्माण 68 महीने में पूरा किया गया। परियोजना में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। इसमें 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने भागीदारी की है। इससे करीब चार हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 10 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

चंबल गार्डन का महापौर ने किया निरीक्षण, जल्द काम पूरा करने के निर्देश



कोटा, समाचार जगत ब्यूरो. कोटा महापौर अनुसुइया गोस्वामी ने आज चंबल गार्डन का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि गीता के उपदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' की भावना के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।

60 दिवसीय अभियान से तंबाकू मुक्त बनेगा खैरथल

- कोटपा कानून के तहत चालान और जनजागरूकता पर जोर



खैरथल, समाचार जगत ब्यूरो. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद खैरथल-तिजारा और एसआरकेपीएस राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को नगर परिषद सभागार में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई।

सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में 60 दिवसीय अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियां पूरी करने और नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए। डॉ. गेट ने सभी चिकित्सा संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने तथा कोटपा कानून के तहत चालान की कार्रवाई करने को कहा। जिला नोडल अधिकारी डॉ. ललित शर्मा ने तंबाकू से होने वाले गंभीर रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों-युवाओं को इसकी लत से बचाने पर जोर दिया। एसआरकेपीएस के राज्य समन्वयक हिरेंद्र सेवदा ने कोटपा अधिनियम 2003 और तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान व ग्राम पंचायत की जानकारी दी।

रूस ने यूक्रेन की सेना की आपूर्ति सुविधाओं पर किया जोरदार हमला



मास्को (वार्ता/स्पुतनिक). रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सशस्त्र बलों ने ज़ापोरोज़्ये शहर में स्थित 'एमपीकेए-यूक्रेन' संयंत्र पर हमला किया है। यह संयंत्र यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए विद्युत उत्पाद एवं आपूर्ति करता है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रात भर में रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए इस्तेमाल होने वाले परिवहन अवसंरचना, रक्षा उद्योग की सुविधाओं एवं नौसैनिक जहाजों पर ड्रोन हमले किए। रूसी हमलों में ज़ापोरोज़्ये शहर में स्थित 'एमपीकेए-यूक्रेन' संयंत्र, खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्थित 'थर्मोप्लास्ट' औद्योगिक उद्यम, क्रिवोई रोग एवं झितोमिर में स्थित विद्युत सबस्टेशनों को निशाना बनाया गया।रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, रूसी सैनिकों ने बेलाया त्सर्कोव में एक रसद केंद्र पर हमला किया जहां सॉलिड रॉकेट ईंधन के घटक रखे गए थे। साथ ही उन्होंने ओडेसा के दक्षिण-पश्चिम में काला सागर में मौजूद एक नौसैनिक जहाज को भी निशाना बनाया जो यूक्रेन तक सैन्य सामग्री पहुंचा रहा था।

हिन्द महासागर क्षेत्र में सहयोग बढाना जरूरी : जयशंकर

नई दिल्ली (वार्ता). विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के सदस्य देशों से कहा है कि हिन्द महासागर क्षेत्र को शांतिपूर्ण, स्थिर और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाना जरूरी है।विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आईओआरए की 25वीं मंत्रिपरिषद की यहां भारत की अध्यक्षता में हो रही बैठक के उद्घाटन संबोधन में डॉ. जयशंकर ने कहा कि हिन्द महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, संपर्क और आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र विविधताओं और अवसरों के साथ कई साझा चुनौतियों का भी सामना कर रहा है।

ऐसे में इसे विकास के अनुकूल बनाए रखना सभी देशों की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि आईओआरए में भारत की भूमिका और अध्यक्षता का मार्गदर्शन 'महासागर' की सोच से होगा। इसका अर्थ है विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए साझा और समग्र प्रगति। यह भारत की पहले की 'सागर' सोच पर आधारित है, जिसका अर्थ क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास है।डॉ. जयशंकर ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में इस बार का विषय ' हिन्द महासागर क्षेत्र में नवाचार, खुलापन, मजबूती और बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता' रखा गया है। इसके तहत आईओआरए के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और साझा मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने, संवाद साझेदारों के साथ जुड़ाव बढ़ाने, क्षेत्रीय पहलों को बढ़ावा देने और संगठन की वित्तीय व संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने पर काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक व्यवस्था और भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच आईओआरए की सामूहिक आवाज को मजबूत करना जरूरी है। बैठक का विषय 'मजबूत क्षेत्रीय आवाज : बदलती वैश्विक व्यवस्था में आईओआरए की भूमिका' इसी जरूरत को दर्शाता है। इसके लिए सदस्य देशों के बीच बेहतर तालमेल, संवाद साझेदारों के साथ सार्थक सहयोग और व्यावहारिक पहलों पर ध्यान देना होगा। विदेश मंत्री ने आईओआरए की पिछली अध्यक्षता के लिए श्रीलंका की सराहना की और मॉरीशस का उपाध्यक्ष तथा संगठन के भावी अध्यक्ष के रूप में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों और सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

न्यूज गैलरी

कृषि महाविद्यालय फतेहपुर ने जीती ओवरऑल जनरल चैंपियनशिप



फतेहपुर शेखावाटी, समाचार जगत ब्यूरो. कस्बे के सीकर रोड स्थित श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में 23 से 27 नवंबर तक आयोजित अन्तर कृषि महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय फतेहपुर शेखावाटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल जनरल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने टीम स्पर्धाओं और एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल के छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में विजेता रहे। बास्केटबॉल छात्र वर्ग में विजेता और छात्रा वर्ग में उपविजेता रहे। टेबल टेनिस छात्रा वर्ग में भी उपविजेता स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दौड़, रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तश्तरी फेंक एवं भाला फेंक में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. हरफूल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टीम प्रबंधक डॉ. विजय बल्डोदिया, डॉ. पुष्पा लाम्बा, निकिता एवं मुस्ताक भी मौजूद रहे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

शिवाला सरपंच सुबह सिंह सैमाड़ा ने ग्रहण किया पदभार



गंगापुर सिटी, समाचार जगत ब्यूरो. वजीरपुर उपखंड की ग्राम पंचायत शिवाला के नवनिर्वाचित सरपंच सुबह सिंह सैमाड़ा ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे राजीव गांधी सेवा केंद्र में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की मौजूदगी में आयोजित समारोह में सरपंच का स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच सुबह सिंह सैमाड़ा ने कहा कि उनकी जीत संपूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिकों के विश्वास और सहयोग की जीत है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि पंचायत क्षेत्र के सभी गांवों और ढाणियों का बिना किसी भेदभाव के सर्वांगीण विकास कराया जाएगा। उन्होंने पारदर्शी प्रशासन, शिक्षा, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग और मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

आरएलपी की अयोध्यादेवी बनीं प्रधान



दूदू, समाचार जगत ब्यूरो. दूदू में शुक्रवार को पंचायत समिति प्रधान चुनाव में आरएलपी की अयोध्या देवी विजयी रहीं। दूदू पंचायत समिति प्रधान सीट के लिए कांग्रेस एवं आरएलपी की सीधी टक्कर रही। इसमें कांग्रेस की समन देवी और आरएलपी की अयोध्या देवी ने फॉर्म भरा, जिसमें भाजपा के समर्थन से अयोध्या देवी प्रधान के पद पर निर्वाचित हुईं।

समाजसेवी विवेक का किया सम्मान



टोंक, समाचार जगत ब्यूरो. अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, प्रदेश द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विवेक विजयवर्गीय का माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों ने विवेक विजयवर्गीय के सामाजिक सरोकारों, सेवाभावी कार्यशैली एवं समाज के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विवेक विजयवर्गीय वर्तमान में अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, टोंक प्रदेश में प्रदेश प्रवक्ता के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही वे जिला केमिस्ट एसोसिएशन, टोंक में सचिव, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेशिक दवा विक्रेता समिति राजस्थान पद पर रहते हुए चिकित्सा एवं दवा व्यवसाय से जुड़े लोगों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मानव सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा है। जरूरतमंद लोगों की सहायता, सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा जनहित के कार्यों में उनकी निरंतर तत्परता समाज के लिए प्रेरणादायक है।सम्मान समारोह में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय, महामंत्री कमलेश विजयवर्गीय (लवादर), वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गांधी, कोषाध्यक्ष आशाराम विजयवर्गीय सहित रामलाल, रमेश मुल्तानी, रमेश टोंक,प्रेम डारडॉ, श्याम सुंदर, ऋतु अरविन्द, टीना एवं मुकेश डीकोलिया उपस्थित रहे।

जागरूकता कार्यशाला में बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का आह्वान



टोंक, समाचार जगत ब्यूरो. शिव शिक्षा समिति, राणोली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा बाल अधिकारिता विभाग, टोंक के संयुक्त तत्वावधान में 27 नवम्बर को कम उम्र में विवाह एवं जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, टोंक में एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने कम उम्र में विवाह एवं जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों एवं इससे संबंधित दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने100 दिवसीय अभियान के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं बाल विवाह रोकथाम में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक एवं जिम्मेदार बनकर अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में शिव शिक्षा समिति के प्रोग्राम मैनेजर सीताराम शर्मा ने संस्था के कार्यों एवं संचालित परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बाल संरक्षण एवं किशोर-किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। वहीं जिला समन्वयक पूनम जॉनवाल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों एवं समुदाय के समन्वय से बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को इस अभियान से जुड़कर बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य सुलोचना मीना ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

रतनगढ़ पंचायत पर कांग्रेस का वर्चस्व कायम

समाचार जगत ब्यूरो

रतनगढ़. रतनगढ़ पंचायत समिति के प्रधान पद पर कांग्रेस ने लगातार चौथी बार कब्जा जमाते हुए अपना वर्चस्व कायम रखा।

शुक्रवार को हुए प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुमन थोरी ने भाजपा प्रत्याशी पन्नाराम नैण को 11 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की। सुमन थोरी को 20 मत मिले, जबकि पन्नाराम नैण के पक्ष में 9 मत पड़े। इस प्रकार कांग्रेस ने परिसीमन के बाद बढ़ी पंचायत समिति की सदस्य संख्या के बीच भी अपना दबदबा बरकरार रखा।परिसीमन के बाद रतनगढ़ पंचायत समिति में वार्डों की संख्या 19 से बढ़कर 29 हो गई थी। प्रधान पद के चुनाव को लेकर सुबह से ही पंचायत समिति परिसर में राजनीतिक गतिविधियां तेज रही। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस की ओर से सुमन थोरी, भाजपा की ओर से पन्नाराम नैण तथा निर्दलीय प्रत्याशी पवनसिंह राठौड़ ने नामांकन दाखिल किया। बाद में भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर पवनसिंह राठौड़ ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे चुनाव कांग्रेस और



भाजपा के बीच सीधा मुकाबला बन गया।दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। कांग्रेस व कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति सदस्य विधायक पूसाराम गोदारा के साथ पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे और मतदान किया। वहीं भाजपा व समर्थित सदस्य पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि तथा पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा के साथ मतदान केंद्र पहुंचे।मतदान के बाद हुई मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी सुमन थोरी को 20 तथा भाजपा प्रत्याशी पन्नाराम नैण को 9 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी मिथिलेश कुमार ने सुमन थोरी को विजयी घोषित करते हुए शपथ दिलाई तथा निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा।चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की, आतिशबाजी की तथा डीजे की धुन पर जश्न मनाया। इस दौरान मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी गई। लगातार चौथी बार प्रधान पद पर कांग्रेस की जीत को पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का परिणाम बताया।

पंचायत समिति वैर में कांग्रेस का 20 साल पुराना दबदबा बरकरार

पुष्पा तोतशराम गुर्जर निर्विरोध प्रधान निर्वाचित

समाचार जगत ब्यूरो

वैर. पंचायत चुनाव 2026 में वैर पंचायत समिति के प्रधान पद पर कांग्रेस ने एक बार फिर अपना कब्जा बरकरार रखते हुए राजनीतिक वर्चस्व की निरंतरता कायम रखी है। शुक्रवार को हुए प्रधान पद के निर्वाचन में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा तोतशराम गुर्जर निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुईं। खास बात यह रही कि प्रधान पद के लिए कांग्रेस की ओर से एकमात्र नामांकन दाखिल किया गया, जबकि भारतीय जनता पार्टी की ओर से कोई भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतरा। ऐसे में बिना मतदान के ही कांग्रेस के खाते में प्रधान पद चला गया। निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम मांगीलाल सुथार ने निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुष्पा तोतशराम गुर्जर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित प्रधान को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।



20 साल से कांग्रेस का कब्जा, फिर कायम हुआ राजनीतिक वर्चस्व : पुष्पा तोतशराम गुर्जर के निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही पंचायत समिति वैर में कांग्रेस का करीब दो दशक पुराना राजनीतिक वर्चस्व बरकरार रहा। पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रधान पद कांग्रेस के पास रहा है। इस बार भी कांग्रेस ने प्रधान पद पर अपना कब्जा कायम रखा। निर्वाचन की घोषणा होते ही कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर करौली-धौलपुर सांसद व पूर्व मंत्री भजनलाल जाटव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा सरकार पर भजनलाल जाटव का तीखा हमला, बोले- जनता ने चुनाव परिणामों से दिया जवाब : नवनिर्वाचित प्रधान के निर्वाचन के बाद आयोजित कार्यक्रम में करौली-धौलपुर सांसद व पूर्व मंत्री भजनलाल जाटव ने लघुकाशी वैर की पावन धरा को नमन करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर राजनीतिक निशाना साधा।

जाटव ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए भोली-भाली जनता को डराने और धमकाने का प्रयास किया, लेकिन भरतपुर जिले की ग्रामीण जनता ने चुनाव परिणामों के माध्यम से इसका जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि भरतपुर जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख के पदों पर भी कांग्रेस काबिज हुई है। वैर विधानसभा क्षेत्र से विधायक व मंत्री रहने के दौरान यहां की जनता से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और लगन का परिणाम है कि पुष्पा तोतशराम गुर्जर निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुई हैं। सांसद जाटव ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और वैर विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पंचायत समिति वैर में पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस प्रधान पद पर काबिज रही है और यह सिलसिला आगे भी जारी है।

भाजपा की गैरमौजूदगी बनी सियासी चर्चा, कांग्रेस ने निर्विरोध दर्ज कराई जीत : प्रधान पद के निर्वाचन में भाजपा की ओर से एक भी नामांकन दाखिल नहीं होना क्षेत्र की राजनीति में चर्चा का प्रमुख विषय रहा। सदस्य पदों के चुनाव में कांग्रेस को 19 में से 9 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 3, निर्दलीयों को 6 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को एक सीट मिली थी। ऐसे राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचन होना स्थानीय राजनीति का महत्वपूर्ण घटनाक्रम बन गया।

भाजपा के पांच एवं कांग्रेस की दो प्रत्याशी बनीं प्रधान

भरतपुर, समाचार जगत ब्यूरो. पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत जिले की सातों पंचायत समितियों में प्रधान पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पंचायत समिति मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि जिले की सात पंचायत समितियों में प्रधान पद पर प्रत्याशियों का निर्वाचन हुआ। जिसमें पंचायत समिति उच्चैन से भाजपा की विनीता, वैर से कांग्रेस की पुष्पा गुर्जर, सेवर से भाजपा की जसना वर्मा, बयाना से भाजपा के यादराम गुर्जर, नदबई से भाजपा के भूपेन्द्रसिंह तथा रूपवास से भाजपा के ज्ञानेश शर्मा प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए। वही पंचायत समिति भुसावर में निर्वाचन प्रक्रिया में कांग्रेस की आशा शर्मा विजयी रहीं जिनको 14 मत मिले एवं बीजेपी प्रत्याशी पवन देवी को 5 मत प्राप्त हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में पंचायतीराज चुनाव की निर्धारित प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया।

475 विद्यार्थियों को मिली जर्सी, भामाशाह का हुआ सम्मान

हिंडौन सिटी, समाचार जगत ब्यूरो. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर में गुरुवार को विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य अरुण सिंह डागुर ने बताया कि उदभव विजन फाउंडेशन जयपुर के राजेश जैन एवं शेरपुर के मूल निवासी, जयपुर के भामाशाह धर्मचन्द जैन के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12 तक के समस्त 475 विद्यार्थियों को ऊनी जर्सी वितरित की गई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ द्वारा राजेश जैन एवं धर्मचन्द जैन का माला-साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भामाशाह धर्मचन्द जैन ने 35 निर्धन विद्यार्थियों को अगले वर्ष विद्यालय यूनिफॉर्म दिए जाने की घोषणा की।

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com
क्रमांक :– जसअ/2026/325 दिनांक: 26.11.2026
निविदा सूचना संख्या 53-54/2026-27
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2627WSOB00871 से JMC2627WSOB00872 है।
अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद/सी/26/13798

कार्यालय नगर परिषद, बून्दी (राज.)
E-Mail-bundipalika@gmail.com कुम्भा स्टेडियम के पास, बून्दी (राज0) PH: 0747-2443903
क्रमांक :- कृषि भूमि/9617 दिनांक :- 27-11-26
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती माया कसोटिया पत्नि श्री जुगल किशोर निवासी प्लॉट नं. रेगरो का मोहल्ला लाखेरी तहसील इन्द्रगढ जिला बून्दी का आवेदन नाम परिवर्तन वास्ते प्राप्त हुआ है। भूखण्ड 21 वाके शुभांगम कॉलोनी रघुवीरपुरा चतुर्थ सीमा पुर्व मे 30 फिट चौडा रास्ता पश्चिम मे :- भूखण्ड संख्या 48 उत्तर मे भूखण्ड संख्या 20 दक्षिण मे भुखण्ड संख्या 22 स्थित है माप 1075 वर्गफीट पट्टा संख्या 2298 दिनांक 30.6.2015 को मयंक पुत्र श्री रमेश कुमार के नाम जारी किया गया था। जिसको जर्य रजि0 विक्रय पत्र दिनांक 9.3.2026 से श्रीमती माया कसोटिया पत्नि श्री जुगल किशोर द्वारा क्रय कर नाम परिवर्तन चाहा गया इस बाबत् किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय हाजा में प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के बाद विचार नहीं किया जावेगा और नाम परिवर्तन कर दिया जावेंगा। उक्त आपत्ति सुचना राज्य स्तरीय समाचार पत्र मे ही प्रकाशित होने पर ही मान्य होगी।
आयुक्त नगर परिषद, बूंदी

कार्यालय नगर परिषद, बून्दी (राज.)
E-Mail-bundipalika@gmail.com कुम्भा स्टेडियम के पास, बून्दी (राज0) PH: 0747-2443903
क्रमांक :- कृषि भूमि/9618 दिनांक :- 27-11-26
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिस अहमद गौरी पुत्र श्री अब्दुल गफार गौरी निवासी नाहर का चोहटा तहसील बून्दी जिला बून्दी का आवेदन नाम परिवर्तन वास्ते प्राप्त हुआ है। भूखण्ड 29 वाके मालवीय नगर देवपुरा चतुर्थ सीमा पुर्व मे 25 फिट रोड पश्चिम मे भूखण्ड संख्या 28 ए उत्तर मे :- भूखण्ड संख्या 30 दक्षिण मे गुर्जरो का मकान स्थित है माप 1187.5 वर्गफीट पट्टा संख्या 883 दिनांक 15.6.2020 को अशफाक हुसैन गोरी पुत्र श्री अब्दुल गफार के नाम जारी किया गया था। जिसको जर्य रजि0 विक्रय पत्र दिनांक 22.12.2023 से श्री अनिस अहमद गौरी पुत्र श्री अब्दुल गफार गौरी द्वारा क्रय कर नाम परिवर्तन चाहा गया इस बाबत् किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय हाजा में प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के बाद विचार नहीं किया जावेगा और नाम परिवर्तन कर दिया जावेंगा। उक्त आपत्ति सुचना राज्य स्तरीय समाचार पत्र मे ही प्रकाशित होने पर ही मान्य होगी।
आयुक्त नगर परिषद, बूंदी

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(सेक्टर 4, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के पास, जवाहर नगर, जयपुर)
क्रमांक :– जसअ/2026/324 दिनांक: 23.11.2026
ई-निविदा सूचना संख्या 52/2026-27
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता आदर्श नगर जोन से सम्बन्धित विकास कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। जिसका यूबीएन नम्बर JMC2627WSOB00867 है।
नोट : अवकाश घोषित होने पर कार्यालय खुलने की आगामी तारीख मानी जाये।
अधिशाषी अभियन्ता (आदर्श नगर जोन)
नगर निगम जयपुर।
राज.संवाद/सी/26/13797

जयपुर विकास प्राधिकरण
ई-नीलामी दिसम्बर, 2026
294 आवासीय/व्यावसायिक एवं अन्य भूखण्ड



93 व्यावसायिक भूखण्ड
01 खसरा नं. 288 ग्राम चैनपुरा, जवाहर सर्किल तहसील सांगानेर, जयपुर (एयरपोर्ट के नजदीक)
10 आदिनाथ सरोवर-ए योजना, जयपुर
01 अनिरुद्ध एनक्लेव योजना जयपुर
03 चेतन विहार, जयपुर
09 दीनदयाल नगर, जयपुर
01 डायमण्ड सिटी योजना जयपुर
01 गनक एन्क्लेव योजना, जयपुर
01 गोविंदपुरा करधनी डी-ब्लॉक स्कीम, जयपुर
02 हनुमान नगर एच जयपुर
01 हनुमान वाटिका-ए-1 योजना, जयपुर
05 हरित विहार, योजना, जयपुर
03 हर्ष वाटिका योजना, जयपुर
01 रामचन्द्रपुरा योजना तह. सांगानेर ERCP योजना, जयपुर
01 आकृति एन्क्लेव-ए योजना, जयपुर
02 खुशी संसार योजना, जयपुर
07 कृष्णा सिटी, जयपुर
01 नाथू लाल करोल एन्क्लेव योजना, जयपुर
01 गोल्डन रेजीडेंसी स्कीम, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2595
03 रियासत निर्वाणा (निजी खातेदार) योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2025/3457
04 संतोष विला ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर
01 शौर्य नगर योजना, जयपुर
02 श्रीनाथ एन्क्लेव तहसील-बस्सी जयपुर
01 दी ग्रेटर जगतपुरा योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/2926
02 दी रिंग एवेन्यू ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर
02 दी रियासत रेजीडेंसी योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/2033
01 टाईम्स ईस्टेट फेज-।।, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/3671
21 वेस्ट वे हाईटस (जेडीए योजना), जयपुर
04 यमुना विहार जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2025/3622
01 गोविंदम आश्रम योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/3315
68 मिश्रित उपयोग भूखण्ड
03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खण्डवास जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सिरोली जयपुर
05 रिंग रोड परियोजना ग्राम - गोनेर जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - लखेसरा जयपुर
04 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खटवाडा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - चिमनपुरा जयपुर
02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - पीपला जयपुर
08 रिंग रोड परियोजना ग्राम - मुहाना जयपुर
02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अचरावाला जयपुर
05 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अभयपुरा जयपुर
09 रिंग रोड परियोजना ग्राम - बदनपुरा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - मनोरियावाला जयपुर
08 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सीतारामपुरा जयपुर
02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खेडी गोकुलपुरा जयपुर
04 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खेतपुरा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - लक्ष्मीपुरा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सूरजपुरा जयपुर
03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - श्यामपुरा बुहारिया जयपुर
03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अजयराजपुरा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - प्रहलादपुरा जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - दादिया जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - बुरथल जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - शिवदासपुरा जयपुर
88 आवासीय भूखण्ड
57 अभिनव विहार विस्तार, जयपुर
03 आदित्य विहार योजना, जयपुर
01 आनन्द विहार जयपुर
02 आनन्द लोक-1 जयपुर
01 अनुपम विहार योजना, जयपुर
01 अटल योजना जयपुर
01 बगरू ग्रीन योजना जयपुर
11 दीनदयाल नगर योजना जयपुर
01 फ्लेटेड हाउसिंग योजना मनोहरपुरा, जयपुर
01 पटेल नगर योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2588
01 पत्रकार कॉलोनी, जयपुर
01 स्वर्ण विहार जयपुर
02 विप्र विहार जयपुर
05 यस विहार जयपुर
15 ग्रुप हाउसिंग
04 अनुपम विहार योजना, जयपुर
11 हरित विहार योजना, जयपुर
सर्विस याई 04 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर
गोदाम 10 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर
07 निर्मित दुकान
04 अण्डपास, (एस.एम.एस. अस्पताल से ट्रोमा सेंटर) जयपुर
03 विद्याधर नगर सेक्टर-1 जयपुर
06 दुकान भूखण्ड
01 आनन्द विहार योजना जयपुर
03 विद्याधर नगर सेक्टर-8 जयपुर
02 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर
संस्थानिक भूखण्ड 02 रामचन्द्रपुरा योजना, जगतपुरा जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2019/937
रेस्टोरेंट/कैफे 01 निलय कुज फेस-2, जयपुर
भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करें:
0141-2570678, 2569696, Ex.-7021, 7226, 1128
नीलामी की नियम व शर्तों के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट
www.jda.rajasthan.gov.in
RERA Website : http://rera.rajasthan.gov.in
इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर- 302004
राज.संवाद/सी/26/13811

संपादकीय

आस्ट्रेलिया की लोवी इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में भारत को दुनिया का अकेला 'मेजर पावर' माना गया है और भारत से ऊपर अमेरिका और चीन को 'सुपर पावर' की श्रेणी में रखा गया है

एशिया में प्रधानमंत्री मोदी दूसरे प्रभावशाली नेता, भारत तीसरा ताकतवर देश

आस्ट्रेलिया की लोवी इंस्टीट्यूट की 2026 की एशिया पावर इंडेक्स रिपोर्ट में भारत एशिया की तीसरी बड़ी ताकत बनकर उभरा है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद दूसरे प्रभावी नेता माने गए हैं। अर्थव्यवस्था की ताकत में थोड़ी गिरावट के बावजूद भारत ने एशिया में कूटनीतिक, सैन्य और सांस्कृतिक स्थिति मजबूत की है। भारत ने लगातार तीसरे संस्करण में भी तीसरा स्थान बरकरार रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने ऐसे समय एशिया में प्रभाव बढ़ाया है। जब उसे घरेलू स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारत की आर्थिक क्षमता के अंक थोड़े घटे हैं। लेकिन भविष्य के संसाधनों, रक्षा संबंधों में सुधार हुआ है। भारत उन पांच देशों में शामिल है, जिनके आर्थिक संबंधों से जुड़े अंक कम नहीं हुए। हालांकि, चीन की ताकत अब भी भारत से 80 फीसदी अधिक है। भारत-चीन में ताकत का अंतर 2018 में इंडेक्स की शुरुआत के बाद सबसे कम रह गया है। कूटनीतिक प्रभाव के मामले में भारत की सबसे मजबूत स्थिति सामने आई है। इस श्रेणी में भारत 70.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। हालांकि वैश्विक नेतृत्व और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के मामले में भारत की स्थिति कमजोर हुई है। भविष्य की आर्थिक क्षमता में भी भारत को तीसरा स्थान मिला। एशिया पावर इंडेक्स 2026 कुल 131 मानकों के आधार पर एशिया के 27 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग करता है। इसका उद्देश्य यह आकलन करना है कि एशिया में किस देश के पास कितनी शक्ति है और प्रभाव है। अमेरिका की सैन्य उपस्थिति, कूटनीतिक, नेटवर्क, आर्थिक भागीदारी एशिया को प्रभावित करती है। रक्षा संबंध के मामले में भारत ने दो स्थान की छलांग लगाई है। इस श्रेणी में 18.6 अंक के साथ भारत नौवें स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ सहयोग और ब्रह्मोस मिसाइलों की बिक्री से भारत की स्थिति से मजबूत हुई है। यहां यह बता दें कि भारत के बढ़ते प्रभाव की तस्दीक करती यह रिपोर्ट सुखद और अनुकरणीय है। यहां यह उल्लेखनीय है कि जैसा कि पूर्व में बताया जा चुका है, आस्ट्रेलिया की 'लोवी इंस्टीट्यूट' ने 2026 के लिए 'एशिया पावर इंडेक्स' जारी किया है। यह शक्ति सूचकांक भारत की बढ़ती ताकत का नवीनतम प्रमाण है। भारत को दुनिया का अकेला 'मेजर पावर' माना गया है और भारत से ऊपर अमेरिका व चीन को 'सुपर पावर' की श्रेणी में रखा गया है। भारत की विस्तार से चर्चा करने से पहले यह देखना रोचक होगा कि महाशक्ति के रूप में अमेरिका और चीन के बीच अंतर तेजी से घट रहा है। दोनों महाशक्तियों के बीच केवल 5.3 अंकों का अंतर रह गया है। हालांकि चीन की बुनियादी में अमेरिकी योगदान बहुत ज्यादा है। अमेरिका ने केवल तकनीकी रूप से ही मदद नहीं की है, बल्कि एक बड़े बाजार के रूप में भी वह बीजिंग के काम आ रहा है। दशकों से अमेरिकी कंपनियां चीन को उत्पादन केंद्र बनाने में जुटी है। वैसे चीन को भी श्रेय देना चाहिए। चीन ने अपने दम पर भी बहुत मेहनत से ऊंचा मकाम बनाया है। अब बात भारत की, इस विकासशील देश को तकनीकी या निवेश का लाभ चीन की तरह नहीं मिला है। यह वैश्विक हालात से लगातार प्रभावित होने के बावजूद अपने दम पर अपनी ताकत बढ़ाता आ रहा है। दूसरे देशों के थिंकटैंक भी यही मानते हैं कि कूटनीतिक जगत में भारत मजबूत स्थिति में है और उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थिर नेतृत्व से ताकत मिल रही है। यहां यह बता दें कि बीता समय भारत के लिए अच्छा नहीं रहा है। फिर भी इसका समग्र स्कोर 40.5 माना गया है। साथ ही आर्थिक क्षमता में कुछ गिरावट के बाजवूद भारत की रैंकिंग में लाभ हुआ है। यह रिपोर्ट प्रेरित करती है कि भारत अपनी आर्थिक क्षमता के विकास पर पहले की तुलना में ज्यादा ध्यान दे। आर्थिक क्षमता जैसे-जैसे बढ़ेगी, समग्र रूप से भारत मजबूत और आत्मनिर्भर होता चला जाएगा। रुपए का लगातार कमजोर होना और अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के तरीके से भी भारत की रैंकिंग प्रभावित होती रही है। भारत को अपनी कमियों पर विशेष ध्यान देना होगा। इसी सप्ताह सोमवार को ही भारतीय शेयर बाजार में जो गिरावट आई उससे चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत में जिन लोगों के पास पूंजी है, उद्योग है, देने के लिए नौकरी है, उन्हें अपनी भूमिका को तेजी से विस्तार करना चाहिए। ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद दूसरे सबसे प्रभावी नेता है। काश पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में भारतीय कूटनीति की एक प्रभावी भूमिका होगी। लोवी इंस्टीट्यूट के मुताबिक भारत द्वारा आयोजित सामरिक अभ्यास से लौटते समय अमेरिका द्वारा एक ईरानी नौसैनिक पोत को डुबाए जाने पर भारत की मंद प्रतिक्रिया पर भी दुनिया ने गौर किया है। ऐसी मंद या उदार प्रतिक्रिया पहले भी अनेक बार देखने में आई है। रिपोर्ट एक तरह से इशारा है, भारत प्रभावशाली देश है उसे जरूरी मौकों पर मुखरता से पेश आना चाहिए। रक्षा उत्पादन से भारत आगे आया है और इसका उसे लाभ भी मिलने लगा है। बहरहाल भारत को नए दौर की तकनीकी तरक्की पर ज्यादा ध्यान देना होगा। अपनी बढ़ती शक्ति और प्रभाव को स्थानीय स्तर पर संजोने की जरूरत है, लेकिन तथ्य यह है कि एआई-कौशल से लैस इंजीनियर विदेश या अमेरिका जाकर काम करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि चीन तकनीकी तरक्की के दम पर ही अमेरिका से मुकाबला कर रहा है।

तेजी से बढ़ता स्लीप डिवोर्स का चलन



अमित बैजनाथ गर्ग

स्लीप डिवोर्स का मतलब है कि कोई कपल एक ही बिस्तर पर सोने की बजाय अलग-अलग बिस्तरों पर सोने का फैसला करता है। नींद की कमी से लोगों के कामकाज पर गहरा असर पड़ रहा है। वहीं पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक नींद से वंचित रहती हैं। लगातार अच्छी नींद उम्र और स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन इसे असल जिंदगी में अपनाना चुनौती बना हुआ है।

हाल ही में रेसमेड की ओर से ग्लोबल स्लीप सर्वे जारी किया गया। इसके निष्कर्ष इस बात की ओर इशारा करते हैं कि दुनिया के साथ-साथ भारत में भी स्लीप डिवोर्स का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सर्वे के मुताबिक, भारत में केवल 47 प्रतिशत जोड़े ही एक ही बिस्तर पर सोते हैं। वहीं 46 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि उनका पार्टनर सप्ताह में कम से कम एक बार उनकी नींद में खलल डालता है। इन परेशानियों के प्रभाव को देखते हुए 53 प्रतिशत भारतीयों ने बताया कि वे सप्ताह में कम से कम एक रात अपने पार्टनर से अलग सोते हैं। स्लीप डिवोर्स का मतलब है कि कोई कपल एक ही बिस्तर पर सोने के बजाय अलग-अलग बिस्तरों पर सोने का फैसला करता है। सर्वे कहता है कि आने वाले समय में यह ट्रेंड और तेजी से बढ़ेगा। सर्वे के अनुसार, दुनिया भर में और विशेष रूप से भारत में नींद से जुड़ी समस्याएं और आदतें और तेजी से गहरा गई हैं। इस सर्वे में 13 देशों के 30,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया था, जबकि भारत के 5,000 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। इन सभी लोगों की नींद के तरीकों का अध्ययन किया गया। सर्वे के प्रमुख वैश्विक निष्कर्ष कहते हैं कि दुनिया भर में 53 फीसदी लोग सप्ताह में सिर्फ चार दिन या उससे कम ही अच्छी नींद ले पाते हैं। वहीं 84 प्रतिशत लोग मानते हैं कि लगातार अच्छी नींद उम्र और स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन इसे असल जिंदगी में अपनाना चुनौती बना हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह काम का दबाव और जिंदगी की परेशानियों का तनाव बताया गया है। सर्वे बताता है कि दुनिया भर में वियरएबल डिवाइस का चलन बढ़ा है यानी कि नींद को ट्रैक करने वाले स्मार्टवॉच और अन्य गैजेट्स का उपयोग करने वालों की संख्या 2025 के 16 फीसदी से बढ़कर 2026 में 53 प्रतिशत हो गई है। सर्वे में नींद में खलल के कई कारण बताए गए हैं। वैश्विक स्तर पर नींद में बाधा डालने वाले मुख्य कारण तनाव और चिंता हैं, जिनका योगदान 39 प्रतिशत रहा है। वहीं डिजिटल डिवाइस या स्क्रीन का योगदान 22 फीसदी और काम का दबाव 21 प्रतिशत रहा है। इधर, 66 फीसदी लोगों का कहना है कि वे नींद की समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह लेंगे, लेकिन वास्तव में केवल 23 प्रतिशत लोग ही ऐसा कर पाए हैं। मसलन नींद की समस्या होने के बावजूद लोग डॉक्टर के पास नहीं जा रहे हैं। कुछ का समय नहीं मिलने का तर्क है, तो कुछ इसे स्वतः ही ठीक होने वाली समस्या मानकर चल रहे हैं। सर्वे में भारत से जुड़े खास आंकड़े पेश किए गए हैं। भारत में अलग-अलग सोने या स्लीप डिवोर्स का चलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत में केवल 47 फीसदी जोड़े ही एक ही बिस्तर पर साथ सोते हैं। वहीं 46 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि उनका पार्टनर सप्ताह में कम से कम एक बार उनकी नींद में खलल डालता है। नींद की कमी के प्रभाव को देखते हुए 53 फीसदी भारतीयों ने इसके चलते कामकाज पर असर महसूस किया है। भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक नींद से वंचित रहती हैं, जिसका कारण पारिवारिक जिम्मेदारियां और तनाव है। भारत में अधिकतर लोगों ने काम का दबाव या मन का काम नहीं मिलने के कारण होने वाले तनाव को नींद की कमी का प्रमुख कारण माना है। अधिकतर लोगों का कहना है कि मन का काम नहीं मिलने के कारण वे खुशी महसूस नहीं कर पाते, जिसके चलते उनकी नींद में खलल पड़ता है।

कहा जाता है कि स्लीप डिवोर्स शब्द का पहला प्रचलित इस्तेमाल 2013 के आसपास मीडिया में आया, लेकिन अलग-अलग कमरों या बिस्तरों में सोने की परंपरा इससे कहीं पुरानी है। इतिहास में राजा-महाराजाओं और संपन्न परिवारों में अलग-अलग बेडरूम होना आम बात थी। यह रिश्ते में दूरी के बजाय जगह, निजता और आराम की सुविधा का प्रतीक था। समय के साथ शहरीकरण बढ़ा और घरों के आकार छोटे हुए, जिससे एक ही कमरे और बिस्तर साझा करने की परंपरा सामाजिक रूप से सामान्य मानी जाने लगी। नींद की गुणवत्ता, खर्राटों, अलग काम के समय और व्यस्त जीवन शैली पर बढ़ते शोध के कारण अब इसे रिश्ते की कमजोरी के बजाय बेहतर नींद और स्वास्थ्य के व्यावहारिक फैसले के रूप में देखा जाने लगा है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्लीप डिवोर्स कहने में तो नकारात्मक शब्द है, लेकिन असल में ऐसा नहीं है।

वहीं डॉक्टर का कहना है कि स्लीप डिवोर्स से आसानी से बचाव किया जा सकता है। यह बहुत बड़ी समस्या नहीं है। सबसे पहले लोगों को घबराहट से बचना होगा। उनका कहना है कि स्लीप डिवोर्स के नकारात्मक प्रभावों से अपने रिश्ते को सुरक्षित रखने के लिए खुले तौर पर बातचीत करें। किसी भी तरह की गलतफहमी होने पर तुरंत दूर करने के प्रयास करें। पार्टनर से इस बात पर खुलकर चर्चा करें कि अलग सोने का मतलब प्यार में कमी या अस्वीकृति नहीं है, बल्कि यह सिर्फ बेहतर स्वास्थ्य और नींद के लिए है। अपने पार्टनर से समय पर बात करें। इसे नाराजगी बढ़ने से पहले ही सामान्य बातचीत के रूप में उठाएं। डॉक्टर्स बातचीत पर सबसे ज्यादा जोर देते हैं। उनका मानना है कि समस्या के समाधान का इससे बेहतर तरीका कोई नहीं है।

डॉक्टर की सलाह है कि यदि दोनों को साथ सोना पसंद है, तो स्कैंडिनेवियाई स्लीप मेथड यानी कि अलग-अलग कंबल अपनाएं, ताकि तापमान या खिंचाव से नींद न टूटे। यदि खर्राटों या स्लीप एपनिया की समस्या है, तो डॉक्टर को दिखाएं और सीपीएपी मशीन जैसी चिकित्सकीय मदद लें। इयरप्लग, व्हाइट नॉइज मशीन या आई मास्क का उपयोग करें। भावनात्मक और शारीरिक जुड़ाव बनाए रखें। सोने से ठीक पहले 10 से 15 मिनट साथ बैठकर बातें करें या विंड-डाउन रूटीन साझा करें। गले मिलना, साथ में कॉफी पीना या वीकेंड पर सुबह साथ समय बिताने जैसी आदतें अपनाएं। सप्ताह या महीने में कुछ दिन साथ सोने का प्लान बनाएं, ताकि पुराने जुड़ाव में कमी न आए। यदि अलग सोने से दोनों के बीच भावनात्मक दूरी या संवाद में कमी आ रही है, तो किसी कपल थेरेपिस्ट से सलाह लें। इस तरह कुछ विकल्पों को अपनाकर स्लीप डिवोर्स की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

(लेखक के निजी विचार है)

मुफ्त दवा योजना मरीजों के लिए बनी मृग मरीचिका



नफीस आफरीदी

स्वास्थ्य सेवाएं किसी सरकार की कृपा नहीं, नागरिकों के जीवन और सम्मान से जुड़ी सार्वजनिक जिम्मेदारी हैं

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकारों के दावे और अस्पतालों में मरीजों की वास्तविक स्थिति के बीच अक्सर एक लंबी दूरी दिखाई देती है। राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल, जयपुर से आई दवाइयों की कमी की खबर इसी दूरी को उजागर करती है। जिस अस्पताल में प्रदेश के कोने-कोने से गरीब, मध्यमवर्गीय और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर आते हैं, वहां यदि जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं और मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से उन्हें खरीदना पड़ रहा है, तो यह महज प्रशासनिक अव्यवस्था नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति गंभीर चेतावनी है।अस्पताल में हृदय रोग, मधुमेह, मानसिक रोग, त्वचा रोग और संक्रमण सहित अनेक बीमारियों के उपचार में काम आने वाली दवाइयां अनुपलब्ध हैं।इनमें एस्पिरिन, वारफारिन, मेटफॉर्मिन, लिनाग्लिप्टिन, रिसपेरीडोन, लिथियम कार्बोनेट, मोक्सीफ्लोक्सासिन और अन्य दवाइयां शामिल हैं। डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयां जब अस्पताल के काउंटर पर नहीं मिलतीं, तब मरीज को कभी दूसरे काउंटर पर भेजा जाता है तो कभी बाहर से खरीदने की सलाह दी जाती है। नियमित उपचार कराने वाले मरीजों के लिए यह स्थिति और भी कष्टकारी है।

यहां एक बुनियादी सवाल उठता है कि जिस मरीज ने सरकारी अस्पताल का रुख इसलिए किया कि उसे कम खर्च में उपचार मिल सके, वह यदि दवाइयों के लिए निजी मेडिकल स्टोर के चक्कर लगाए तो मुफ्त इलाज की अवधारणा का व्यावहारिक अर्थ क्या रह जाता है? राजस्थान में निःशुल्क दवा योजना आम नागरिक को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। बाद में इसे मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के रूप में व्यापक स्वरूप दिया गया। इसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराना है। यह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। मरीज के हाथ में डॉक्टर की लिखी दवा नहीं पहुंचती तो योजना का वास्तविक उद्देश्य अधूरा ही रहता है।

राज्य सरकार के आर्थिक समीक्षा दस्तावेज 2025-26 के अनुसार दिसंबर 2025 तक निःशुल्क दवा योजना से 15.73 करोड़ मरीजों को लाभ मिलने और 1,312.19 करोड़ रुपये व्यय होने का उल्लेख है। ये आंकड़े योजना के बड़े विस्तार को दर्शाते हैं,लेकिन मरीजों की संख्या और खर्च का आंकड़ा यह प्रमाणित नहीं करता कि प्रत्येक अस्पताल में प्रत्येक जरूरी दवा समय पर उपलब्ध है। लाभार्थियों की संख्या के साथ दवाइयों की उपलब्धता का स्वतंत्र मूल्यांकन भी जरूरी है।

राजस्थान की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट ने भी कई गंभीर कमियां उजागर की हैं। स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित इस रिपोर्ट में 2016 से 2022 तक की अवधि की जांच की गई। रिपोर्ट 2025 में विधानसभा में प्रस्तुत हुई।रिपोर्ट में नमूना जांच किए गए सरकारी चिकित्सा संस्थानों और जिला औषधि भंडारों में आवश्यक दवाइयों की कमी पाई गई। अस्पतालों को उनकी मांग से कम दवाइयां जारी होने, दर अनुबंधों को अंतिम रूप देने में देरी और निर्धारित सुरक्षित भंडार स्तर से काफी नीचे पहुंचने के बाद खरीद आदेश दिए जाने जैसी समस्याएं सामने आईं। प्रयोगशालाओं से दवाइयों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट मिलने में देरी भी आपूर्ति बाधित होने का एक कारण बताई गई।

सरकारी अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज मध्यवित्त परिवारों के होते हैं। बहुत से मरीज दूरदराज के गांवों और कस्बों से किराया खर्च करके जयपुर पहुंचते हैं। उनके साथ आने वाले परिजन भी कई बार रोज कमाने-खाने वाले होते हैं। ऐसे परिवार के लिए बाहर से पांच सौ या हजार रुपये की दवा खरीदना भी भारी पड़ सकता है। यदि बीमारी हृदय या मधुमेह जैसी है और दवाइयां नियमित रूप से लेनी हैं तो यह खर्च हर महीने की आर्थिक परेशानी बन जाता है। दवा न मिलना केवल आर्थिक बोझ नहीं बढ़ाता, बल्कि उपचार की निरंतरता भी प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से हृदय रोग, मधुमेह और मानसिक रोगों में नियमित दवा सेवन का महत्व है। मरीज यदि पैसे के अभाव में दवा खरीद नहीं पाता तो उसकी बीमारी गंभीर हो सकती है। इस तरह अस्पताल में दवा की अनुपलब्धता अंततः मरीज के स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम बन जाती है।

एसएमएस अस्पताल प्रदेश का प्रमुख चिकित्सा संस्थान है। यदि यहां दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कठिनाई आ रही है तो जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की समीक्षा और भी आवश्यक हो जाती है। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि पूरे प्रदेश में स्थिति एक जैसी है, लेकिन राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल की खबर निश्चित रूप से व्यापक जांच की मांग करती है।असली कसौटी यह है कि किसी ग्रामीण मरीज को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर, जांच और जरूरी दवा मिल रही है या नहीं। यदि उसे सामान्य दवा के लिए भी जिला मुख्यालय या राजधानी की ओर भागना पड़ता है तो स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। सरकार अपने तीन वर्षों की उपलब्धियों का जश्न मनाने जा रही है। विकास के दावों और उपलब्धियों का सार्वजनिक मूल्यांकन लोकतंत्र का सामान्य हिस्सा है, लेकिन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में उपलब्धियों का आकलन प्रचार से नहीं, मरीज के अनुभव से होना चाहिए।यदि सरकारी अस्पताल में डॉक्टर दवा लिखता है और उसी अस्पताल का दवा काउंटर उसे उपलब्ध कराने में असमर्थ रहता है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि योजना और क्रियान्वयन के बीच तालमेल कहां टूट रहा है? सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि दवाइयों की कमी किन कारणों से हुई, कितने समय से बनी हुई है और इसे दूर करने की समयबद्ध कार्ययोजना क्या है। योजनाओं के नाम बदलने, नई घोषणाएं करने और उपलब्धियों के विज्ञापन से अस्पताल की अलमारी में दवाइयां नहीं पहुंचतीं। उसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति, वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही की जरूरत होती है। इस संकट का समाधान केवल अतिरिक्त बजट घोषित करने से नहीं होगा। इसके लिए दवा खरीद से लेकर मरीज तक पहुंचने की पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा।

इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल और औषधि भंडार में दवाइयों के स्टॉक की ऑनलाइन निगरानी हो। कौन-सी दवा कितनी उपलब्ध है, किसकी मांग बढ़ रही है और किसकी आपूर्ति बाधित है। जीवनरक्षक और नियमित उपयोग की दवाइयों का निश्चित बफर स्टॉक रखा जाए। स्टॉक एक निर्धारित सीमा पर पहुंचते ही खरीद प्रक्रिया स्वतः शुरू हो खरीद में अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। अस्पताल में हेल्प डेस्क, टोल फ्री नंबर और ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था हो। शिकायत का निस्तारण समय सीमा में किया जाए।सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का उद्देश्य केवल मरीज का पंजीकरण करना या उसे डॉक्टर तक पहुंचाना नहीं है। उपचार तब पूरा होता है जब मरीज को आवश्यक जांच, चिकित्सकीय परामर्श और निर्धारित दवाइयां उपलब्ध हों। इनमें से कोई एक कड़ी कमजोर पड़ती है तो पूरी व्यवस्था प्रभावित होती है।

स्वास्थ्य सेवाएं किसी सरकार की कृपा नहीं, नागरिकों के जीवन और सम्मान से जुड़ी सार्वजनिक जिम्मेदारी सरकार यदि वास्तव में निःशुल्क इलाज को अपनी उपलब्धि मानती है तो उसे एक सरल सवाल का जवाब देना होगा—क्या सरकारी अस्पताल में डॉक्टर द्वारा लिखी गई जरूरी दवा मरीज को उसी अस्पताल में मुफ्त मिल रही है? मुफ्त इलाज की घोषणा तभी सार्थक होगी, जब मरीज को दवा खरीदने के लिए अपनी जेब नहीं टटोलनी पड़े।

(लेखक के निजी विचार है)

अतीत के झरोखे से...

इस्तगासे का विश्वसनीय गवाह-2



फैसले के दूसरे भाग में न्यायाधीशों ने इस्तगासे की गवाहियों पर विचार किया। इन गवाहियों को छह शीर्षकों के अन्तर्गत विभाजित किया गया। इस्तगासे ने 271 दस्तावेज पेश किए थे। इन्हें आठ शीर्षकों में बांटा गया। जबानी गवाहियां दस्तावेजी गवाहियों के समानान्तर ही चलीं। ट्रिब्यूनल ने कपड़द्वारा में होने वाले लेन-देन की अहमियत के सवाल में जाना आवश्यक नहीं समझा और केवल चुन्नीलाल धेवरचन्द के कर्जे के सवाल से सम्बन्ध रखने वाले लेन-देन को ही महत्व दिया। हां, कपड़द्वारा के लेन-देन के मामलों को इस लिहाज से प्रासंगिक माना गया कि इनसे स्थानीय व्यापारियों द्वारा कपड़द्वारा से रुपया उधार लेने की परिपाटी सिद्ध होती है। इसीलिए उन गवाहों को अहमियत दी गई जिन्होंने यह सिद्ध किया कि कपड़द्वारा ब्याज पर रुपए उधार देता आया था।

ट्रिब्यूनल ने इस्तगासे के गवाहों में सुगनचन्द को सबसे महत्वपूर्ण और निर्भर करने योग्य माना। कर्जे के लिए बात करने और इसे चुन्नीलाल धेवरचन्द को दिए जाने के तरीके के सम्बन्ध में सुगनचन्द की गवाही विश्वसनीय मानी गई। फैसले के अनुसार "गवाह के रूप में सुगनचंद का तौर-तरीका बहुत सही था। जिरह के दौरान बचाव पक्ष ने भी स्वीकार किया कि वह एक विश्वसनीय गवाह है। उसने बिना किसी हिचकिचाहट के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए।

बेटियों के हाथों में किताबें हों, बचपन में विवाह की बेड़ियाँ नहीं



डॉ. लीलाधर दोचानिया
सेवानिवृत्त (डिप्टी डायरेक्टर), राजस्थान सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
साहित्यकार एवं राज्य सरकार से अधिस्वीकृत स्वतंत्र पत्रकार

बचपन जीवन का वह अनमोल समय है, जिसमें सपने आकार लेते हैं, प्रतिभाएँ विकसित होती हैं और भविष्य की बुनियाद रखी जाती है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए, उस उम्र में विवाह की जिम्मेदारियाँ थोप देना उनके भविष्य के साथ अन्याय है। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहे हमारे समाज में आज भी बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अस्तित्व चिंताजनक है। शिक्षा और जागरूकता के विस्तार के बावजूद कहीं सामाजिक दबाव, कहीं आर्थिक मजबूरी तो कहीं रूढ़िवादी परंपराओं के नाम पर बच्चों का बचपन उनसे छीन लिया जाता है।

परंपरा के नाम पर भविष्य से खिलवाड़ नहीं

राजस्थान अपनी गौरवशाली संस्कृति, समृद्ध परंपराओं, शौर्य और मानवीय मूल्यों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। लेकिन समय के साथ उन परंपराओं में बदलाव भी आवश्यक है, जो किसी व्यक्ति के विकास में बाधक बनती हैं। बाल विवाह ऐसी ही एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। परंपराएँ समाज को जोड़ने के लिए होती हैं, किसी के सपनों को तोड़ने के लिए नहीं। सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकलाज के नाम पर बच्चों के भविष्य का निर्णय करना उचित नहीं है।

शिक्षा ही बदलाव की सबसे बड़ी ताकत

एक शिक्षित बेटी केवल अपना भविष्य नहीं सँवारती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को नई दिशा देती है। आज बेटियाँ शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, विज्ञान, खेल, राजनीति और साहित्य सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। आवश्यकता है कि अभिभावक बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करें। बेटी के विवाह की चिंता करने से पहले उसके भविष्य निर्माण की चिंता करनी चाहिए।

बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणाम

कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा बाधित होती है। विशेषकर बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कम उम्र में गर्भधारण माँ और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ा सकता है। आर्थिक निर्भरता और घरेलू जिम्मेदारियाँ भी उनके व्यक्तित्व विकास में बाधक बनती हैं। भारत में विवाह की न्यूनतम कानूनी आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह कानूनन प्रतिबंधित है, लेकिन केवल कानून बना देने से सामाजिक कुरीतियों का अंत नहीं होता। इसके लिए जनमानस की सोच में परिवर्तन लाना आवश्यक है।

समाज को निभानी होगी अपनी जिम्मेदारी

बाल विवाह की रोकथाम केवल सरकार और प्रशासन का दायित्व नहीं है। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, धर्मगुरुओं, पत्रकारों और प्रत्येक जागरूक नागरिक को इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए।

ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो चुप रहने के बजाय संबंधित प्रशासन अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित करना चाहिए।

बेटियाँ बोझ नहीं, भविष्य की निर्माता हैं

समाज की वास्तविक प्रगति ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों और आधुनिक सुविधाओं से ही नहीं, बल्कि इस बात से भी आँकी जानी चाहिए कि वहाँ बेटियों को आगे बढ़ने के कितने अवसर मिल रहे हैं। बेटियों को दहेज नहीं, शिक्षा दीजिए। बंदिशें नहीं, अवसर दीजिए। उनके सपनों को सीमित करने के बजाय उन्हें खुला आसमान दीजिए। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि किसी भी बच्चे का बचपन विवाह की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। हर बेटी को पढ़ने, आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का पूरा अवसर देंगे।

याद रखिए, बेटी की विदाई से पहले उसकी सफलता का उत्सव मनाना ही बदलते और विकसित समाज की वास्तविक पहचान है।

(लेखक के निजी विचार है)

न्यूज गैलरी

रूसी आपातकालीन मंत्रालय के प्रमुख अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे बहरीन

मनामा, (वार्ता/स्पुतनिक)। रूसी आपातकालीन मंत्रालय (इमरकॉम) के प्रमुख अलेक्जेंडर कुरेनकोव अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बहरीन पहुंचे हैं। इमरकॉम के अनुसार, कुरेनकोव बहरीन के राजा के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा और बहरीन के गृह मंत्री शेख राशिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा के साथ बातचीत करेंगे। वह बहरीन के राष्ट्रीय संकट प्रबंधन केंद्र का दौरा भी करेंगे और 'राष्ट्रीय नागरिक आपातकालीन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा बहरीन के पुलिस प्रमुख, तारिक बिन हसन अल हसन से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, इमरकॉम मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी रूस-बहरीन की पहली गोलमेज बैठक में हिस्सा लेंगे, जहां वह आपातकालीन प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। यह रूस के इमरकॉम प्रतिनिधिमंडल की बहरीन की पहली यात्रा है। इससे पहले श्री कुरेनकोव ने मास्को में बहरीन के राजदूत अहमद अब्दुल रहमान अल साती से मुलाकात की थी। उन्होंने आपातकालीन स्थितियों की रोकथाम एवं उनसे निपटने के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं तथा रूसी प्रतिनिधिमंडल की आगामी यात्रा पर चर्चा की थी।

ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन में ईयू देश बजट समझौते पर सहमति नहीं बना पाये

मास्को, (वार्ता/स्पुतनिक)। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने बताया कि ब्रुसेल्स में हुए शिखर सम्मेलन में यूरोपीय संघ के नेता 2028-2034 के बजट पर किसी समझौते पर सहमति बनाने में विफल रहे। यह जानकारी स्पुतनिक ने शुक्रवार को दी। कोस्टा ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ के नेता यूक्रेन के लिए अतिरिक्त 45 अरब यूरो (49.35 अरब डॉलर) आवंटित करने पर भी सहमत नहीं हो सके और वे दिसंबर में इस पर फिर से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 सदस्य देशों ने यूक्रेन को अतिरिक्त राशि देने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस ऋण को दो हिस्सों में बांटा गया है जिसमें पहला 25 अरब यूरो सैन्य सहायता के लिए और दूसरा 20 अरब यूरो सामान्य बजट सहायता के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में बुल्गारिया केवल गैर-सैन्य हिस्से में भाग लेने के लिए सहमत हुआ।

एपीईसी 2026 को सफल बनाने के लिए चीन अन्य सदस्य देशों के साथ मिलकर किया काम : चीन

हनोई, (वार्ता)। वियतनाम के विदेश मामलों के उप मंत्री गुयेन मिन्ह वू ने शुक्रवार को कहा कि चीन ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) 2026 के मेजबान वर्ष को सफल बनाने के लिए अन्य सदस्य देशों के साथ मिलकर काम किया। मिन्ह वू ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एपीईसी 2026 की उपलब्धियों और परिणामों के आधार पर वियतनाम वर्ष 2027 में इस मंच की मेजबानी के दौरान क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा। इसके लिए डिजिटल व्यापार, आर्थिक मजबूती, डिजिटल साक्षरता, आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग और खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने नवंबर में शेनझेन में एपीईसी नेताओं द्वारा अपनाए गए 'एपीईसी व्यापार डिजिटलीकरण सहयोग ढांचे' का विशेष उल्लेख किया।

यूपी में निर्मित 'ब्रह्मोस' से पाकिस्तान बाप-बाप चिल्ला रहा है: योगी

वार्ता



गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बने ब्रह्मोस मिसाइल से डरा पाकिस्तान बाप-बाप चिल्ला रहा है। प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि उसकी अर्थव्यवस्था तीन गुना हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के नए अवसर पैदा हो रहे हैं और अब युवा नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को गोण्डा के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद डिजिटल कार्यक्रम के तहत देवीपाटन मंडल के 47 हजार छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल का इतिहास गौरवशाली रहा है। श्रावस्ती भगवान बुद्ध और लव-कुश की धरती है। यह आक्रांताओं को धूल चटाने वाली वीरों की भूमि रही है। योगी ने कहा कि उन्हें आश्चर्य होता है कि 2017 से पहले गोण्डा देश के सबसे गंदे शहरों में शामिल था। देवीपाटन मंडल की सड़कें सबसे खराब थीं और प्रति व्यक्ति आय भी बेहद कम थी। मंडल के चारों जिले आकांक्षात्मक जिलों में शामिल थे। भाजपा सरकार बनने के बाद वह छठी बार मंडल के दौरे पर आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मंडल को 36 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। गोण्डा में मेडिकल कॉलेज, बलरामपुर में मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर मेडिकल कॉलेज स्थापित किया गया है। थारू समुदाय के लिए संग्रहालय भी खोला गया है। श्रावस्ती में हवाई सेवा शुरू होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। पूर्ववर्ती सपा-बसपा सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में चार गुना अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके सामने समस्याएं खड़ी कीं और प्रदेश को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' दिया। उन्होंने कहा कि पहले सपा सरकार में कट्टा और बम का भय था, जबकि अब प्रदेश में सुरक्षा और विकास का माहौल है। उन्होंने नारा दिया, 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवाओं को डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बेहतर फर्नीचर और खेल मैदान जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। टैबलेट विद्यार्थियों के लिए चलता-फिरता विश्वविद्यालय साबित होगा। युवा साथी ऐप पर 18 हजार पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। पहले चरण में 60 लाख लोगों को टैबलेट वितरित किए गए हैं। उन्होंने युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से अपना ज्ञान बढ़ाने की सलाह देते हुए कहा कि अफवाहों से बचें और तकनीक का गलत इस्तेमाल न करें। रील बनाने के लिए भले ही 30 सेकंड दें, लेकिन कौशल विकास के लिए कम से कम 30 मिनट जरूर दें। योगी ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदाता बनने और ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना अधिकार होने के साथ राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। इसी के माध्यम से बेहतर सरकारें चुनी जाती हैं। उन्होंने सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की सोच सैफई तक सीमित थी, जबकि मौजूदा सरकार प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले भय के माहौल के कारण एचसीएल टेक जैसी कंपनियां आगे नहीं बढ़ पा रही थीं, लेकिन पिछले साढ़े नौ वर्षों में एचसीएल में 18 हजार युवा काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उत्तर प्रदेश में बेटियां भी निर्भय होकर काम करती हैं। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जेल या जहन्नुम जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिए नोएडा जाने से भी बचते थे, लेकिन उन्होंने नोएडा जाकर वहां के साथ गाजियाबाद और मेरठ को निवेश के केंद्र के रूप में विकसित किया। अब प्रदेश में कट्टा-बम नहीं, बल्कि राइफल का निर्माण हो रहा है और ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन भी उत्तर प्रदेश में हो रहा है।

पौड़ी जिला अस्पताल में बढ़ेंगी हाईटेक स्वास्थ्य सुविधाएं, मरीजों को स्थानीय स्तर पर मिलेगा बेहतर उपचार

वार्ता

पौड़ी। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ बैठक कर अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं के विस्तार और खराब मशीनों को बदलने को लेकर विस्तृत चर्चा की। मरीजों को अनावश्यक रूप से दूसरे अस्पतालों में रेफर करने की स्थिति कम होनी चाहिए और जिला अस्पताल में ही अधिक से अधिक उपचार सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में चिकित्सकों ने पूर्व में उपलब्ध कराई गई नॉन कॉन्टेक्ट रेटिनोमीटर, ईसीजी और ओटी टेबल के लिए जिलाधिकारी का आभार जताया। करीब चार माह पूर्व उपलब्ध कराई गई नॉन कॉन्टेक्ट रेटिनोमीटर मशीन से प्रतिदिन लगभग 50 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने विभागवार उपकरणों की आवश्यकता और उनकी उपयोगिता की जानकारी लेते हुए तत्काल जरूरी उपकरणों के प्रस्ताव प्राथमिकता से तैयार करने के निर्देश दिए। अस्पताल में एनेस्थीसिया विभाग के लिए एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन और पैरामॉनिटर, स्त्री रोग विभाग के लिए ए-स्कैन मशीन तथा ईएनटी विभाग के लिए इयर सर्जिकल ड्रिल, ओएई मशीन, टिम्पेनोमेट्री मशीन और एंडोस्कोपी यूनिट उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। इसके अलावा वेंटिलेटर, पोर्टेबल एक्स-रे, लैप्रोस्कोपिक मशीन, सीआर मशीन और पावर ड्रिल मशीन जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने खराब पड़े बायोकेमिकल एनालाइजर को ठीक कराने और पुरानी फेको मशीन के स्थान पर नई मशीन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी जांच की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को इस जांच के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। पैथोलॉजी सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए सामुदायिक चिकित्सा सेवा को एक अतिरिक्त ओटी टेक्नीशियन की व्यवस्था करने तथा लैब टेक्नीशियन की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ड्यूटी चार्ट तैयार करने को कहा गया।

एसएसपी नवनीत सिंह ने सैनिक सम्मेलन में सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

वार्ता

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार जनपद पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नवनीत सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जनपद के सभी थानों, शाखाओं एवं कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग कर अपनी विभागीय और पारिवारिक समस्याएं कप्तान के समक्ष रखीं। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अपने स्तर पर निस्तारित होने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। वहीं, शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिसकर्मियों को बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं खुलकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिसकर्मियों की जायज समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान अक्टूबर माह में कर्तव्यनिष्ठा, कार्यक्षमता और उत्कृष्ट पुलिसिंग का परिचय देने वाले 30 पुलिसकर्मियों को पुलिस मैन ऑफ द मंथ तथा तीन महिला पुलिसकर्मियों और एक महिला होमगार्ड को वुमेन ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा गया। सम्मानित कर्मियों ने विभिन्न जटिल अपराधों के अनावरण, महत्वपूर्ण मामलों के खुलासे और जनहित में उल्लेखनीय कार्य किए थे।

एसएसपी ने सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी पीठ थपथपाई और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित होने वालों में जनपद के विभिन्न थानों, सीआईयू, एएनटीएफ, यातायात पुलिस, फायर सर्विस, पुलिस दूरसंचार, पुलिस लाइन और 40वीं वाहिनी पीएसी के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

फफराणगांव के ग्रामीणों की समस्याएं 15 दिन में दूर करे पावर ग्रिड, एडीएम ने दिए निर्देश

टिहरी, (वार्ता)। उत्तराखंड के टिहरी जिले के ग्राम पंचायत मणगांव के फफराणगांव में 400/800 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइनों से उत्पन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने शुक्रवार को पावर ग्रिड के अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान मुकेश चौहान ने ग्रामीणों की समस्याएं उठाते हुए बताया कि फफराणगांव चारों ओर से पावर ग्रिड की हाईटेंशन विद्युत लाइनों से घिरा हुआ है। इसके चलते ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों की कृषि भूमि और भवनों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम नेगी ने पावर ग्रिड के सीनियर डीजीएम पंकज कुमार को 15 दिनों के भीतर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

'हैदराबाद नशा मुक्त भारत पदयात्रा'

यात्रा तीसरे दिन भी जारी; नागार्जुन, साई कुमार और बोयापति हुए शामिल

वार्ता



हैदराबाद। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की 'हैदराबाद नशा मुक्त भारत पदयात्रा' शुक्रवार को अपने तीसरे दिन में प्रवेश कर गई, जिसमें फिल्मी दुनिया की हस्तियों और बड़ी संख्या में युवाओं व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पदयात्रा अमीरपेट के एक गुरुद्वारे में मंत्री द्वारा विशेष प्रार्थना करने के बाद सत्यम थिएटर के पास से शुरू हुई। निर्देशक बोयापति श्रीनु, अभिनेता साई कुमार और मिमिक्री कलाकार शिवा रेड्डी सहित कई फिल्मी हस्तियां इस मार्च में शामिल हुईं और नशे के खिलाफ अभियान को अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। टॉलीवुड स्टार अक्किनेनी नागार्जुन ने भी इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। ढोल की लयबद्ध थाप ने लोगों के उत्साह को और बढ़ा दिया और मार्च के आगे बढ़ने के साथ ही शिवा रेड्डी ने आकर्षक नृत्य किया। मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए साई कुमार ने युवाओं से मादक पदार्थों की लत से दूर रहने और अपनी ऊर्जा का उपयोग देश की प्रगति में योगदान देने के लिए करने का आग्रह किया। स्वामी विवेकानंद के संदेश, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का हवाला देते हुए उन्होंने जिम्मेदारी भरे फैसले लेने, माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया। नागार्जुन ने कहा कि भारत को नशा मुक्त बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प सफल होना चाहिए और उन्होंने युवाओं व छात्रों को एकजुट करने के लिए श्री किशन रेड्डी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने लोगों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान करते हुए इसे युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए आवश्यक बताया। बोयापति श्रीनु ने कहा कि नशा मुक्त राष्ट्र के लिए युवाओं को आगे आते देखना उत्साहजनक है। उन्होंने सभी से इस अभियान से जुड़ने, अपने स्वास्थ्य की रक्षा करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए जनसहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ओडिशा के हितों को ध्यान में रखकर परिसीमन पर फैसला लेगी बीजद

वार्ता

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल के राज्यसभा में संसदीय दल के नेता मानस मंगराज ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी सभी उचित विवरणों और जानकारियों की समीक्षा करने के बाद इस मुद्दे पर फैसला लेगी और प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया पर अपना रुख तय करते समय ओडिशा के हित उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगे। मंगराज ने विशेष सत्रों के संभावित एजेंडे और परिसीमन पर संभावित चर्चा को लेकर चल रही अटकलों के बीच स्पष्ट किया कि बैठकों के दौरान उठाए जाने वाले खास मुद्दों के संबंध में पार्टी को अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। विस्तृत जानकारी और स्पष्टता मिल जाएगी, तो बीजद संसदीय दल मामले की समीक्षा करेगा और पार्टी प्रमुख नवीन पटनायक के निर्देशों के अनुरूप अपनी अगली रणनीति तय करेगा।

त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर त्रैमासिक रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश

वार्ता

अगरतला। त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने सरकार को पूरे राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के क्रियान्वयन के संबंध में हर तीन महीने में अनुपालन और की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति एस. दत्ता पुरकायस्थ की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पहली अनुपालन रिपोर्ट दो मार्च, 2027 को पेश करने को कहा है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे पर गौर किया, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को लागू करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का विवरण दिया गया है। इनमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति और पर्यावरण विभाग के तहत राज्य स्तरीय संचालन समिति का गठन शामिल है। सरकार ने अदालत को बताया कि इन नियमों की जानकारी जिलाधिकारियों एवं जिला कलेक्टरों, शहरी स्थानीय निकायों और ग्रामीण विकास खंडों सहित विभिन्न संबंधित विभागों तक पहुंचाई गई है। व्यापक समझ और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों का स्थानीय भाषा में अनुवाद भी कराया गया है। पर्यावरण अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत जिला कलेक्टरों को एक वर्ष की अवधि के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में इन नियमों के क्रियान्वयन की निगरानी करने के अधिकार दिया गया हैं। अदालत को बताया गया कि 12 नवंबर को बूचड़खानों के लिए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

अरुणाचल के राज्यपाल ने युवाओं के प्रशिक्षण में सेना की भूमिका बढ़ाने पर दिया जोर

वार्ता

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनाइक ने गुरुवार को सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में सशस्त्र बलों की भूमिका का विस्तार करने और भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण को एक व्यवस्थित रूप देने का आह्वान किया है, ताकि अरुणाचल के अधिक से अधिक युवा सेना में शामिल हो सकें। परनाइक ने राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा प्रमुख जनरल एनएस राजा सुब्रमणि के साथ हुई एक बैठक के दौरान ये सुझाव दिए। उन्होंने बैठक में सीमा सुरक्षा, रणनीतिक बुनियादी ढांचे, जीवंत ग्राम कार्यक्रम (वीवीपी) और स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव बढ़ाने वाली पहलों पर चर्चा की। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए सशस्त्र बलों, नागरिक प्रशासन और स्थानीय समुदायों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। हर मौसम में काम करने वाली कनेक्टिविटी, निगरानी प्रणालियों और आवश्यक सेवाओं को बेहतर बनाने की बात कही। सशस्त्र बलों को जीवंत ग्राम कार्यक्रम में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और आजीविका सृजन के क्षेत्रों में। उन्होंने सेना और स्थानीय समुदायों के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने के लिए 'सद्भावना' पहलों का विस्तार करने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने युवा सशक्तिकरण के संबंध में सशस्त्र बलों में शामिल होने के इच्छुक युवाओं के लिए व्यवस्थित भर्ती-पूर्व कोचिंग, शारीरिक फिटनेस कार्यक्रम, चिकित्सा मार्गदर्शन और व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया।

मद्रास उच्च न्यायालय ने दो सीटों से प्रतिबंध हटाया, आयोग को उपचुनाव कराने की अनुमति दी

वार्ता

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पांच में से दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया है और चुनाव आयोग को तमिलनाडु की अंबासमुद्रम और पेरुंदुरई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने की अनुमति दे दी। अदालत ने हालांकि तिरुचि पूर्व, विरालिमलाई और करूर की तीन अन्य सीटों पर उपचुनाव कराने पर लगी रोक बरकरार रखी। उच्च न्यायालय ने कहा कि इन तीनों सीटों पर उपचुनाव तभी कराए जा सकते हैं, जब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 84 के तहत दायर लंबित चुनाव याचिकाओं का पूरी तरह निपटारा हो जाए। इन याचिकाओं में किसी अन्य उम्मीदवार को निर्वाचित प्रतिनिधि घोषित करने की मांग की गयी है।

मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने एक अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। उसने दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले के पलायमकोट्टई के अधिवक्ता के. वेंकटचलपति की ओर से दायर जनहित याचिका पर आंशिक रूप से फैसला सुनाया। याचिका में लंबित चुनाव याचिकाओं के मद्देनजर निर्वाचन आयोग को पांचों सीटों पर उपचुनाव कराने से रोकने की मांग की गई थी। पीठ ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग अंबासमुद्रम और पेरुंदुरई सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकता है, जबकि बाकी तीन सीटों पर रोक जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सितंबर और अक्टूबर में उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पेरुंदुरई सीट से संबंधित चुनाव याचिका खारिज कर दी थी। वहीं, अंबासमुद्रम में उपविजेता को निर्वाचित घोषित करने की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी गई थी। इससे इन दोनों सीटों पर उपचुनाव कराने की कानूनी बाधाएं दूर हो गयी थीं। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और श्री आधव अर्जुन के वकीलों ने दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा, तो प्रथम पीठ ने उनकी मांग ठुकरा दी। पीठ ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 86 के तहत चुनाव याचिकाओं का निपटारा छह महीने के भीतर किया जाना आवश्यक है। विजय ने दो सीटों से चुनाव जीता था और बाद में चेन्नई की पेरम्बूर सीट बरकरार रखते हुए तिरुचि पूर्व सीट छोड़ दी थी। तीन दिन तक चली अंतिम सुनवाई के दौरान उन्होंने दलील दी कि विधानसभा क्षेत्रों को खाली नहीं रखा जाना चाहिए और इसलिए उपचुनाव कराए जाने चाहिए। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इसका विरोध किया। इस मामले में केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और तमिलनाडु विधानसभा सचिवालय को प्रतिवादी बनाया गया था। विजय की ओर से दलीलें पूरी होने के बाद विधानसभा सचिवालय ने कहा कि उसके पास इस मामले में कुछ और कहने को नहीं है और वह लंबित याचिकाओं के निपटारे का इंतजार करेगा। वहीं, केंद्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि उपचुनाव कराने के संबंध में फैसला निर्वाचन आयोग पर छोड़ दिया गया है। चुनाव आयोग ने श्री विजय की दलील का विरोध करते हुए कहा कि अदालत में लंबित याचिकाओं का निपटारा होने तक वह उपचुनाव नहीं कराएगा। हालांकि, आयोग ने अपने लिखित जवाब में कहा कि पेरुंदुरई सीट पर उपचुनाव कराने में कोई बाधा नहीं है, क्योंकि अदालत वहां से संबंधित चुनाव याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है। आयोग ने यह भी कहा कि यदि इस सीट पर कोई अन्य रोक नहीं लगाई जाती है, तो वह उपचुनाव कराने के लिए तैयार है। तिरुचि पूर्व, करूर, अंबासमुद्रम, विरालिमलाई और पेरुंदुरई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा पर रोक लगाई गई थी, जबकि मदुरांतकम और धारापुरम सहित कुल सात सीटें खाली हुई थीं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने मदुरांतकम और धारापुरम सीटों पर उपचुनाव करा दिए थे। इन सात रिक्त सीटों में से छह पर अन्नाद्रमुक का कब्जा था, जबकि एक सीट तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक अध्यक्ष विजय के पास थी।

विधानसभा सचिवालय ने इसके बाद सभी सीटों को रिक्त घोषित कर दिया और इन सीटों पर उपचुनाव कराने का रास्ता साफ करते हुए निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को भी इसकी सूचना दे दी। इनमें से पांच सीटों पर निर्वाचित उम्मीदवारों की जीत को चुनौती देते हुए चुनाव याचिकाएं दायर की गई थीं।

तिरुचि ईस्ट सीट विजय के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी, जबकि अंबासमुद्रम सीट मौजूदा विधायक इसक्की सुब्बैया के इस्तीफे से खाली हुई। पेरुंदुरई सीट मौजूदा विधायक एस. जयकुमार के पद छोड़ने के बाद रिक्त हुई। बाद में करूर और विरालीमलाई सीटें भी मौजूदा विधायकों तथा अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्रियों एम. आर. विजयभास्कर और डॉ. सी. विजयभास्कर के इस्तीफे के कारण खाली हो गईं।

पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड के 246/5, ब्लंडेल-फिलिप्स के बीच 62 रन की साझेदारी

लैथम-ब्लंडेल के अर्धशतक से कीवी संभले

आकाशदीप को दो गुरनूर-अंशुल व सुंदर को एक-एक विकेट





क्राइस्टचर्च, एजेंसी. क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 246 रन बना लिए। कप्तान टॉम लैथम और टॉम ब्लंडेल ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर ब्लंडेल 53 और ग्लेन फिलिप्स 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 50 से अधिक रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे सत्र में लगातार तीन विकेट लेकर मुकाबले में वापसी की, लेकिन आखिरी सत्र में कीवी बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

पहले सत्र में कीवी ओपनर्स ने दी मजबूत शुरुआत : टॉस जीतकर भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हेगले ओवल की हरी पिच पर तेज गेंदबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने भारतीय आक्रमण का धैर्य के साथ सामना किया। टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को स्विंग और पिच से मूवमेंट तो मिला, लेकिन वे शुरुआती सफलता हासिल नहीं कर सके। लैथम को पारी के पहले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद पर अंपायर ने एलबीडब्ल्यू आउट दिया था, लेकिन उन्होंने रिव्यू लेकर फैसला पलट दिया। इसके बाद 15वें ओवर में आकाशदीप की गेंद पर केएल राहुल ने स्लिप में लैथम का कैच छोड़ दिया। कॉनवे ने चार चौकों की मदद से 31 रन बनाए। लंच से ठीक पहले गुरनूर बरार ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। यह गुरनूर का टेस्ट करियर का पहला विकेट भी रहा। पहले सत्र के अंत तक न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर 77 रन बना लिए थे।

लैथम की फिफ्टी के बाद भारत ने लगातार तीन विकेट झटके : लंच के बाद कप्तान लैथम ने संभलकर बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने 128 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 59 रन बनाए और अपना 32वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों को लगातार मौके मिल रहे थे, लेकिन टीम को सफलता नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार 42वें ओवर में आकाशदीप ने लैथम को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

अगले ओवर में अंशुल कंबोज ने हेनरी निकल्स को शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट कराया। निकल्स 46 गेंदों पर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आकाशदीप ने रचिन रवींद्र को बिना खाता खोले पंत के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड को तीसरा झटका दिया। इस तरह भारत ने लगातार दो ओवर में तीन विकेट लेकर मेजबान टीम का स्कोर दो विकेट पर 110 रन से चार विकेट पर 110 रन कर दिया। दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन प्रभावी रहा और उन्होंने 24 ओवर में 54 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

मिचेल और ब्लंडेल ने संभाली पारी, सुंदर को मिली सफलता : चार विकेट गिरने के बाद डेरिल मिचेल और टॉम ब्लंडेल ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों को विकेट लेने का मौका नहीं दिया। जसप्रीत बुमराह और गुरनूर बरार ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए मेडन ओवर भी निकाले।

इसके बाद मिचेल ने कुछ आकर्षक शॉट लगाकर रन गति बढ़ाई। दोनों के बीच चौथे विकेट के बाद महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 65वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने मिचेल को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। मिचेल ने 74 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 31 रन बनाए। यह सुंदर का पारी में पहला विकेट रहा। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 154 रन था।

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप

गुकेश और सिंदारोव की तीसरी बाजी भी रही ड्रॉ



जेनेवा, एजेंसी. स्विट्जरलैंड के जेनेवा में चल रही वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2026 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश और चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के बीच तीसरा गेम भी ड्रॉ रहा। गुरुवार को काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने अपनी पुरानी और दुर्लभ रणनीति से सिंदारोव को चौंका दिया। हालांकि, भारतीय ग्रैंडमास्टर कई मौकों पर दबाव बनाने के बावजूद जीत हासिल नहीं कर सके। 60 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने मुकाबला बराबरी पर समाप्त करने पर सहमति जताई। इसके साथ ही तीन गेम के बाद स्कोर 1.5-1.5 हो गया है। शुक्रवार को विश्राम रहेगा, जबकि शनिवार को चौथे गेम में गुकेश सफेद मोहरों के साथ उतरेंगे।

1988 की रणनीति अपनाकर सिंदारोव को चौंकाया : तीसरे गेम में गुकेश ने ओपनिंग के दौरान ऐसी पुरानी रणनीति अपनाई, जिसका इस्तेमाल 1980 और 1990 के दशक में अधिक देखने को मिलता था। इस रणनीति ने सिंदारोव को हैरान कर दिया। इस तरह की चालों का इस्तेमाल पूर्व विश्व चैंपियन बोरिस स्पैस्की ने भी वर्ष 1988 में अपने मुकाबलों के दौरान किया था। स्पैस्की के उन दोनों मुकाबलों का परिणाम ड्रॉ रहा था। मैच के बाद गुकेश से इस रणनीति और स्पैस्की के पुराने मुकाबलों के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "हां, मैं बता सकता हूं कि स्पैस्की मेरी कोचिंग टीम में शामिल नहीं हैं।"

सऊद के 93 रन व पांच विकेट एलबीएस जीती



समाचार जगत न्यूज

जयपुर. राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को एलबीएस एकेडमी ने जयपुरिया एकेडमी को 55 रन से हराया। एलबीएस ने मोहम्मद सऊद खान के 93, कुणाल के 27 और हर्ष के 26 रन की मदद से 223 रन बनाए। जवाब में जयपुरिया एकेडमी की टीम 168 रन पर सिमट गई। अमय पारीक ने 33 और अगम कौशिक ने 28 रन बनाए। मोहम्मद सऊद खान ने गेंदबाजी में भी पांच विकेट लिए, जबकि कुणाल कुमार साहू ने तीन विकेट हासिल किए।

रोहित फिर संभालेंगे मुंबई इंडियंस की कमान, 2027 में कप्तानी में होगी वापसी

20वें सीजन में रोहित की कप्तानी में वापसी बेहद खास : नीता अंबानी



मुंबई, एजेंसी. रोहित शर्मा एक बार फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते नजर आएंगे। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईपीएल 2027 में मुंबई इंडियंस अपना 20वां सीजन खेलेगी और टीम की कमान उसके सबसे सफल कप्तान रोहित के हाथों में होगी। रोहित 2011 में मुंबई से जुड़े थे और 2013 से 2023 तक टीम की कप्तानी की। इस दौरान उनकी अगुवाई में मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में पांच बार आईपीएल खिताब जीता।

मुंबई इंडियंस की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा कि टीम के 20वें सीजन में रोहित को दोबारा कप्तानी करते देखना बेहद खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नया अध्याय टीम और उसके करोड़ों प्रशंसकों को गर्व करने के कई और मौके देगा।

आकाश अंबानी ने भी रोहित के अनुभव और नेतृत्व पर भरोसा जताया। वहीं, रोहित ने कहा कि मुंबई इंडियंस उनके जीवन का अहम हिस्सा है और टीम की कप्तानी करना हमेशा गर्व की बात रही है। उन्होंने आगामी सीजन में एकजुट होकर अपने अंदाज में क्रिकेट खेलने और नई चुनौतियों के लिए तैयार रहने की बात कही।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर का दबदबा

समृद्धि ने जीते तीन खिताब, अरिंजय बने अंडर-19 बॉयज चैंपियन





जयपुर, समाचार जगत न्यूज. भरतपुर में आयोजित राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई खिताब अपने नाम किए। जयपुर की समृद्धि व्यास ने तीन खिताब जीतकर प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की। उन्होंने अंडर-17 गर्ल्स, अंडर-19 गर्ल्स और वुमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबलों में जयपुर की ही राधिका सोनी को हराकर तीनों वर्गों में राजस्थान चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अंडर-19 बॉयज सिंगल्स के फाइनल में जयपुर के अरिंजय कुच्छल ने अपने ही शहर के सौरभ कपूर को 4-2 से पराजित कर खिताब जीता। जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन महेश्वरी और सचिव सचित गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों सहित पूरी जयपुर टीम और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी।

सैयद मोदी बैडमिंटन

उन्नति, तन्वी और गायत्री-त्रिशा सेमीफाइनल में



लखनऊ, एजेंसी. सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर-300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

महिला एकल के कड़े क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीय उन्नति हुड्डा ने हमवतन अनमोल खरब को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 15-21, 21-18 से हराया। वहीं, दूसरी वरीय तन्वी शर्मा ने इंडोनेशिया की एनकेडीए प्रतिवी को तीन गेम में 21-19, 18-21, 21-14 से मात दी। अब आज (शनिवार) खेले जाने वाले सेमीफाइनल में उन्नति और तन्वी के बीच मुकाबला होगा, जिससे महिला एकल में भारत का फाइनल टिकट पक्का हो गया है।

महिला युगल में गत चैंपियन और शीर्ष वरीय गायत्री गोपीचंद व त्रिशा जॉली की जोड़ी को फ्रांसीसी जोड़ी के बीमार होकर हटने से वॉकओवर मिला, जिससे वे बिना खेले अंतिम चार में पहुंच गईं। आज सेमीफाइनल में उनका सामना यूक्रेन की पोलिना बुह्रोवा व येव्हेनिया कांतमिर से होगा। उधर, मिश्रित युगल में भारत के सात्विक रेड्डी कन्नपुरम व रेशिका ने विराज कुवले व रुतुपर्णा पांडा को सीधे गेम में 21-8, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, पुरुष एकल में तुषार सुवीर, महिला एकल में तस्नीम मीर तथा पुरुष युगल में एम.आर. अर्जुन व हरिहरन की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी: भारत फाइनल में, मलेशिया को 6-2 से हराया

लखनऊ, एजेंसी. महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबान भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए सेमीफाइनल में भारत की ओर से मुमताज खान, नवनीत कौर, सुनेलिता टोप्पो और ईशिका ने एक-एक गोल किया, जबकि दीपिका ने दो गोल दागे। भारत ने पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त बनाई और दूसरे क्वार्टर में तीन गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। इसके बाद तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी एक-एक गोल किया। मलेशिया की ओर से नूर अजर और नूर अमीराह जुल्किफली ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में चीन ने जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चीन के लिए झांग हेयांग ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर निर्णायक गोल किया। अब भारत और चीन के बीच खिताबी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। वहीं, कोरिया ने थाईलैंड को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के लिए मलेशिया और जापान के बीच मुकाबला होगा।

वेस्ट जोन शतरंज: मारवाड़ यूनिवर्सिटी राजकोट बनी चैंपियन, मुंबई उपविजेता



जयपुर, समाचार जगत न्यूज अपेक्स यूनिवर्सिटी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (AIU) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज (पुरुष) प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। मारवाड़ यूनिवर्सिटी, राजकोट ने प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। पांच राज्यों के 74 विश्वविद्यालयों के करीब 450 खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस स्पर्धा में यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई दूसरे, हैदराबाद सिंध नेशनल यूनिवर्सिटी, मुंबई तीसरे तथा पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा चौथे स्थान पर रही। समापन समारोह में अपेक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) रघुवीर सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए, जबकि पहले छह राउंड के शीर्ष खिलाड़ियों को भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिए गए। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी सिद्धांत चतुर्वेदी ने किया था। टूर्नामेंट के आयोजन में AIU ऑब्जर्वर डॉ. प्रवीण सरोहा, टेक्निकल हेड डॉ. गौतम जाधव और अपेक्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर वेदांशु जुनिवाल की प्रमुख भूमिका रही।

अस्मिता साइक्लिंग लीग आज से जयपुर में

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन साइक्लिंग जोनल लीग का आयोजन आज से एसएमएस स्टेडियम स्थित साइक्लिंग वेलोड्रोम में होगा। 29 और 30 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की महिला एवं बालिका साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगी। राजस्थान साइक्लिंग की चेयरपर्सन सारिका चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाना और उन्हें बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में होने वाली प्रतियोगिता में एलीट वूमेन, सीनियर, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर गर्ल्स वर्गों के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता संयोजक अरुण जोशी ने जयपुर को वेस्ट जोन की मेजबानी मिलने को राजस्थान के लिए गौरव बताया।

पद्मनाभ के पंच से जयपुर फाइनल में आज अचीवर्स से खिताबी मुकाबला



जयपुर, समाचार जगत न्यूज. जयपुर पोलो सीजन के तहत आयोजित 'द ग्वालियर कप' (06 गोल) टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को टीम जयपुर ने टीम रामबाग/स्वराज को 7.5-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टीम जयपुर की ओर से पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल दागे। विश्वराज सिंह राठौड़ और डीनो धनखड़ ने एक-एक गोल किया। टीम को आधे गोल का एडवांटेज भी मिला। रामबाग/स्वराज की ओर से जुआन जोस डियाज अल्बर्डी ने पांच और हुर्र अली ने एक गोल किया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज को शाम 4 बजे आरपीसी ग्राउंड पर टीम जयपुर और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच खेला जाएगा। वहीं कल 'एच.एच. द महाराजा ऑफ मैसूर कप' का एग्जीबिशन पोलो मैच आयोजित होगा।

स्पोर्ट्स गैलरी

नॉकआउट मैचों से पहले राजस्थान टीम में बदलाव, राहुल चाहर की जगह अजय कुकना शामिल

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग (नॉकआउट) मुकाबलों से पहले राजस्थान की सीनियर टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। लेग स्पिनर राहुल चाहर को टीम से बाहर कर दिया गया है, जबकि उनकी जगह बाएं हाथ के स्पिनर अजय सिंह कुकना को टीम में शामिल किया गया है। नागपुर में 30 नवंबर से शुरू होने वाले सुपर लीग चरण में राजस्थान की टीम अपना पहला मुकाबला पंजाब के खिलाफ खेलेगी। टीम में शामिल किए गए अजय कुकना आज नागपुर में राजस्थान टीम से जुड़ेंगे। ग्रुप-बी में राजस्थान के साथ पंजाब, मुंबई और आंध्र प्रदेश की टीमें शामिल हैं। राजस्थान को 30 नवंबर को पंजाब के बाद 2 दिसंबर को आंध्र प्रदेश और 4 दिसंबर को मुंबई से भिड़ना है। राहुल चाहर की गैरमौजूदगी में अब अजय कुकना के पास इन अहम मुकाबलों में अपनी फिरकी का दम दिखाने का मौका होगा।

कूच बिहार ट्रॉफी: राजस्थान ने बनाए 360 रन, हिमाचल अभी 153 रन पीछे

अम्तर, समाचार जगत ब्यूरो. बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान ने पहली पारी में 360 रन बनाए। हिमाचल के अम्तर में खेले जा रहे मैच में राजस्थान की ओर से रजत बघेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 126 रन की शतकीय पारी खेली। आदित्य भाम्भू ने 69, अभय शर्मा ने 53, कुशाग्र ओझा ने 32, प्रखर शर्मा ने 28 और यथार्थ भारद्वाज ने 27 रन का योगदान दिया। हिमाचल की ओर से नौनिहाल ने पांच विकेट हासिल किए। जवाब में हिमाचल ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में तीन विकेट पर 207 रन बना लिए थे। टीम की ओर से दिव्यांश ने 58 और अमनदीप ने 54 रन की पारियां खेलीं। राजस्थान की ओर से सुमित तेजी और सौभाग्य भाटी ने एक-एक विकेट लिया। हिमाचल की टीम अभी राजस्थान के पहली पारी के स्कोर से 153 रन पीछे है।

लवमीत-दैविक के दम पर राजस्थान ने उत्तराखंड को पारी और 101 रन से रौंदा





लखनऊ, समाचार जगत ब्यूरो. बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को पारी और 101 रन से करारी शिकस्त दी। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन शुक्रवार को राजस्थान के गेंदबाजों ने उत्तराखंड की दूसरी पारी 122 रन पर समेटकर टीम को एकतरफा जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड ने कप्तान साकेत चौहान (111) के शतक की बदौलत पहली पारी में 215 रन बनाए थे, जिसमें राजस्थान के लवमीत गुर्जर और हर्षित यादव ने चार-चार तथा आंजनेय शर्मा ने दो विकेट लिए। जवाब में राजस्थान ने दैविक सोमानी के शानदार शतक (117 रन) और सुशांत बस्नेत (68), निश्चल शर्मा (65), आदित्य राज (नाबाद 62) व वशिष्ठ शर्मा (51) के अर्धशतकों की मदद से नौ विकेट पर 438 रन बनाकर पारी घोषित की और 223 रन की विशाल बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में उत्तराखंड की ओर से कृष्णा त्यागी ने सर्वाधिक 40 और साकेत चौहान ने 36 रन बनाए, लेकिन टीम पारी की हार नहीं टाल सकी। राजस्थान की ओर से लवमीत गुर्जर ने दूसरी पारी में भी 15 रन देकर चार विकेट झटके और मैच में कुल आठ विकेट पूरे किए। वहीं आंजनेय शर्मा ने तीन, आदित्य राज ने दो और हर्षित यादव ने एक विकेट हासिल किया।

दक्ष के अर्धशतक से केंडलविक एकेडमी की जीत

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को केंडलविक क्रिकेट एकेडमी ने भदौरिया क्रिकेट एकेडमी को 23 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केंडलविक ने दक्ष कासलीवाल के 50 और ओशिनक ग्रोवर के 47 रन की मदद से 181 रन बनाए। जवाब में भदौरिया की टीम देवांश सिंह के 97 रन के बावजूद 158 रन ही बना सकी। रौनक सैनी ने तीन विकेट लिए। दक्ष कासलीवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव: जयपुर में कल जुटेंगे खेल दिग्गज

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. एटलेंटर स्पोर्ट्स की ओर से 100 मेडल्स फाउंडेशन के सहयोग और विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी की भागीदारी में 29 नवंबर को होटल क्लार्क्स आमेर में 'गेम चेंजर्स विजन 2026-नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव एंड लीडरशिप समिट' का आयोजन किया जाएगा। रविवार शाम 3:30 बजे से होने वाले इस कॉन्क्लेव में ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि होंगे। 'शेपिंग द फ्यूचर ऑफ इंडियन स्पोर्ट्स 2026-2036' थीम पर आधारित इस समिट में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030, भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी, खिलाड़ी विकास, खेल इकोसिस्टम, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर चार पैनल चर्चाएं होंगी। कार्यक्रम में एशियन गेम्स स्वर्ण पदक विजेता राहुल चौधरी, अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह, मोटरस्पोर्ट्स चैंपियन ऐश्वर्या पिस्से, ब्लेड रनर मेजर डीपी सिंह, सांसद डॉ. हेमांग जोशी और अभिनेता रणविजय सिंहा सहित कई हस्तियां शामिल होंगी। इस अवसर पर खेल क्षेत्र में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, प्रशासकों और संस्थानों को सम्मानित भी किया जाएगा।

नेशनल शूटिंगबॉल के लिए राजस्थान की टीमें घोषित, प्रमोद और निशा संभालेंगे कमान

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. 45वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंगबॉल चैंपियनशिप 28 से 30 नवंबर तक मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) में होगी। इसके लिए राजस्थान की दोनों टीमें घोषित कर दी गई हैं। बॉयज टीम में प्रमोद पंवार (कप्तान), खुशाल (उपकप्तान), नक्स, मोहम्मद जिबरान, सियाराम, खेमचंद, अरमान, अरहम फेज, साहिल मोहम्मद, विनायक कुमावत, नितेश सिंह और दिशांत शर्मा शामिल हैं। टीम के कोच कुतुबुद्दीन और मैनेजर हरलाल सिंह हैं। वहीं गर्ल्स टीम में निशा चौधरी (कप्तान), नव्या यादव (उपकप्तान), खुशी शेरावत, चंचल जांगिड़, किशना, विधि रोहिला, भूमिका जोशी, मूमल कंवर, वैशाली सोनी, सपना सेपट, रुद्राक्षी शर्मा और अंजलि को शामिल किया गया है। टीम की कोच आरपी शेरावत और मैनेजर अंजू चौधरी हैं। महासचिव डॉ. ओपी माचरा ने बताया कि गर्ल्स टीम इस बार स्वर्ण पदक जीतकर लगातार तीसरे वर्ष पदक हासिल करने की हैट्रिक लगाने का प्रयास करेगी। दोनों टीमें शनिवार शाम ट्रेन से रवाना होंगी।

सुदामा कप बैडमिंटन का आगाज: 350 से ज्यादा खिलाड़ी उतरे, पहले दिन खेले गए 240 मुकाबले



जयपुर, समाचार जगत न्यूज. गुलाबी नगरी के एसएमएस स्टेडियम में शुक्रवार को 9वें सुदामा कप मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। देश के विभिन्न शहरों में आयोजन के बाद पहली बार जयपुर में हो रही इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 35 से 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 350 से ज्यादा महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) के पूर्व राजपरिवार के सदस्य राजा भानु राज सिंह पाल ने किया। इस अवसर पर जयपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (जेडीबीए) के सचिव मनोज दासोत, संयोजक एसपी सिंह, उमेश अग्रवाल, हरमीत सिंह और अशोक नारंग मौजूद रहे। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन और जेडीबीए के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में पहले दिन 11 अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडोर कोर्ट पर सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के 240 मुकाबले खेले गए। इसमें राजस्थान के करीब 80 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रशासनिक एवं विदेश सेवा, बैंकिंग, चिकित्सा, डाक, मंत्रालयिक सेवा, रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों, पूर्व खिलाड़ियों और निजी क्षेत्र के प्रोफेशनल्स सहित सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी भाग ले रहे हैं। खास बात यह है कि पहले राउंड में हारकर बाहर होने वाले खिलाड़ियों को भी भागीदारी के लिए मेडल देकर सम्मानित किया जा रहा है। पहले मुकाबले में हार के बाद राजा भानु राज सिंह पाल ने राजस्थान के आरके सक्सेना के साथ जोड़ी बनाकर जम्मू-कश्मीर के आशीष शर्मा और उत्तर प्रदेश के डॉ. दीदार सिंह को 2-1 से हराया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे।

न्यूज गैलरी

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बालिका स्कूल को दिए स्मार्ट क्लास और स्वच्छता सुविधाओं के संसाधन



जोधपुर, समाचार जगत ब्यूरो. बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत 22 नवंबर को महामंदिर स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल शिक्षा, सुरक्षित पेयजल और बेहतर मासिक धर्म स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. देबदत्त चंद, कार्यकारी निदेशक लाल सिंह, जोधपुर जोन के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख पंकज खत्री सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य शीला आसोपा और विद्यालय के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सीएसआर पहल के तहत विद्यालय को वाटर कूलर, स्मार्ट टीवी, स्मार्ट क्लासरूम की शिक्षण सामग्री, सैनिटरी वेंडिंग मशीन और सैनिटरी वेस्ट इंसीनरेटर उपलब्ध कराए गए। इन सुविधाओं से विद्यालय की शैक्षणिक और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं मजबूत होंगी। पहल से स्कूल की 225 छात्राओं को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में बैंक के उप महाप्रबंधक ब्रहमानंद द्विवेदी, बल किशन और क्षेत्रीय प्रमुख विवेक सिंघल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोब्से का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न बच्चों के समग्र विकास पर हुआ मंथन



हरिद्वार, समाचार जगत ब्यूरो. पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट के सभागार में 25 से 27 नवंबर तक आयोजित काउंसिल ऑफ बोर्ड्स ऑफ स्कूल एजुकेशन इन इंडिया (कोब्से) का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसमें देश के 41 शिक्षा बोर्डों के प्रतिनिधियों सहित नेपाल और भूटान के करीब 91 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में बच्चों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, शिक्षा की चुनौतियों और सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। जनरल बॉडी की बैठक में 56वां सम्मेलन त्रिपुरा में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समापन समारोह में योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्व गुरु बनना होगा। उन्होंने इच्छा जताई कि देश के 90 से 99 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ें और अभिभावक इस पर गर्व महसूस करें। कोब्से महासचिव एमसी शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर 12 प्रस्तुतिकरण हुए। अध्यक्ष डॉ. जी. इम्मानुएल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। वहीं, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने सभी शिक्षा बोर्डों से मिलकर बच्चों का भविष्य संवारने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कोब्से के पदाधिकारियों और सदस्यों के परिवारों को दिसंबर 2026 और जनवरी 2027 में वेलनेस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना पाण्डेय ने किया।

69% शहरी भारतीयों ने दूध को प्रोटीन का किफायती स्रोत माना: गोदरेज जर्सी रिपोर्ट

मुंबई, गोदरेज जर्सी की लैक्टोग्राफ 2.0 रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में दूध रोजाना प्रोटीन का एक भरोसेमंद और किफायती स्रोत बना हुआ है। YouGov द्वारा आठ शहरों में किए गए अध्ययन में 69 प्रतिशत लोगों ने दूध को दैनिक प्रोटीन का किफायती विकल्प माना। मुंबई और चेन्नई में यह आंकड़ा 80 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, 60 प्रतिशत लोग रोजाना चाय या कॉफी के जरिए दूध का सेवन करते हैं, जबकि 40 प्रतिशत सादा दूध पीते हैं। वहीं, 59 प्रतिशत उपभोक्ता जानते हैं कि दूध एक संपूर्ण प्रोटीन है, जिसमें शरीर के लिए जरूरी सभी नौ अमीनो एसिड मौजूद होते हैं। शाकाहारियों में 86 प्रतिशत लोग डेयरी उत्पादों को प्रमुख प्रोटीन स्रोत मानते हैं। इसके अलावा, 69 प्रतिशत लोग पनीर और 47 प्रतिशत दही को संपूर्ण प्रोटीन के रूप में पहचानते हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया कि करीब 90 प्रतिशत शहरी उपभोक्ता बचपन से जुड़ी डेयरी परंपराओं को आज भी अपनाते हैं।

लिवर रोगों के प्रभावी प्रबंधन में शुरुआती जांच और समय पर पहचान अहम: मेदांता विशेषज्ञ

नई दिल्ली, समाचार जगत ब्यूरो. लिवर संबंधी बीमारियों का समय पर पता लगाना और उचित उपचार शुरू करना गंभीर जटिलताओं से बचाव में महत्वपूर्ण है। मेदांता गुरुग्राम में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अंकुर अटल गुप्ता के अनुसार, लिवर की बीमारियां अक्सर शुरुआती दौर में स्पष्ट लक्षण नहीं दिखातीं। अत्यधिक शराब सेवन, वायरल हेपेटाइटिस और फैटी लिवर जैसी समस्याएं लंबे समय में लिवर सिरोसिस का कारण बन सकती हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि शुरुआती जांच, उचित मूल्यांकन और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप से बीमारी को गंभीर अवस्था में पहुंचने से रोका जा सकता है। एडवांस लिवर रोग के मामलों में उचित उपचार और जरूरत पड़ने पर लिवर प्रत्यारोपण भी मरीजों के लिए मददगार हो सकता है।

संविधान दिवस पर डीएफएस सचिव ने दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ



नई दिल्ली, समाचार जगत ब्यूरो. संविधान दिवस 2026 के अवसर पर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान सभी ने संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के मूल सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के संकल्प को दोहराना रहा।

देश-विदेश के वैज्ञानिक और उद्योग विशेषज्ञ होंगे शामिल

सिपेट जयपुर में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'एपीएम-2026'

समाचार जगत न्यूज



जयपुर. केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), जयपुर की ओर से 28 से 30 नवंबर तक 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'एपीएम-2026' का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'विकसित भारत-2047 के लिए उन्नत पेट्रोरसायन सामग्री, सुरक्षा एवं सतत विकास' रखी गई है।

इसमें देश-विदेश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और उद्योग जगत की हस्तियां हिस्सा लेंगी। सम्मेलन में पद्म विभूषण प्रो. एम.एम. शर्मा, पद्म भूषण एवं पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, पद्मश्री प्रो. गणपति डी. यादव और पद्मश्री प्रो. आशुतोष शर्मा सहित कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। सिपेट के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर सिन्हा ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पेट्रोरसायन एवं पॉलिमर विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से वैज्ञानिकों और उद्योग विशेषज्ञों को नवीनतम तकनीकों एवं अनुसंधान अनुभवों के आदान-प्रदान का मंच मिलेगा। तीन दिवसीय आयोजन में मौखिक शोध प्रस्तुतियां, पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्टार्टअप एवं इनोवेशन मीट, एमएसएमई कॉन्क्लेव, क्रेता-विक्रेता बैठक, इंडस्ट्री-एकेडेमिया फोरम और यंग इंडिया हैकाथॉन आयोजित होंगे। तकनीकी सत्रों में उन्नत पॉलिमर, जैव-प्लास्टिक, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, रीसाइक्लिंग, औद्योगिक सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर पर सिपेट के ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता और 'नो प्लास्टिक्स टू नो प्लास्टिक्स' राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया जाएगा। साथ ही सिपेट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स-2026 प्रदान किए जाएंगे। प्रो. सिन्हा ने कहा कि एपीएम-2026 शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के बीच सहयोग मजबूत करने के साथ स्वदेशी तकनीक, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह आयोजन विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

एसबीआई लाइफ ने अहमदाबाद में लगाया शिकायत निवारण शिविर

11 करोड़ रुपए से अधिक के 593 दावों का निपटारा



मुंबई, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अहमदाबाद में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की शिकायत निवारण माह पहल के तहत विशेष शिविर आयोजित किया। इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और बीमा क्षेत्र में ग्राहकों का भरोसा मजबूत करना था।

शिविर में जीवन और सामान्य बीमा क्षेत्र की 44 कंपनियों ने भाग लिया। इनके अलावा आईआरडीएआई, जीवन बीमा परिषद, सामान्य बीमा परिषद और बीमा लोकपाल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शिविर में कुल 187 पॉलिसीधारकों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 593 बीमा दावों का मौके पर निपटारा किया गया। ग्राहकों को शिकायत समाधान के लिए उपलब्ध माध्यमों, जैसे बीमा कंपनियों की आंतरिक शिकायत निवारण व्यवस्था, आईआरडीएआई के बीमा भरोसा पोर्टल और बीमा लोकपाल प्रणाली की जानकारी भी दी गई।

एसबीआई लाइफ के प्रेसिडेंट-ऑपरेशंस एंड आईटी अभिजीत गुलानिकर ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की समस्याएं सुनने और उनका समय पर समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसे और पारदर्शिता को बीमा सेवाओं का महत्वपूर्ण आधार बताया।

आईआरडीएआई की इस पहल के तहत 13 से 25 नवंबर 2026 के बीच देशभर में 16 शिविर आयोजित किए गए। यह प्रयास 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक होगा।

खाद्य सुरक्षा और पोषण जागरूकता के लिए

एमवे इंडिया और आईटीसीएफएसएएन के बीच समझौता



जयपुर, समाचार जगत न्यूज. एमवे इंडिया ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के प्रति उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर फूड सेफ्टी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन (आईटीसीएफएसएएन) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य वैज्ञानिक जानकारी के प्रसार, उपभोक्ता जागरूकता और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है। एमओयू पर एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश चोपड़ा और आईटीसीएफएसएएन में एफएसएसएआई पश्चिमी क्षेत्र की डिप्टी डायरेक्टर (टेक्निकल) वैदेही कलझुनकर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एफएसएसएआई पश्चिमी क्षेत्र की रीजनल डायरेक्टर प्रीति चौधरी भी मौजूद रहीं। साझेदारी के तहत विशेषज्ञों की अगुवाई में जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण, जानकारी साझा करने और क्षमता निर्माण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनका लाभ उपभोक्ताओं, विद्यार्थियों और खाद्य उद्योग से जुड़े पेशेवरों को मिलेगा। आपसी सहमति और आवश्यक मंजूरियों के बाद दोनों संस्थाएं शोध एवं विश्लेषण संबंधी अध्ययन भी कर सकेंगी। रजनीश चोपड़ा ने कहा कि उपभोक्ताओं तक वैज्ञानिक और विश्वसनीय जानकारी पहुंचाना जरूरी है।

दक्षिण भारतीय व्यंजनों के स्वाद से महका जयपुर, फूड मीट-अप में जुटे फूड लवर्स



जयपुर, समाचार जगत न्यूज. जयपुर के मालवीय नगर स्थित बनाना लीफ के नए आउटलेट पर विशेष फूड मीट-अप आयोजित किया गया। इसमें शहर के फूड इन्फ्लुएंसर्स और फूड लवर्स ने हिस्सा लेकर दक्षिण भारतीय व्यंजनों के जायके का आनंद लिया। इंडस हॉस्पिटैलिटी के पार्टनर नंदन होनावर और रिनित शेट्टी ने अपनी टीम के साथ मेहमानों की मेजबानी की। खास मेन्यू में कोकोनट पंच, रसम वडा, कूर्ग इडली, पोड़ी मिनी इडली, बेन्ने डोसा, रजनी डोसा और वेजिटेबल चेट्टीनाड के साथ केरल पराठा परोसे गए। वहीं, मीठे में सेमिया पायसम और पारंपरिक फिल्टर कॉफी का स्वाद भी मेहमानों ने लिया। नंदन होनावर ने कहा कि उनका उद्देश्य जयपुर के लोगों को दक्षिण भारतीय खानपान की विविधता और पारंपरिक स्वादों का प्रामाणिक अनुभव कराना है।

सोना 2,000 रुपए चढ़ा और चांदी 6,000 रुपए चमकी

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के रुख के बीच एमसीएक्स में आई मजबूती से शुक्रवार को जयपुर के सर्राफा बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी बनी रही। शुद्ध सोना 2,000 रुपए चढ़कर 1,28,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया वहीं इसके समर्थन में जेवराती सोना भी 1,900 रुपए की तेजी के साथ 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। उधर चांदी के भाव भी 6,000 रुपए उछलकर 1,58,000 रुपए प्रति किलो हो गए।

एडवांस्ड इमेजिंग फीचर्स के साथ वीवो एक्स 500 सीरीज लांच

नई दिल्ली, समाचार जगत ब्यूरो. वीवो इंडिया ने अपनी नई फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज वीवो एक्स 500 को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की है। ज़ाइस के सहयोग से तैयार इस सीरीज में एक्स 500 प्रो मैक्स, एक्स 500 प्रो और एक्स 500 शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, ये स्मार्टफोन एडवांस्ड फोटोग्राफी और सिनेमैटिक वीडियोग्राफी का अनुभव प्रदान करेंगे। सीरीज के टॉप मॉडल एक्स 500 प्रो मैक्स में 200 मेगापिक्सल का ज़ाइस एपीओ टेलीफोटो कैमरा और ज़ाइस टू-डायनामिक मेन कैमरा दिया गया है। इसमें टेलीफोटो एएफ ट्रैकिंग वीडियो और स्नैपशॉट फीचर के साथ 60 एफपीएस तक ऑटोफोकस ट्रैकिंग की सुविधा है। इसके अलावा, यह वीवो का पहला नेटिव 4K 240 एफपीएस सिनेमैटिक स्लो-मो वीडियो सपोर्ट वाला फोन है। वहीं, एक्स 500 प्रो में 6.36 इंच का कॉम्पैक्ट डिस्प्ले और टेलीफोटो एएफ ट्रैकिंग वीडियो फीचर दिया गया है।

भारत के बढ़ते ट्रांसमिशन नेटवर्क में नीमराना की अहम भूमिका, 2032 के लक्ष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम

समाचार जगत न्यूज

जयपुर. देश में बिजली की बढ़ती मांग और अक्षय ऊर्जा के विस्तार के बीच ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में राजस्थान का नीमराना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) के तहत वर्ष 2032 तक देश के बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क को बड़े स्तर पर विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है।

विद्युत मंत्रालय के अनुसार, जून 2026 तक देश में 220 केवी और उससे अधिक क्षमता का ट्रांसमिशन नेटवर्क 5.09 लाख सर्किट किलोमीटर तक पहुंच चुका था। इसे वर्ष 2032 तक बढ़ाकर 6.48 लाख सर्किट किलोमीटर करने की योजना है। इसके लिए करीब 1.39 लाख सर्किट किलोमीटर नेटवर्क का विस्तार करना होगा।

इसी योजना के तहत राजस्थान में नीमराना-II–कोटपुतली ट्रांसमिशन परियोजना विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य बीकानेर क्षेत्र के रिन्यूएबल एनर्जी जोन फेज-IV से उत्पादित अक्षय ऊर्जा की निकासी और राष्ट्रीय ग्रिड में उसके एकीकरण को बेहतर बनाना है।

परियोजना के अंतर्गत नीमराना में 765/400 केवी क्षमता का 6,000 एमवीए सब-स्टेशन बनाया जा रहा है। इसके अलावा नीमराना-II से कोटपुतली तक लगभग 250 किलोमीटर लंबी 400 केवी डबल-सर्किट ट्रांसमिशन लाइन विकसित की जा रही है।

यह परियोजना राजस्थान के अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों को उत्तर भारत के बिजली मांग केंद्रों से जोड़ने में मदद करेगी। इससे स्वच्छ ऊर्जा के बेहतर उपयोग और बिजली आपूर्ति नेटवर्क को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

नीमराना का औद्योगिक महत्व भी इस परियोजना को खास बनाता है। यहां ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र की कई औद्योगिक इकाइयां मौजूद हैं। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ बिजली की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था क्षेत्र की भविष्य की औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी। इस तरह नीमराना-II–कोटपुतली परियोजना अक्षय ऊर्जा, औद्योगिक विकास और राष्ट्रीय बिजली नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
No. DRM-Elect-35 (26-27) Dated : 25.11.2026 मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संख्या : मं.रे.प्र.(बि.)-35-26 -27 कार्य का नाम : All Div.: Provision of 02 nos. Escalators at Marwar Junction Station अनुमानित लागत : ₹ 2,43,72,620/- बयाना राशि : ₹ 4,87,500/- ई निविदायें बन्द होने की तिथि : 16/12/2026 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता- www.ireps.gov.in 1681-CQ/26
इसे /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
संख्या: NWR-AII0ADMIN(GENS)/45/2022 दिनांक. 20.11.2026
मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या : CPM-GSU-AII-PSSA-2026-27 कार्य का नाम : Appointment of Project Supervision Services Agency (PSSA) for Providing Project Supervision Services at various construction site/section in the jurisdiction of Chief Project Manager, Gati shakti Unit, Ajmer division of North Western Railway अनुमानित लागत Rs. 7,75,85,509.20 Bid Security Rs. 15,51,800.00 ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय - 14/12/2026 को 15:00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समय - 14/12/2026 को 15:30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता -www.ireps.gov.in 1675-CQ/26
इसे /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन
मैं, वत्सला रास्वेचा, सुपुत्री श्री दिनेशचंद्र रास्वेचा, 20 वर्ष, 83, द रॉयल एवेन्यू, सीताबाड़ी, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) मेरा सही और पूर्ण नाम वत्सला रास्वेचा है। कुछ दस्तावेजों/रिकॉर्ड्स में मेरा नाम गलती से केवल "वत्सला" लिखा गया है। वत्सला तथा वत्सला रास्वेचा दोनों नाम मेरे स्वयं के हैं। भविष्य मुझे वत्सला रास्वेचा के नाम से जाना जावे।

कटिहार मंडल में इलेक्ट्रिकल टीआरडी कार्य
ई-निविदा सूचना संख्या: EL-TRD-2x25-OHE-01; दिनांक: 24-11-2026. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। कार्य का नाम: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के मालदा टाउन (छोड़कर) - कुमेदपुर - मुकुरिया (सहित) (मालदा टाउन-कुमेदपुर-मुकुरिया) खंड (84 आरकेएम /168 टीकेएम) में मौजूदा 1x25 केवी एसी कर्षण प्रणाली के उन्नयन और मिशन 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य के संबंध में ओएचई संशोधन तथा फीडर, एरियल अर्थ कंडक्टर (एईसी) और बरीड अर्थ कंडक्टर (बीईसी) के प्रावधान का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य। विज्ञापित मूल्य: ₹83,81,09,851.26/-; अग्रिम राशि: ₹1,67,62,200/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 18-12-2026 को 15:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।
पीसीईई, मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भूविज्ञान विभाग, टोंक
खनिज भवन सिविल लाईन टोंक
email: ame.tonk@rajasthan.gov.in
क्रमांकः- सखअ/टोंक / निविदा/2026-27/ दिनांक :-
नीलामी सूचना प्रकाशन 03/2026-27
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला टोंक के विभिन्न स्थानों पर निम्नानुसार जब्तशुदा खनिज बजरी के अवैध स्टॉक की नीलामी हेतु सीलबंद लिफाफे में दरे आमंत्रित की जाती है-

क्रम सं.	बजरी स्टॉक स्थल	खनिज	खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में)	बयाना /अमानता राशि	न्यूनतम बोली राशि (रु.)
1	जिला टोंक की तहसील उनियारा के पुलिस थाना बनेठा के परिसर में खनिज विभाग द्वारा जब्त बजरी चिन्हित ढेरियों के रूप में पड़ी है।	बजरी	650	42,250	4,22,500
2	जिला व तहसील टोंक के ग्राम चूली से जब्त बजरी ग्राम पालडा के बजरी बिकी केन्द्र पर चिन्हित ढेरियों के रूप में पड़ी है।	बजरी	2885	1,87,525	18,75,250
3	जिला व तहसील टोंक के विभिन्न स्थानों से जब्त बजरी ग्राम मण्डावर के खसरा नं. 36 व 37 किस्म चारागाह भूमि पर चिन्हित ढेरियों के रूप में ग्राम विकास अधिकारी की सुपुर्दगी में पड़ी है।	बजरी	1975	1,28,375	12,83,750
4	जिला टोंक की तहसील निवाई के ग्राम बहड़ में चारागाह भूमि खसरा नं. 674/1 पर 700 टन व खसरा नं. 670/1 पर 300 टन कुल 1000 टन ग्राम विकास अधिकारी एवं हल्का पटवारी की सुपुर्दगी में चिन्हित ढेरियों के रूप में पड़ी है।	बजरी	1000	65,000	6,50,000
5	जिला व तहसील टोंक के ग्राम भाँची के खसरा संख्या 166/01 से जब्त 300 टन बजरी तथा खातेदारी खसरा नं. 338 से जब्त 150 टन बजरी कुल बजरी 450 टन ग्राम चिरोंज में बालाजी के मन्दिर के पीछे स्कूल खेल मेदान में ग्राम विकास अधिकारी की सुपुर्दगी में चिन्हित ढेरियों के रूप में पड़ी है।	बजरी	450	29,250	2,92,500
6	जिला व तहसील टोंक के ग्राम भाँची के खसरा संख्या 338 किस्म बारानी-1 खातेदारी से जब्त 750 टन बजरी हल्का पटवारी देवली भाँची की सुपुर्दगी में चिन्हित ढेरियों के रूप में पड़ी है।	बजरी	750	48,750	4,87,500
7	जिला टोंक की तहसील देवली के ग्राम राजमहल में खसरा नं. 675 सिवायचक भूमि पर ग्राम विकास अधिकारी की सुपुर्दगी में चिन्हित ढेरियो के रूप में पड़ी है।	बजरी	300	19,500	1,95,000

उक्त बजरी के नीलामी के संबंध में किसी को भी आपत्ति अथवा ऐतराज हो तो इस संबंध में अपना अभ्यावेदन अविलम्ब कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, टोंक में प्रस्तुत करें। दिनांक 04 दिसम्बर, 2026 के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र राशि रु. 1,000/- का डी.डी./बैंकर्स चैक "सहायक खनि अभियन्ता, टोंक" के नाम से जमा कराकर किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 22 दिसम्बर, 2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, टॉक से प्राप्त किये जा सकते हैं।
उक्त जब्तशुदा खनिज बजरी हेतु सीलबंद लिफाफे में दरें बिड फॉर्म के साथ दिनांक 23 दिसम्बर, 2026 दोपहर 01:00 बजे तक जमा की जायेंगी। प्राप्त सीलबंद लिफाफे कमेटी द्वारा 23 दिसम्बर, 2026 को सायं 03:00 बजे उपस्थित नीलामी दरदाताओं के समक्ष खोली जायेगी, नीलामी की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में नोटिस बोर्ड पर कभी भी देखी जा सकती है एवं नीलामी की जानकारी विभागीय वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेगी। एनआईबी संख्या
DIPR/C/18605/2026
सहायक खनि अभियन्ता, टोंक

न्यूज गैलरी

बीजेपी की प्रकाश कंवर बनीं केकड़ी की प्रधान

केकड़ी, समाचार जगत ब्यूरो . केकड़ी पंचायत समिति चुनाव में बीजेपी की प्रकाश कंवर प्रधान पद पर निर्वाचित हुई है। शुक्रवार को हुए प्रधान पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश कवर ने 8 मत प्राप्त किए,जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शांति देवी कुमावत को 7 मत मिले। इस प्रकार प्रकाश कंवर ने एक मत के अंतर से जीत हासिल की।प्रधान पद के निर्वाचन में कुल 15 मत डाले गए। इनमें से सभी 15 मत वैध पाए। परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रकाश कंवर के प्रधान निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर की निर्वाचन अधिकारी व उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार ने प्रकाश कंवर को पंचायत समिति केकड़ी के प्रधान पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित कर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस जीत के साथ ही पंचायत समिति केकड़ी के प्रधान पद पर भाजपा ने अपना कब्जा जमा लिया।



शनिवार को भी खुलेंगे प्रदेश के सभी उप पंजीयक कार्यालय

कोटपूतली-बहरोड़, समाचार जगत ब्यूरो . विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंजीयन व मुद्रांक विभाग के समस्त उप पंजीयक कार्यालय शनिवार को सामान्य कार्य दिवसों की भांति खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन व मुद्रांक विभाग, राजस्थान अजमेर के कार्यालय आदेश के अनुसार शनिवार को सभी उप पंजीयक कार्यालयों में दस्तावेजों का पंजीयन सहित अन्य समस्त राजकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से आमजन को दस्तावेजों के पंजीयन व विभागीय कार्यों के लिए अतिरिक्त कार्य दिवस की सुविधा उपलब्ध होगी।

भव्य शोभायात्रा के साथ दीक्षार्थी भैयाओं का हुआ स्वागत

भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो . दिगम्बर मुनि श्री आदित्य सागर जी, श्री अप्रमीत सागर जी एवं श्री सहज सागर जी के लघु भीलवाड़ा प्रवास के दौरान संघ के दीक्षार्थी बा-ब्र. अतिशय, विशाल एवं रोहित भैयाओं के स्वागत-सम्मान, गोद भराई एवं बिंदोरियों का आयोजन गुरुवार एवं शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रावकों ने अपने घरों पर दीक्षार्थियों को आमंत्रित कर तोरण द्वार, रंगोली एवं आकर्षक सजावट के माध्यम से उनका आत्मीय स्वागत किया। ढोल-धमाकों के साथ गोद भराई की रस्में संपन्न हुईं।
गुरुवार शाम को श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, आर.के. कॉलोनी के संयोजन में दीक्षार्थी भैयाओं को सुसज्जित बग्घियों में विराजमान कराते हुए नाचते-गाते भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्रीनाथ सर्किल से प्रारंभ होकर आर.के. कॉलोनी स्थित जैन मंदिर पर संपन्न हुई। मार्ग में 40 से अधिक स्थानों पर श्रावकों ने अपने घरों के बाहर दीक्षार्थियों की गोद भराई कर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया। मंदिर परिसर में मंदिर ट्रस्ट, आदिनाथ नवयुवक मंडल, वीर सेवा संघ, आदिनाथ महिला मंडल, महासमिति एवं सखी ग्रुप की ओर से गोद भराई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुक्रवार को प्रातः दीक्षार्थी भैयाओं की आहारचर्या संत कुमार, विपुल एवं अतुल पाटनी के निवास पर संपन्न हुई। इस अवसर पर गोद भराई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके पश्चात सनत कुमार अजमेरा, सुंदर-चिराग कोठारी, संघपति विकास सेठी, नरेश गोधा एवं पवन कोठारी सहित अनेक श्रावकों के निवास पर दीक्षार्थियों का आत्मीय स्वागत, सम्मान एवं गोद भराई की गई। शुक्रवार शाम को महेंद्र एवं विपिन सेठी के निवास के बाहर दक्षिण भारतीय थीम पर आधारित एक घंटे से अधिक का भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें पारंपरिक दक्षिण भारतीय वेशभूषा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच दीक्षार्थियों की गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। इससे पूर्व दीक्षार्थी भैयाओं के लिए अपराह्न में दक्षिण भारतीय व्यंजनों पर आधारित विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह, भक्ति एवं उल्लास का वातावरण रहा। दीक्षार्थियों के प्रति श्रावक समाज ने आत्मीयता एवं श्रद्धाभाव के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

अमृत योजना 2.0 से संवरेगा मानपुरा भाखरी तालाब, महापौर ने किया निरीक्षण



पाली, समाचार जगत ब्यूरो . अमृत योजना 2.0 के तहत मानपुरा भाखरी तालाब के सौंदर्याकरण एवं पुनर्जीवन कार्यों को गति मिलेगी। नगर निगम महापौर नमिता विकास बुबकिया ने शुक्रवार को तालाब का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। योजना के तहत तालाब के बीच आकर्षक आइलैंड बनाया जाएगा। किनारों की सुरक्षा के लिए पत्थर पिचिंग, एक किमी लंबा वॉकिंग ट्रैक और हरित विकास कार्य भी होंगे। इन कार्यों से तालाब का स्वरूप निखरेगा और शहरवासियों को भ्रमण एवं मनोरंजन के लिए सुंदर स्थल मिलेगा। निरीक्षण के दौरान पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व पार्षद त्रिभुवनसिंह, माधुराम गुर्जर, आदित्य जैन, नरेंद्र तिवाड़ी, अशोक गुर्जर और कनिष्ठ अभियंता योगेश प्रजापत मौजूद रहे।

पूर्व संध्या पर आयोजन स्थल पर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

माउंट आबू में शनिवार से सजेगा पक्षियों का रंगीन संसार

देशभर के पक्षी विशेषज्ञों का जुटना शुरू

समाचार जगत ब्यूरो

उदयपुर-माउंट आबू. अरावली की सुरम्य वादियों में बसे राजस्थान के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में कल से पक्षियों और जैव विविधता का अनूठा उत्सव शुरू होगा। पहली बार आयोजित हो रहे दो दिवसीय 'माउंट आबू बर्ड फेस्टिवल-2026' में शामिल होने के लिए देशभर से पक्षी विज्ञानी, बर्ड एक्सपर्ट, वन्यजीव विशेषज्ञ और प्रकृतिप्रेमी पहुंचने लगे हैं। 28 और 29 नवंबर को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में करीब 400 विद्यार्थी भी भाग लेंगे।

ग्रीन पीपल सोसायटी (जीपीएस), उदयपुर के तत्वावधान में राजस्थान वन विभाग, सीआरपीएफ की आंतरिक सुरक्षा अकादमी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के सहयोग से होने वाले इस आयोजन की पूर्व संध्या पर सोसायटी अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त सीसीएफ राहुल भटनागर, उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह तथा प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयोजन व्यवस्था प्रभारी प्रो. इंद्रजीत माथुर ने प्रतिनिधिमंडल को विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई विशेष किट, उनके आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों की सहभागिता को महोत्सव का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। उनके लिए चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, बर्ड वॉक और बर्ड ट्रेल जैसी गतिविधियां होंगी, जिनके माध्यम से वे पक्षियों की पहचान और उनके संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं को समझ सकेंगे।

चार विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे मुख्य आकर्षण: महोत्सव का उद्घाटन 28 नवंबर को सुबह 11:30 बजे सीआरपीएफ की आंतरिक सुरक्षा अकादमी में होगा। उद्घाटन समारोह में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वीरेंद्र सिंह जाटावत, राजस्थान के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक आईएफएस शशि शंकर पाठक सहित प्रशासनिक एवं सैन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

दोपहर 2:45 से शाम 5 बजे तक आयोजित तकनीकी सत्र में पक्षी विज्ञानी डॉ. रजत भार्गव राजस्थान में संकटग्रस्त ग्रीन अवदावत के संरक्षण, डॉ. सुतिर्था दत्ता ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, संगीतकार एवं वन्यजीव संरक्षणकर्ता अभिषेक रे 'बाघ : द इनसाइड स्टोरी' तथा वन्यजीव जीवविज्ञानी विजयादित्य सिंह राठौड़ थार मरुस्थल में कृषि परिवर्तन और जैव विविधता पर व्याख्यान देंगे।



250 से अधिक पक्षी प्रजातियों की विरासत पर होगा मंथन

माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य में 250 से अधिक पक्षी प्रजातियां दर्ज हैं। ग्रीन मुनिया, इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर, क्रेस्टेड सर्पेंट ईगल और इंडियन पिट्टा जैसी प्रजातियां यहां की समृद्ध पक्षी विविधता को दर्शाती हैं। महोत्सव में अरावली क्षेत्र के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, पक्षियों की घटती संख्या, जैव विविधता और प्रकृति आधारित पर्यटन की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। क्षेत्र के प्रकृतिविद् एवं पक्षी प्रेमी स्वर्गीय अनिल माथुर की स्मृति को समर्पित इस महोत्सव का उद्देश्य माउंट आबू की प्राकृतिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और नई पीढ़ी को संरक्षण के अभियान से जोड़ना है। आयोजकों की योजना इसे वार्षिक आयोजन के रूप में विकसित करने की है, ताकि पक्षी गणना, विद्यालयों में बर्ड क्लब और नागरिक विज्ञान जैसी गतिविधियों को भी निरंतर बढ़ावा मिल सके।

दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकेश मेहता का भीलवाड़ा दौरा

भीलवाड़ा शाखा को आज मॉडल शाखा घोषित किया

भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो. आज भीलवाड़ा शहर में दिगंबर जैन युवा महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें बैठक के मुख्य अतिथि दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकेश मेहता ने सभी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए दिशा निर्देश दिए एवं भीलवाड़ा शाखा को पूरे देश की इस 2026 27 वर्ष की मॉडल शाखा घोषित किया गया ।

यहां पर विशेष मॉडल के तहत रचनात्मक काम किए जाएंगे साथ ही पीड़ित मानवता की सेवा साधु संतों के विहार मै सहभागिता जातिगत जनगणना जागृति अभियान के कार्यक्रम एवं अन्य पौधोंरोपण पर मैराथन बैठक करके निर्णय लिए गए। मेहता के भीलवाड़ा पहुंचने पर स्थानीय शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील शाह जिलाध्यक्ष अतुल पाटनी महामंत्री विभोर गोधा और सभी साथियों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी श्री अतुल जी पाटनी – अध्यक्ष,महामंत्री विभोर गोधा– ,सुशील शाह,श्री निलेश ,श्री अक्षय टोंग्या,अभिषेक सोनी,श्री पमनेश पाटनी,श्री अभिषेक अजमेरा,पंकज बड़जात्या आदि उपस्थित रहे दिगम्बर जैन युवा महासभा के भीलवाड़ा मॉडल को घोषित करने से भारत वर्ष में एक अलग पहचान मिलेगी सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विकेश मेहता का आभार माना। उल्लेखनीय है कि दिगंबर जैन युवा महासभा की पूरे देश में 600 जिलों में जैन संतो के सानिध्य कार्यकारिणी बन रही है जिसमें अभी तक 80 से ऊपर जिलों में कार्यकारिणियों का गठन हो चुका है और लगातार राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं।



गढ़ गणेश की पूजा के साथ सभापति ने किया महोत्सव का शुभारंभ

तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव 2026 का हुआ रंगारंग आगाज

बूंदी, समाचार जगत ब्यूरो. ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी छोटी काशी बूंदी में शुक्रवार से तीन दिवसीय सतरंगी बूंदी महोत्सव 2026श् का भव्य आगाज हुआ। नगर परिषद सभापति भरत शर्मा, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा व वंशवर्धन सिंह ने गढ़ पैलेस में समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार सुबह गढ़ पैलेस पर श्री गणेश पूजा और झंडारोहण के साथ हुआ। इसके तुरंत बाद, भरत शर्मा ने गढ़ पैलेस में ही कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का उद्घाटन किया।

आज के आयोजनों का मुख्य आकर्षण नवल सागर से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा रही। शाही लवाजमे के साथ निकली इस यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे विभिन्न समुदायों के लोगों, लोक कलाकारों, और सजे हुए ऊंट-घोड़ों ने बूंदी की सड़कों पर हाड़ौती की समृद्ध लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। शोभायात्रा के दौरान शहर के बाजारों में बोहरा समाज, कौमी एकता, होटल व्यवसायी, जैन समाज, सिख समाज, रोटरी क्लब सहित अन्य समाजों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यह भव्य शोभायात्रा पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर सम्पन्न हुई।



पारंपरिक खेलों का रोमांच

इसके बाद, पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह से पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का रोमांच शुरू हुआ। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित रस्सा-कस्सी, ऊंट दौड़, घुड़ दौड़, मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांधना और पणिहारी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में स्थानीय निवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया और अपना दमखम दिखाया।

पुलक सागर महाराज को लेकर जैन समाज में उत्साह

टोंक, समाचार जगत ब्यूरो . प्रखर वक्ता, प्रवचन सम्राट एवं राष्ट्रसंत परम पूज्य आचार्य श्री 108 पुलक सागर जी महाराज का टोंक की ओर मंगल विहार जारी है। महाराज श्री के आगमन की सूचना से सकल दिगंबर जैन समाज सहित समस्त श्रद्धालुओं में हर्ष, उल्लास एवं भक्ति का वातावरण बना हुआ है। महाराज श्री के मंगल आगमन को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महाराज श्री के मंगल विहार के दौरान टोंक से बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर उनके दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ विहार में सहभागी बनकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इस दौरान अनेक श्रावक-श्राविकाएं महाराज श्री के साथ पैदल विहार कर रहे हैं तथा उनके टोंक आगमन को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान और कमल सर्राफ ने बताया कि राष्ट्रसंत पुलक सागर जी महाराज का टोंक में संभावित भव्य मंगल प्रवेश आगामी 2 या 3 दिसंबर को होने की प्रबल संभावना है। मंगल प्रवेश को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए जैन समाज के विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।महाराज श्री के विहार में अम्मू छामुनिया, पवन कंटान, धर्म आंद्रा, रिंकू बोरदा, राजू नमक, राजेश शिवाड़, मुकेश बरवास, ओम ककोड़, नीटू छामुनिया, चंचल छामुनिया, अंशु बनेठा, मनीष फागी, रम्मू जैन, विनोद अरनिया सहित अनेक श्रद्धालु निरंतर साथ चलकर धर्मलाभ ले रहे हैं। समाज के अध्यक्ष भागचंद फूलेता कार्यकारी अध्यक्षधर्मचंद दाखिया ने बताया कि राष्ट्रसंत पुलक सागर जी महाराज के टोंक आगमन को लेकर श्री दिगंबर जैन नसिया में जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।



आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ का गाजे-बाजे के साथ मंगल पदार्पण हुआ

'कषायों का परिणाम मनुष्यों के सर्वनाश का कारण है'

निवाई, समाचार जगत ब्यूरो. सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ का निवाई में गाजे बाजे के साथ मंगल पदार्पण हुआ जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा आस्था के साथ निवाई नगर में मंगल प्रवेश करवाया गया। मंगल प्रवेश को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया एवं बेंड बाजों से नाचते गाते हुए निवाई नगर पहुंचे। जैन समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य महाराज शुक्रवार को सुबह रजवास से रवाना होकर निवाई पहाड़ी चुंगी नाका पहुंचे वहां से जुलूस बनाकर वैयरहाऊस पहुंचे जहां धर्म प्रभावना महिला मण्डल ने आचार्य संघ का पाद प्रक्षालन करके अगुवानी की। इसके बाद जुलूस गाजे बाजे से रवाना होकर बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल, भगवान महावीर मार्ग होते हुए अग्रवाल जैन मंदिर पहुंचे जहां मंदिर कमेटी ने स्वागत सत्कार किया। इस दौरान आचार्य श्री जी की मंगल देशना का शुभारंभ किया गया। प्रवक्ता विमल पाटनी ने बताया कि मंगल प्रवेश कार्यक्रम से पूर्व भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य सुरेश कुमार नितिन कुमार छाबड़ा को मिला। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा देशना मण्डप पर जैनाचार्यों की मंगल अष्ट द्रव्यों से पूजन कार्यक्रम किया गया। श्रावक श्रेष्ठी नीरज माधोराजपुरा ने जिनवाणी भेंट की। इस अवसर पर आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव का उत्थान और पतन का कारण मात्र पूर्व जन्म में किए गए अच्छे बुरे कर्मों का ही फल मात्र नहीं है किन्तु इसके साथ में जुड़ी हुई है उनके अन्तस्थल में विद्यमान , सद्भावना, एवं दुर्भावना रुप प्रवृत्तियां, सद्भावनाएं उसका उत्थान करने में निमित्त बनती है एवं दुर्भावनाएं उसका पतन कर देती है। धर्म, कर्म नैतिकता आदि से भी भ्रष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि कषायो का परिणाम अन्ततः दुखद ही होता है। यह मनुष्यों के सर्वनाश का कारण है। आचार्य श्री ने कहा कि दुर्भावनाओ के वशीभूत होकर हमें किसी भी कार्य हेतु आगे कदम नहीं बढ़ाना चाहिए।



एकता, सेवा और आस्था का दिखेगा संगम, जुटेंगे कोटा संभाग के 15 हजार अग्रबंधु

अग्रवाल समाज का भव्य अन्नकूट महोत्सव आज

कोटा, समाचार जगत ब्यूरो. धार्मिक आस्था, पारंपरिक विरासत और सामाजिक समरसता के अद्भुत संगम के रूप में शनिवार को कोटा का दशहरा मैदान अग्रबंधुओं की एकजुटता का साक्षी बनेगा। समस्त अग्रवाल समाज, कोटा और कोटा संभाग की विभिन्न अग्रवाल संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य अन्नकूट महोत्सव सायं 5 बजे से विजयश्री रंगमंच परिसर में शुरू होगा। इस विशाल आयोजन में कोटा के साथ-साथ बारां, बूंदी और झालावाड़ जिलों से लगभग 15,000 अग्रबंधुओं और समाजबंधुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। महोत्सव के दौरान समाज के भामाशाहों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा, साथ ही नेत्रदान और देहदान को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणा की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गोविंद नारायण अग्रवाल और स्वागत अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव की व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजन के मुख्य सूत्रधार हेमराज जिंदल ने कहा कि यह महोत्सव कोटा संभाग के अग्रवाल समाज को एक मंच पर लाने, आपसी एकता व समन्वय को मजबूत करने और संगठनात्मक शक्ति को नई दिशा देने का माध्यम बनेगा। इस दौरान विशेष भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी परमानन्द गोयल व संजय गोयल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक भाईचारे व संगठनात्मक एकजुटता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अग्रवाल समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक और परंपरागत विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। महोत्सव के पोस्टर का शुक्रवार को विमोचन किया गया।

गण मान्य अतिथियों की रहेगी गरिमामयी मौजूदगी : मुख्य समन्वयक महेश गुप्ता और चंद्रप्रकाश सिंघल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, उपमहापौर विवेक राजवंशी, भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री जगदीश जिंदल और पार्षद लोकेश गुप्ता सहित अन्य गणमान्यजन शामिल होंगे।

घर घर पीले चावल देकर किया आमंत्रित: संयोजक रमेश चंद्र गोयल ने बताया कि समाज के हर परिवार तक निमंत्रण पहुंचाने के लिए विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घर-घर कूपन वितरित करने के साथ पीले चावल देकर समाजबंधुओं को सपरिवार आमंत्रित किया जा रहा है।

11 समितियां संभालेंगी कमान, भोजन व्यवस्था में दिखेगी महिला शक्ति: युवा संयोजक सुमित जैन और लोकेश गुप्ता ने बताया कि आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए 11 समितियों का गठन किया गया है, जिनमें भोजन व्यवस्था व मंच संचालन सहित अन्य दायित्व कार्यकर्ताओं को सौंपे गए हैं। महोत्सव में भोजन वितरण की पूरी व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जाएगी, जो महिला सहभागिता और सामाजिक समन्वय की प्रभावी मिसाल बनेगी।

गिरिराज धरण की झांकी, 56 भोग और भजन संध्या : महिला संयोजिका क्षमा गुप्ता, उमा सिंघल, गायत्री मित्तल, स्वाति गर्ग और हेमलता गुप्ता ने बताया कि समारोह में भगवान श्री गिरिराज धरण की आकर्षक व भव्य झांकी सजाई जाएगी और भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। भजन संध्या के जरिए पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल निर्मित किया जाएगा।

कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन

पोस्टर विमोचन के अवसर पर डॉ. आरके राजवंशी, जगदीश अग्रवाल, राजेश मित्तल, जयंत अग्रवाल (टोनू), सह समन्वयक महेन्द्र गर्ग, युवा समन्वयक शंकर अग्रवाल, शैल अग्रवाल, संगठन महामंत्री हितेश मित्तल, युवा सह समन्वयक सुरेन्द्र गोयल, युवा समन्वयक विजय गोयल, युवा सह समन्वयक आशीष गोयल, आशीष गुप्ता, अमित रामुका, चैतन्य गोयल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, यश गोयल, नीलेश गोयल, कैलाश जैन, रोहित जैन, आशीष जैन, ब्रहमानंद गर्ग, धीरज गोयल, मयंक अग्रवाल, टीकम खंडवाला, वर्षा गुप्ता, नैना गर्ग, प्रतिमा गुप्ता, आरती गुप्ता और निरुपमा अग्रवाल सहित विभिन्न अग्रवाल संस्थाओं के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

महावीर प्रसाद मानसिंगका का भीलवाड़ा में हुआ भव्य स्वागत



भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो . कहते हैं कि अगर मन में अगाध श्रद्धा, जनसेवा का भाव और दृढ संकल्प हो, तो उम्र महज एक आंकड़ा बनकर रह जाती है। इस बात को चरितार्थ कर रहे हैं 99 वर्षीय महावीर प्रसाद मानसिंगका। धर्म, सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से अपना अमूल्य योगदान देने वाले सिंगका 99 वर्ष की इस आयु में 51 शक्तिपीठों और 12 ज्योतिर्लिंगों की एक वर्षीय पावन धार्मिक यात्रा पर निकले हैं। इसी यात्रा के दौरान जब वे भीलवाड़ा पहुंचे, तो मानसिंगका परिवार की बगीची, बड़ला चौराहा पर भव्य सवामणी और भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जहां उनका गर्मजोशी के साथ ऐतिहासिक स्वागत हुआ। भीलवाड़ा के बड़ला चौराहा स्थित मानसिंगका परिवार की बगीची में शुक्रवार को एक अलग ही धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल नजर आया। अवसर था 99 वर्षीय समाजसेवी और धर्मनिष्ठा के प्रतीक महावीर प्रसाद मानसिंगका के आगमन का। अग्रवाल समाज के सदस्यों, परिवारजनों, रिश्तेदारों और बड़ी संख्या में उमड़े शुभचिंतकों ने उनका माला पहनाकर और बहुमान कर गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह ने उनके दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय यात्रा की कामना की। भोजन प्रसादी में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने सिंगका के दीर्घकालीन सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक योगदान को याद किया। महावीर प्रसाद मानसिंगका का पूरा जीवन जनसेवा और शिक्षा के प्रसार को समर्पित रहा है। भीलवाड़ा में सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय और सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसे संस्थानों के विकास में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

न्यूज गैलरी

बाल विवाह के खिलाफ छात्राओं ने ली शपथ,समाज को जागरूक करने का लिया संकल्प



सांभर लेक., समाचार जगत ब्यूरो. राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' के दो वर्ष पूर्ण होने व संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित बाल विवाह उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम व शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने तथा इसके खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर.एस. साहू ने की। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. मदन सिंह, डॉ. रामकिशोर, डॉ. राजेश व डॉ. सरोज ने बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों तथा बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी (एएओ) आनंदी लाल कुमावत व रजत परसोया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं चित्रा वर्मा, शोभा वर्मा, रिया, सबा, सिम्पल प्रजापत, कानी देवी, निशिका, ऋतु सुण्डा, प्रियंका, जिया कुमावत व पूजा मीना सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने सामूहिक रूप से बाल विवाह नहीं करने, न होने देने तथा इसके विरुद्ध आवाज उठाने की शपथ ली।

क्रॉस वोटिंग से भाजपा को मिला एक अतिरिक्त वोट दशरथ सिंह बने सांभर पंचायत समिति के प्रधान



सांभर लेक, समाचार जगत ब्यूरो. सांभर पंचायत समिति प्रधान पद का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दशरथ सिंह ने जीत दर्ज करते हुए प्रधान पद पर कब्जा जमाया। मतदान में भाजपा को कुल 10 और कांग्रेस को 4 वोट मिले। भाजपा को अपने निर्धारित 9 सदस्यों के बहुमत से एक अतिरिक्त वोट मिला। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के तीनों पंचायत समिति सदस्यों ने मतदान से दूरी बनाए रखी। गौरतलब है कि सांभर पंचायत समिति के कुल 17 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा ने 9 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया था। वहीं कांग्रेस को 5 और रालोपा को 3 सीटें मिली थीं। प्रधान पद के चुनाव में भाजपा की ओर से दशरथ सिंह तथा कांग्रेस की ओर से शांति देवी ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के बाद घोषित परिणाम में भाजपा प्रत्याशी दशरथ सिंह को 10 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शांति देवी को 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार दशरथ सिंह ने 6 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा को एक अतिरिक्त वोट मिलने से क्रॉस वोटिंग की स्थिति सामने आई। जीत के साथ ही दशरथ सिंह सांभर पंचायत समिति के नए प्रधान निर्वाचित हुए।

खुडाला में 3 दिसंबर को मनाएंगे वीर शिरोमणि राव उदाजी राठौड़ की जयंती



जोधपुर, समाचार जगत ब्यूरो. वीर शिरोमणि राव उदाजी राठौड़ की 564वीं जयंती एवं प्रतिमा सम्मान समारोह 3 दिसंबर को खुडाला गांव में आयोजित होगा। समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नारायण सिंह खुडाला ने बताया कि कार्यक्रम गुरुवार सुबह 10:15 बजे से शुरू होगा। इसमें संत-महात्माओं का सान्निध्य रहेगा। समारोह में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। समारोह में वीर शिरोमणि राव उदाजी राठौड़ के जीवन एवं योगदान को याद किया जाएगा।

अत्री ग्रुप के नए कार्यालय का उद्घाटन कल

जोधपुर, समाचार जगत ब्यूरो. राजेंद्र सिंह भाटी एंड कंपनी (कॉस्ट अकाउंटेंट्स) एवं अत्री ग्रुप (रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस) के नए कार्यालय का उद्घाटन समारोह 29 नवंबर को आयोजित होगा। समारोह में शामिल होने के लिए अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि उद्घाटन समारोह रविवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम का आयोजन 10-ए, 202, दूसरी मंजिल, आनंदा, मांजी का हाथा, पावटा, जोधपुर में होगा।

खाटूश्यामजी को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में जुटी नगरपालिका



खाटूश्यामजी, समाचार जगत ब्यूरो. नगरपालिका अध्यक्ष विनीता पूनिया ने कहा कि खाटूश्यामजी की जनता ने जिन मुद्दों को लेकर उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी, उन्हें पूरा करने के लिए नगरपालिका की पूरी टीम जुटी हुई है। शहर को स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध और विकसित बनाना प्राथमिकता है। पूनिया ने कहा कि अभी कई विकास कार्य किए जाने बाकी हैं। नगरपालिका खाटूवासियों से किए गए हर वादे को पूरा करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और जनहित के कार्यों को गति देने के लिए पूरी टीम मिलकर काम कर रही है।

दिवंगत कर्मचारियों के दो आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति



जोधपुर, समाचार जगत ब्यूरो. दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के तहत जोधपुर नगर निगम महापौर प्रसन्न मेहता ने दो और पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे दो परिवारों को आर्थिक संबल मिला है। महापौर मेहता ने बताया कि दीपावली से पूर्व पांच आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। अब दो और परिवारों को रोजगार का आधार मिला है। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास है कि सभी पात्र आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सुरक्षा और आजीविका का सहारा दिया जाए।

राशमी पंचायत समिति की प्रधान बनीं नारायणी भील, विधायक जीनगर ने दी बधाई



राशमी, समाचार जगत ब्यूरो. राशमी पंचायत समिति से भाजपा समर्थित नारायणी भील के प्रधान निर्वाचित होने पर कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक जीनगर ने कहा कि नारायणी भील के नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र में विकास, जनसेवा एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रधान के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को भी बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

सेखाला पंचायत समिति की प्रधान बनीं संतोष कंवर, विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने दी बधाई



शेरगढ़, समाचार जगत ब्यूरो. भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेखाला पंचायत समिति की प्रधान निर्वाचित होने पर संतोष कंवर गोगादेव को शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक राठौड़ ने कहा कि संतोष कंवर के कुशल नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र में विकास, जनकल्याण एवं सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित प्रधान क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरी उतरेंगी। उन्होंने उनके कार्यकाल को जनसेवा, समर्पण एवं विकास कार्यों की दृष्टि से स्वर्णिम होने की कामना करते हुए पुनः बधाई दी।

रायपुर पंचायत समिति में सियासी भूचाल!

कांग्रेस का बहुमत धरा रह गया, भाजपा की केसर देवी जाट बनीं प्रधान

- कांग्रेस छोड़ भाजपा में आईं केसर देवी जाट ने 10 वोट हासिल किए
- कांग्रेस के संदीप त्रिवेदी को मिले महज 4 वोट

समाचार जगत ब्यूरो



गंगापुर-भीलवाड़ा. रायपुर पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव ने क्षेत्र की राजनीति में बड़ा सियासी उलटफेर कर दिया। चुनाव परिणाम ने सभी राजनीतिक समीकरणों को बदलकर रख दिया। कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद पार्टी अपना प्रधान नहीं बना पाई और कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं केसर देवी जाट ने 10 वोट हासिल कर प्रधान पद पर जीत दर्ज की। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संदीप त्रिवेदी को महज 4 वोट मिले, जबकि एक वोट नोटा में चला गया।

यह परिणाम कांग्रेस के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। बहुमत के आंकड़े होने के बावजूद प्रधान पद पर जीत हासिल नहीं कर पाना पार्टी के अंदर उम्मीदवार चयन और आपसी तालमेल को लेकर उठ रहे सवालों को सामने लाता है।

प्रधान पद के चुनाव में कुल 15 सदस्यों ने मतदान किया। मतगणना में केसर देवी जाट को 10 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी संदीप त्रिवेदी के खाते में केवल 4 वोट आए। एक वोट नोटा में दर्ज हुआ। इस प्रकार केसर देवी जाट ने स्पष्ट मतों के अंतर से प्रधान पद पर कब्जा जमाया।

कांग्रेस में उम्मीदवार चयन को लेकर उठे सवाल : रायपुर पंचायत समिति के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। चुनाव से पहले कांग्रेस के पास बहुमत का आंकड़ा था, लेकिन प्रधान पद के उम्मीदवार के चयन को लेकर पार्टी के भीतर असंतोष और खींचतान की स्थिति सामने आई। केसर देवी जाट के भाजपा में शामिल होने के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। अब चुनाव परिणाम ने पार्टी के अंदरूनी मतभेदों को और उजागर कर दिया है।

भाजपा की रणनीति रही चर्चा में : प्रधान पद के इस चुनाव में सहाड़ा विधायक लादू लाल पितलिया, भाजपा नेता कैलाश महता, पार्षद सुरेश तिवारी, अरविंद चौधरी और सुदीप पिछोलिया की रणनीति को अहम माना जा रहा है। भाजपा ने केसर देवी जाट को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मुकाबले को नया मोड़ दिया और अंततः 10 वोट हासिल कर प्रधान पद अपने नाम कर लिया।

गौरतलब है कि चुनाव से पहले पूर्व पीसीसी सदस्य प्रकाश चंद्र जाट केमूनिया की पत्नी केसर देवी जाट ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद भाजपा ने उन्हें प्रधान पद का प्रत्याशी घोषित किया था।

रायपुर की राजनीति में नए समीकरण : रायपुर पंचायत समिति का यह परिणाम केवल प्रधान पद का चुनाव नहीं, बल्कि स्थानीय राजनीति में बदलते समीकरणों का भी संकेत है। कांग्रेस के बहुमत के बावजूद भाजपा का प्रधान बनना आने वाले समय में सहाड़ा और रायपुर क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म देगा। अब सबकी निगाहें उपप्रधान पद के चुनाव और पंचायत समिति के आगामी राजनीतिक घटनाक्रम पर टिकी हैं।

पीपलू पंचायत में उलटफेर, भाजपा की रतनी देवी एक वोट से प्रधान



टोंक, समाचार जगत ब्यूरो. पीपलू पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। चुनाव परिणाम सामने आते ही भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चर्चा का माहौल गर्म हो गया। वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला प्रमुख कौशल्या रामबिलास चौधरी को अपने ही खेमे में हुई कथित क्रॉस वोटिंग के चलते हार का सामना करना पड़ा, जबकि भाजपा की रतनी देवी ने महज एक वोट के अंतर से प्रधान पद पर जीत दर्ज की। पंचायत समिति के चुनावी समीकरणों के अनुसार कांग्रेस के पास 9 सदस्य, भाजपा के पास 7 सदस्य तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के पास 1 सदस्य था। इसके बावजूद भाजपा की रतनी देवी को 9 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस की कौशल्या रामबिलास चौधरी को 8 मत मिले। इस तरह रतनी देवी एक वोट से जीत हासिल कर पीपलू पंचायत समिति की प्रधान बन गईं। चुनाव परिणाम ने कांग्रेस के राजनीतिक समीकरणों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस के पास संख्या बल अधिक होने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। आखिर किसने क्रॉस वोटिंग की और मतदान के दौरान पूरा घटनाक्रम कैसे बदला, यह राजनीतिक चर्चा और जांच का विषय बना हुआ है। इस घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं, पीपलू पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में हुए इस उलटफेर को लेकर विधायक रामसहाय के राजनीतिक प्रभाव की भी चर्चा हो रही है।

पंचायत चुनावों में हार के बाद भी सत्ता का दुरुपयोग कर रही भाजपा : जूली



अलवर, समाचार जगत ब्यूरो. नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पंचायत चुनावों में भाजपा की हार के बावजूद सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तीन दशक में पहली बार भाजपा को इतनी करारी हार मिली है, लेकिन वह आत्मचिंतन करने के बजाय सत्ता के बल पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने में जुटी है। भाजपा की स्थिति 'रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया' जैसी है। जूली ने मालपुरा में प्रधान चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता गोपाल गुर्जर और कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की। उन्होंने कहा कि चुनाव पुलिस की लाठियों से नहीं, जनता के जनादेश से जीते जाते हैं। वहीं, बूंदी की खटकड़ पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य को चाकसू से जबरन उठाने के मामले को सत्ता के दुरुपयोग की पराकाष्ठा बताया। जूली ने कहा कि पुलिस और प्रशासन किसी राजनीतिक दल के हित में काम न करें। सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष के निर्वाचित सदस्यों पर दबाव बनाने के लिए करना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती और लोकतंत्र को दबाने की कोशिशों का जवाब जनता समय आने पर देगी।

कांग्रेस के दो सदस्यों ने चुना NOTA का विकल्प

सहाड़ा में भी कांग्रेस को झटका, भाजपा की रतन कंवर ने प्रधान पद पर किया कब्जा



गंगापुर-भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो. पंचायत राज चुनाव में सहाड़ा पंचायत समिति के प्रधान पद को लेकर बड़ा उलटफेर देखने को मिला। रायपुर पंचायत समिति के बाद अब सहाड़ा में भी कांग्रेस को करारा झटका लगा है। प्रधान पद के चुनाव में भाजपा की रतन कंवर ने 10 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस की उम्मीदवार पायल जाट को 7 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के दो सदस्यों ने अपनी ही पार्टी की उम्मीदवार को वोट देने के बजाय NOTA (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प चुनकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। इस परिणाम ने कांग्रेस संगठन के भीतर चल रही खींचतान और प्रधान पद के उम्मीदवार के चयन को लेकर असंतोष को खुलकर सामने ला दिया है। चुनाव परिणाम से साफ हो गया कि कांग्रेस अपने सदस्यों को एकजुट रखने में नाकाम रही। दो कांग्रेस सदस्यों द्वारा NOTA का इस्तेमाल करना पार्टी के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है।

प्रधान पद के चुनाव को लेकर सुबह से ही पंचायत समिति परिसर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज थीं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने पक्ष में समीकरण बैठाने में जुटी थीं। चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं कांग्रेस खेमे में मायूसी छा गई।

निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के बाद परिणाम की आधिकारिक घोषणा की। परिणाम सामने आते ही सहाड़ा की राजनीति में नए समीकरणों और कांग्रेस की अंदरूनी रणनीति को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज टांक, गंगापुर थाना प्रभारी पुरण मीणा सहित पुलिस का बड़ा जाप्ता मौके पर तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई।

सहाड़ा के इस चुनाव परिणाम ने भाजपा को बड़ी राजनीतिक बढ़त दिलाई है, वहीं कांग्रेस के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गया है। रायपुर के बाद सहाड़ा में मिली हार ने कांग्रेस संगठन की एकजुटता और उम्मीदवार चयन की रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एनआईसीयू में नाजुक हालत में जिंदगी से जूझ रही नवजात

सायरन की गूंज के बीच जीवन की एक नन्ही 'चिनगारी'



भीलवाड़ा, समाचार जगत ब्यूरो. जिंदगी की शुरुआत ही जब संघर्ष से हो, तो हर सांस एक इम्तिहान बन जाती है। कुछ ऐसी ही नाजुक डोर से बंधी एक नन्ही जान भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर स्थित पालना गृह में मिली है। पालना गृह का सायरन बजते ही अस्पताल के भीतर मानवीय संवेदनाओं की एक नई लहर दौड़ पड़ी। बिना वक्त गंवाए अस्पताल प्रशासन ने नन्ही बच्ची को संभाला और उसे तत्काल नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी हर सांस को सहेजने में जुटी है।

मात्र 1 किलो 100 ग्राम वजनी नन्ही जान : एनआईसीयू में चिकित्सक डॉ. इन्द्रासिंह और नर्सिंग प्रभारी सुनील पोरवाल के नेतृत्व में चिकित्सा टीम दिन-रात बच्ची की निगरानी कर रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नवजात का वजन महज 1 किलो 100 ग्राम है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बेहद कम वजन और नाजुक सेहत के बीच चिकित्सक हर संभव प्रयास कर रहे हैं ताकि यह नन्ही जिंदगी सुरक्षित राह पर लौट सके।

समिति की संवेदनशीलता, मिला 'चिनगारी' नाम : नवजात के मिलने की सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति न्यायपीठ भीलवाड़ा ने स्वतः संज्ञान लिया। समिति सदस्य विनोद राव तुरंत महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे और एनआईसीयू में बच्ची की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्ची के उपचार में कोई कसर न रहे और उसे सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं व देखभाल दी जाए। बच्ची की विशेष देखभाल के लिए विनोद राव ने चिकित्सा अधीक्षक को यशोदा कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। वहीं, लावारिस मिली इस नन्ही बच्ची को समाज और व्यवस्था की ओर से एक नई पहचान देते हुए बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा और सदस्य विनोद राव ने उसका काल्पनिक नाम 'चिनगारी' रखा-एक ऐसी चिनगारी, जो उम्मीद और जिजीविषा की लौ जलाए रखे।

सुरक्षा के लिए पुलिस को लिखा पत्र : नन्ही 'चिनगारी' की हिफाजत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत एनआईसीयू व संबंधित व्यवस्था में महिला गार्ड तैनात करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। बाल कल्याण समिति ने भरोसा दिलाया है कि बच्ची के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भविष्य के पुनर्वास को लेकर नियमों के तहत हर जरूरी कदम उठाया।

गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए 31 करोड़ हस्ताक्षर का आह्वान



भांडारेज, समाचार जगत ब्यूरो. गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर देशभर में 31 करोड़ हस्ताक्षर करवाने का अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत रामतलाई बालाजी मंदिर परिसर में तृतीय गौ सम्मान आह्वान की बैठक हुई। जिला स्तरीय अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गौ संरक्षण, संवर्धन और सम्मान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का अभिन्न अंग हैं। उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित गौसेवकों ने गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान के लिए एकजुट होकर कार्य करने और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री राम गौ सेवा दल भांडारेज की ओर से नगरपालिका उपाध्यक्ष अंकित टेलर, वेद शर्मा, धीरज व्यास, तुषार शर्मा, विकास शर्मा, महेंद्र सैनी, रोहित शर्मा, राजेंद्र गुर्जर, तनिश जांगिड़ और दक्ष शर्मा सहित अन्य गौसेवक उपस्थित रहे।

वार्ड 45 में 31 लाख से बनेगी सीसी सड़क, विधायक ने किया शिलान्यास



अजमेर, समाचार जगत ब्यूरो. वार्ड 45 के चाणक्य चौक में 31 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने नारायण सिंह के मकान से रवि गुप्ता के मकान के सामने रेलवे लाइन तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। विधायक भदेल ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और वार्ड के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, समय पर काम पूरा करने के निर्देश



रामगंजमंडी, समाचार जगत ब्यूरो. शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में आज नगर पालिका सभागार में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र काला ने भी भाग लिया। बैठक में झीलारा सिंचाई परियोजना, पाटली-1 बांध और पाटली-2 बांध योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को तीनों परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने से रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के कृषि परिदृश्य में बड़ा बदलाव आएगा। क्षेत्र की प्रत्येक इंच भूमि तक सिंचाई का पानी पहुंचाना प्राथमिकता है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र काला ने कहा कि सिंचित खेत, समृद्ध किसान और खुशहाल रामगंजमंडी ही हमारा संकल्प है।

मुकदमा दर्ज

विधायक सहित 7 नामजद व अन्य को बनाया आरोपी

प्रधान चुनाव के दौरान सीआई व चांदना में नोकझोंक

करवर थानाधिकारी सहदेव मीणा की रिपोर्ट पर राजकार्य में बाधा और अभद्रता का मामला

समाचार जगत ब्यूरो

नैनवां. पंचायत समिति प्रधान पद के चुनाव के दौरान पुलिस और हिंडोली विधायक व पूर्व मंत्री अशोक चांदना के बीच हुई नोकझोंक के मामले में नैनवां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। करवर थानाधिकारी सहदेव सिंह मीणा की रिपोर्ट पर पुलिस ने विधायक अशोक चांदना सहित सात नामजद लोगों और अन्य के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एफआईआर जांच के लिए सीआईडी-सीबी मुख्यालय जयपुर भेजी है।

बैरिकेडिंग हटाकर अंदर जाने का प्रयास करने का आरोप : थानाधिकारी सहदेव मीणा ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि पंचायत समिति सदस्य को लेकर मतदान केंद्र पहुंचे विधायक अशोक चांदना को पुलिस ने बैरिकेडिंग के पास ही वाहन रोकने के लिए कहा था। आरोप है कि इस दौरान बैरिकेडिंग हटाकर अंदर जाने का प्रयास किया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा रोकने पर विधायक ने करवर थानाधिकारी सहदेव सिंह मीणा के साथ अभद्रता की तथा राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने इस मामले में विधायक अशोक चांदना व हंसराज गुर्जर, सद्दाम हुसैन, तुलसीराम, आशुतोष नागर, शाहिद खान और बलराम उर्फ बाबा गुर्जर सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विधायक ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल : घटना को लेकर विधायक अशोक चांदना ने कहा कि पंचायत समिति प्रधान चुनाव के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए उन्होंने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया था। उन्हें पहले से ही चुनाव में षड्यंत्र की आशंका थी। इसी के चलते मतदान केंद्र से पहले ही पुलिस द्वारा उनकी गाड़ी रोकने का प्रयास किए जाने पर उन्होंने विरोध जताया। चांदना ने कहा कि खटकड़ में भी पुलिसकर्मियों द्वारा एक सदस्य का अपहरण किए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। मुकदमा दर्ज होने के सवाल पर विधायक ने कहा कि राजनीति में इस तरह के मुकदमे दर्ज होते रहते हैं।

न्यूज गैलरी

महादेव सट्टा मामला : दिल्ली में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली/रायपुर (वार्ता). छत्तीसगढ़ से जुड़े महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए दिल्ली के लग्जरी कैटरर तथा रियल एस्टेट कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी की है।ईडी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में सौरभ चंद्राकर से पूछताछ के दौरान मिली जानकारियों के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई की है। जांच एजेंसी को संदेह है कि ऑनलाइन सट्टे से अर्जित करोड़ों रुपये इन कारोबारियों तक पहुंचाए गए और इस रकम का निवेश दुबई के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स तथा भारत के हॉस्पिटैलिटी कारोबार में किया गया है।ईडी की टीमों ने दिल्ली के पॉश जोरबाग इलाके में रियल एस्टेट कारोबारी के दो मकानों (नंबर 149 और 152) तथा खान मार्केट स्थित उनके व्यावसायिक कार्यालय की तलाशी ली। इसके अलावा कैटरर के कुछ ठिकानों पर भी छापेमारी की। जांच एजेंसी इन ठिकानों से मिले वित्तीय रिकॉर्ड, कंपनियों के दस्तावेज और संपत्तियों से संबंधित कागजात की जांच कर रही है।जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि इन कारोबारियों के माध्यम से सट्टे की रकम विभिन्न व्यवसायों में तो निवेश नहीं की गयी।सूत्रों के मुताबिक, जांच अब सट्टे के नेटवर्क से आगे बढ़कर उससे जुड़े कारोबारी रिश्तों और संपत्तियों तक पहुंच गई है। जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि महादेव ऑनलाइन सट्टे से अर्जित रकम किन व्यक्तियों और कंपनियों के माध्यम से आगे भेजी गई तथा उसका इस्तेमाल कहां किया गया।

वांगचुक ने शांति बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से किया इनकार

श्रीनगर (वार्ता). जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में लेह में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हुए। उन्होंने अनौपचारिक रूप से स्पष्ट किया कि शांति बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का बॉन्ड, यहां तक कि अंतरिम शांति बॉन्ड भी हस्ताक्षर करने का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ भी कहा या किया नहीं है जिससे शांति भंग होने की आशंका हो।लेह प्रशासन ने वांगचुक को कल तलब किया था और उनसे पूछा था कि आगामी लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) चुनावों के मद्देनजर शांति बनाए रखने के लिए उन्हें बांड भरने के लिए बाध्य क्यों न किया जाए।वांगचुक ने बताया कि उन्हें चुनाव अवधि के दौरान शांति बनाए रखने के लिए बांड भरने के संबंध में अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए तलब किया गया था। इसके बाद वह कल लेह के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डेलेक्स नामग्याल के समक्ष पेश हुए।गत 25 नवंबर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 126 और 130 के तहत जारी नोटिस में 23 नवंबर को लेह के एनडीएस मेमोरियल पार्क में एक सभा के दौरान वांगचुक की ओर से कथित तौर पर दिए गए बयानों का उल्लेख किया गया था।

विद्युत मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू

विद्युत क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर राज्यीय सहयोग जरूरी : नागर

समाचार जगत ब्यूरो



नई दिल्ली. विद्युत मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू हुआ। 27-28 नवंबर, 2026 को आयोजित इस सम्मेलन में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विद्युत नियामक भाग ले रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं। सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व ऊर्जा मंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर ने किया।यह सम्मेलन भारत के विद्युत क्षेत्र की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं और उनके कार्यान्वयन से जुड़ी चुनौतियों पर केंद्र और राज्यों के बीच विचार-विमर्श का मंच है। इसमें ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, विद्युत अवसंरचना और क्षेत्रीय सुधारों में तेजी लाने पर विशेष रूप से चर्चा की जा रही है।

सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि सभी राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों की इस बैठक में राज्यों में पावर जनरेशन से लेकर ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियाँ के लिए जो टारगेट दिए गए हैं, उनके ऊपर प्रेजेंटेशन होनी है कि किस तरह से इस क्षेत्र की मजबूती के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैठक के दौरान राज्यों द्वारा विद्युत क्षेत्र की मजबूती और भविष्य में जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों पर विस्तार से चर्चा होनी है। चुकीं विद्युत उत्पादन और वितरण में सभी राज्यों का सहयोग जरूरी है इसलिए इस बैठक का काफी महत्व है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ एमओयू करके सोलर सिस्टम लगाना चाहती हैं इसलिए इस बैठक के दौरान उससे जुड़े हुए मसलों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा होनी है। उन्होंने कहा कि देश में जो आवश्यकता है उसे ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में बिजली की कितनी कमी होगी और बिजली की उपलब्धता कितनी होगी, उस पर राज्य अपनी कार्ययोजना बनाएँगे, ताकि आवश्यकता की पूर्ति के लिए उनके पास संसाधन उपलब्ध हों। नागर ने कहा कि हमने वर्ष 2025-26 में 931 करोड़ का लाभ अर्जित किया है।

विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मिलकर काम करने की आवश्यकता

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण और राष्ट्रीय ग्रिड को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारी विकास यात्रा के अगले चरण में विद्युत क्षेत्र की योजना बनाने के लिए अधिक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें विद्युत उत्पादन, ऊर्जा भंडारण, पारेषण और वितरण को एक ही प्रणाली के परस्पर जुड़े घटकों के रूप में ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने राज्यों से स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। मनोहर लाल ने कहा कि राज्यों के सहयोग और विद्युत मंत्रालय की विभिन्न पहलों के परिणामस्वरूप बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) लंबे समय के बाद लाभ की स्थिति में पहुंची हैं। बैठक के दूसरे दिन 28 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रमुख सत्रों में नियामक मंच और राज्य विद्युत नियामक आयोगों (एसईआरसी) के साथ संयुक्त सत्र शामिल होगा। इस सत्र में राज्य के विद्युत मंत्री, एसईआरसी के अध्यक्ष, राज्यों के विद्युत/ऊर्जा सचिव और मंत्रालय के अधिकारी विद्युत क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

आयुर्वेद कॉलेजों को प्रभावी चिकित्सा के साथ सेवा करनी चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली (वार्ता). राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आयुर्वेद कॉलेजों को प्रामाणिक और प्रभावी आयुर्वेद के जरिए समाज की सेवा करनी चाहिए।

उन्हें ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जिससे मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में सक्षम विशेषज्ञ तैयार हो सकें।राष्ट्रपति ने शुक्रवार को केरलम के त्रिशूर में वैद्यरत्नम आयुर्वेद कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में केरलम का योगदान केवल इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य ने आयुर्वेद की पारंपरिक शिक्षा और चिकित्सा ज्ञान की समृद्ध परंपरा को भी सहेजा है। वैद्य परिवारों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिले चिकित्सा ज्ञान और प्रामाणिक आयुर्वेदिक औषधियां तैयार करने की परंपरा आज भी जारी है।मुर्मु ने कहा कि आयुर्वेद का प्रामाणिक साहित्य केवल संस्कृत तक सीमित नहीं रहा है। केरलम में मलयालम और मणिप्रवालम भाषाओं में भी इस विषय पर मौलिक रचनाएं और टीका लिखी गई हैं।

आज इंडिया गठबंधन करेगा बड़ा मंथन

परिसीमन बिल पर कांग्रेस का 'सियासी दांव-पेंच'! सोनिया के घर बनी रणनीति

समाचार जगत ब्यूरो

नई दिल्ली. संसद के आगामी विशेष सत्र से पहले देश की सियासत में परिसीमन विधेयक को लेकर हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की अहम बैठक शुक्रवार को सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर हुई। बैठक में परिसीमन विधेयक के विरोध, महिला आरक्षण और विपक्षी इंडिया गठबंधन की एकजुटता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। पार्टी की चिंता केवल परिसीमन विधेयक तक सीमित नहीं है, बल्कि विपक्षी गठबंधन के भीतर एकजुटता बनाए रखना भी कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। सूत्रों के मुताबिक, आगामी संसद सत्र में सरकार की रणनीति का मुकाबला करने और विपक्षी सांसदों को एक साझा रुख पर लाने को लेकर चर्चा हुई। राजद और एनसीपी जैसे सहयोगी दलों के बदलते रुख के बीच कांग्रेस अपने गठबंधन को मजबूत बनाए रखने की कोशिश में जुटी है। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अन्य विपक्षी दलों के साथ संयुक्त बैठक होगी। इसमें परिसीमन विधेयक, महिला आरक्षण और संसद सत्र की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।गोगोई ने कहा कि कांग्रेस की मांग स्पष्ट है। लोकसभा में मौजूदा सीटों की संख्या बरकरार रखी जाए और इसी संख्या के आधार पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। साथ ही अगले 25 वर्षों तक लोकसभा में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधित्व का अनुपात भी पहले जैसा बनाए रखा जाए। गौरव गोगोई ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के मुद्दे की आड़ में सरकार परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विपक्ष की चिंताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। गोगोई का आरोप था कि पहले मतदाता सूची के जरिए मतदान के अधिकार को प्रभावित करने की कोशिश हुई और अब परिसीमन के जरिए राज्यों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर असर डालने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े इन मुद्दों पर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

डीएमके और एनसीपी समेत सहयोगियों पर टिकी निगाहें

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक में किन-किन दलों की भागीदारी होगी, इसे लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। डीएमके और एनसीपी- यरद की मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर गोगोई ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों को बैठक की सूचना भेजी गई है। सभी दलों से संसद सत्र की रणनीति, भाजपा की नीतियों और विपक्ष की आगे की कार्ययोजना पर विचार साझा करने का आग्रह किया गया है।

झगड़े से परेशान युवक ने की मां और बहन की हत्या, खुद भी फंदे से लटका

भट्टा बस्ती थाना इलाके की घटना

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. शहर के भट्टा बस्ती थाना इलाके में मां-बहन के झगड़े से परेशान युवक ने दोनों की हत्या कर दी। उसके बाद फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। घटना गुरुवार दोपहर (26 नवंबर) की है।

तीनों की मौत की जानकारी शुक्रवार (27 नवंबर) सुबह करीब 8 बजे मिली। शव घर के एक ही कमरे में मिले हैं। इस कमरे की दीवार पर एक कागज चिपका मिला। जिसमें लिखा था कि मेरा सुसाइड नोट मोबाइल फोन में है। इसमें बेटे ने खुद को मानसिक बीमार भी बताया है। जांच के बाद पुलिस पर शवों की बेइज्जती का भी आरोप लगा है। आरोप है कि तीनों बॉडी को पुलिस बिना एंबुलेंस के एक पिकअप में डालकर हॉस्पिटल ले गई। सुसाइड नोट में लिखा- हमारे परिवार में इस तरह की मानसिक बीमारी है। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया कि शवों की पहचान सरोज देवी (50), उनकी बेटी शिवांगी (25) और बेटे लक्की (27) के रुप में हुई है।

पुलिस के अनुसार लक्की मां और बहन के झगड़े से परेशान था। गुरुवार को भी बहन मां के साथ झगड़ रही थी और मां के साथ मारपीट कर रही थी। इसी कारण उसने हत्या कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को लक्की के मोबाइल में मिले सुसाइड नोट में मानसिक बीमार होने की जानकारी मिली है। इसमें लिखा है कि हमारे परिवार के अंदर इस तरह की बीमारी है।

कुछ सालों पहले हमने जांच करवाई थी, उसमें यह लक्षण पाए गए थे। जानकारी के अनुसार युवक के पिता ने भी 26 साल पहले सुसाइड किया था।

पिता का फोन नहीं उठाया, तो पड़ोसियों को कॉल किया : बजरंग सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह सरोज देवी के पिता दीप तिवारी ने पड़ोसियों को कॉल किया था। उन्होंने कहा था कि- परिवार में से कोई फोन नहीं उठा रहा है, एक बार जाकर चेक कर लें। पड़ोसी घर पहुंचे तो कमरे में तीनों के शव मिले।

बेटी की मुहिम लाई रंग: 2.51 करोड़ जुटाकर सऊदी अरब से पिता को छुड़ाया

उत्तरकाशी (वार्ता). उत्तराखंड के उत्तकाशी में गाजणा क्षेत्र के गोरसाड़ा गांव निवासी इंद्रमणि नौटियाल आखिरकार सऊदी अरब से वतन लौट आए हैं। शुक्रवार सुबह उनके दिल्ली पहुंचने के साथ ही परिवार का लंबा इंतजार खत्म हो गया। पिता की रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए बेटी दीपिका नौटियाल की ओर से शुरू की गई मुहिम रंग लाई। दीपिका की अपील पर देश-विदेश के लोगों ने करीब 2.51 करोड़ रुपये जुटाए, जिससे सऊदी अरब की अदालत द्वारा निर्धारित मुआवजे की रकम जमा कराई जा सकी। इंद्रमणि नौटियाल वर्ष 2018 में रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए थे। वह रियाद की एक निजी कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। वर्ष 2019 में उनके ट्रक की एक कार से टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में कार सवार पांच सऊदी नागरिकों की मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ था। मामले में सऊदी अरब की अदालत ने इंद्रमणि को करीब एक वर्ष की कैद की सजा सुनाई थी। जेल की सजा पूरी होने के बावजूद मुआवजे की रकम जमा नहीं होने के कारण उनकी रिहाई और भारत वापसी की प्रक्रिया अटकी हुई थी।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का हुआ समापन

50 लाख से ज्यादा का कारोबार

राजस्थान पवेलियन का लाखों लोगों ने किया भ्रमण

नई दिल्ली, समाचार जगत ब्यूरो. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुक्रवार को सम्पन्न हुए चौदह दिवसीय 45 वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान पवेलियन जन आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा और लाखों लोगों ने पवेलियन का अवलोकन किया।राजस्थान पवेलियन के निदेशक हर्ष शर्मा ने बताया कि राजस्थान हस्तशिल्प के प्रति आकर्षण के चलते पवेलियन में करीब 50 लाख का कारोबार हुआ। इसमें सबसे अधिक बिक्री जयपुरी रजाईयां, राजस्थानी हेंडीक्राफ्ट और राजस्थानी परिधानों के साथ-साथ राजस्थानी खानपान की हुई।



उल्लेखनीय है कि व्यापार मेले के इस मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'विकसित राजस्थान' के विजन को मुख्य रूप से प्रस्तुत किया गया। राजस्थान पवेलियन में प्रदेश के 41 जिलों के ओडीओपी उत्पादों एवं 24 जीआई टैग उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। वहीं, 44 स्टॉलों के माध्यम से शिल्पकारों, उद्यमियों, उत्पाद निर्माताओं एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर प्रदान किया गया था।मेले की थीम 'विकास और विरासत' के अनुरूप पवेलियन में राजस्थान की पारंपरिक कला, संस्कृति एवं शिल्प को आधुनिक तकनीक, उद्योग, निवेश और विकास की संभावनाओं के साथ प्रस्तुत किया गया। मेले के दौरान आकर्षक 'पीकॉक गेट' एवं 'नमस्ते गेट', एआई आधारित डिजिटल झरोखा, कठपुतली कियोस्क, सेल्फी झरोखा और 3डी प्रिंटिंग जैसी तकनीकी प्रस्तुतियां आगंतुकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही।14 दिन तक चले व्यापार मेले में विभिन्न देशों के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी राजस्थान पवेलियन का भ्रमण कर राजस्थानी कला संस्कृति और हैंडीक्राफ्ट से ओतप्रोत पवेलियन की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा राजस्थानी आर्टिजंस के साथ रूबरू होकर अपने अनुभव बांटे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **त्रिशला गोधा** द्वारा समाचार जगत, 11 जवाहर लाल नेहरू मार्ग, विद्याश्रम स्कूल के सामने, संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। **संपादक :** शैलेन्द्र गोधा* । **फोन :** 3509888 (संपादकीय) : **फैक्स :** 0141-2708088
e-mail: samacharjagat@gmail.com, sjnews@samacharjagat.com
* पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी